मसौदा

राष्ट्रीय शैक्षिक अनुसंधान और प्रशिक्षण परिषद् की

वार्षिक रिपोर्ट

1990-91

राष्ट्रीय शैक्षिक अनुसंधान और प्रशिक्षण परिषद्
NATIONAL COUNCIL OF EDUCATIONAL RESEARCH AND TRAINING

आभार

राष्ट्रीय शैक्षिक अनुसंधान और प्रशिक्षण परिषद् (एन.सी.ई.आर.टी.) अपने अध्यक्ष, केन्द्रीय मानव संसाधन विकास मंत्री तथा राज्य शिक्षा एवं संस्कृति मंत्री के प्रति उनके मार्गदर्शन हेतु आभारी है। परिषद् के कार्यों में गहन रुचि और सहायता प्रदान करने हेतु परिषद् अपने शासी निकाय तथा कार्यकारी समिति के अन्य विशिष्ट सदस्यों के प्रति कृतज्ञ है। परिषद् उन विशेषज्ञों को धन्यवाद देती है जिन्होंने अपना बहुमूल्य समय देकर इसकी विभिन्न समितियों में कार्य किया तथा अनेक प्रकार से सहायता प्रदान की। राज्य शिक्षा विभागों तथा राज्य शैक्षिक अनुसंधान और प्रशिक्षण परिषदों/संस्थाओं, राज्य शिक्षा संस्थानों, माध्यमिक शिक्षा बोर्डों, उच्चतर माध्यमिक/इंटरमीडिएट/विश्वविद्यालय पूर्व शिक्षा बोर्डों सहित वे सभी संगठन और संस्थाएँ भी धन्यवाद की पात्र हैं, जिन्होंने एन.सी.ई.आर.टी. को सहयोग देकर उसकी गतिविधियों को कार्यान्वित करने में पूरी सहायता प्रदान की। यूनेस्को, यूनिसेफ, यू.एन.डी.पी., यू.एन.एफ.पी.ए., जी.टी. जैड. तथा ब्रिटिश काउंसिल द्वारा प्रायोजित कार्यक्रमों के कार्यान्वयन में उन्होंने परिषद् को जो सहयोग दिया उसके प्रति परिषद् अपनी कृतज्ञता व्यक्त करना चाहती है। परिषद् अपने स्टाफ के सभी सदस्यों के प्रति भी अपना आभार प्रकट करना चाहती है जिनके सहयोग और निष्ठा के बिना कार्यक्रमों का सफलतापूर्वक कार्यान्वयन असंभव था। परिषद् उन हजारों अध्यापकों, विद्यालयों, अभिभावकों और अनेक व्यक्तियों के प्रति भी साधुवाद एवं कृतज्ञता व्यक्त करना चाहती है, जिन्होंने परिषद् के 1990-91 के प्रकाशनों और कार्यक्रमों के बारे में अपने विचार देते हुए परिषद् के विभिन्न घटकों को अनेक पत्र भेजे जो बेहतर कार्य निष्पादन के लिए निरंतर प्रेरणा स्रोत बने रहे।

गांधी जी का जन्तर

तुम्हें एक जन्तर देता हूं। जब भी तुम्हें सन्देह हो या तुम्हारा अहम् तुम पर हावी होने लगे, तो यह कसौटी आजमाओ :

जो सबसे गरीब और कमजोर आदमी तुमने देखा हो, उसकी शकल याद करो और अपने दिल से पूछो कि जो कदम उठाने का तुम विचार कर रहे हो, वह उस आदमी के लिए कितना उपयोगी होगा। क्या उससे उसे कुछ लाभ पहुंचेगा? क्या उससे वह अपने ही जीवन और भाग्य पर कुछ काबू रख सकेगा? यानि क्या उससे उन करोड़ों लोगों को स्वराज्य मिल सकेगा जिनके पेट भूखे हैं और आत्मा अतृप्त है?

तब तुम देखोगे कि तुम्हारा सन्देह मिट रहा है और अहम् समाप्त होता जा रहा है।

विषय सूची

1990-91

एक

एन.सी.ई.आर.टी. भूमिका और संरचना

1 सितंबर, 1961 को स्थापित राष्ट्रीय शैक्षिक अनुसंधान और प्रशिक्षण परिषद् (एन.सी.ई.आर.टी.) संस्था पंजीकरण अधिनियम 21 (1860) के अंतर्गत एक पंजीकृत स्वायत्त संगठन है।

भूमिका और कार्य

एन.सी.ई.आर.टी., मानव संसाधन विकास मंत्रालय, भारत सरकार के अकादमिक सलाहकार के रूप में कार्य करती है। इसका मुख्य उद्देश्य शिक्षा, विशेषकर विद्यालयी शिक्षा के क्षेत्र में नीतियों और मुख्य कार्यक्रमों को कार्यान्वित करने में मानव संसाधन विकास मंत्रालय को सहायता और परामर्श देना है। विद्यालयी शिक्षा तथा अध्यापक शिक्षा की नीतियों और कार्यक्रमों के प्रतिपादन तथा कार्यान्वयन के लिए मंत्रालय अधिकतर इसकी विशेषज्ञता का उपयोग करता है। परिषद् का वित्तीय भार, भारत सरकार वहन करती है।

एन.सी.ई.आर.टी. का प्रमुख कार्य विद्यालयी शिक्षा और अध्यापक शिक्षा में गुणात्मक सुधार लाना है। विद्यालयी शिक्षा की गुणवत्ता में सुधार हेतु परिषद् निम्नलिखित कार्य करती है:

- विद्यालयी शिक्षा तथा अध्यापक शिक्षा की सभी शाखाओं में अनुसंधान संबंधी कार्य करना, उनमें सहायता पहुँचाना, उन्हें प्रोत्साहित और समन्वित करना।
- मुख्यतः उच्च स्तर पर अध्यापकों के सेवा-पूर्व और सेवाकालीन प्रशिक्षण आयोजित करना।
- शैक्षिक पुनर्निर्माण में संलग्न संस्थानों, संगठनों और अभिकरणों के लिए विस्तार सेवाएँ आयोजित करना।
- परिष्कृत शैक्षिक तकनीकों, पद्धतियों एवं नवाचारों के विकास एवं प्रयोग संबंधी कार्य करना।
- शैक्षिक जानकारी एकत्रित, समाकलित, संसाधित तथा प्रसारित करना।
- विद्यालयी शिक्षा में गुणात्मक सुधार हेतु राज्यों/संघीय क्षेत्र सरकारों तथा राज्य/संघीय क्षेत्र स्तर के संस्थानों, संगठनों एवं अभिकरणों को कार्यक्रम तैयार एवं कार्यान्वित करने में सहायता देना।
- यूनेस्को, यूनिसेफ, यू.एन.डी.पी., यू.एन.एफ.पी.ए जैसे अंतर्राष्ट्रीय संगठनों एवं अन्य देशों की राष्ट्रीय स्तर की शैक्षिक संस्थाओं के साथ सहयोग स्थापित करना।
- अन्य देशों के शैक्षिक कार्मिकों को प्रशिक्षण एवं अध्यापन की सुविधाएँ प्रदान करना।

- शैक्षिक नवाचारों के विकास हेतु एशिया तथा प्रशान्त कार्यक्रम, यूनेस्को, बैंकाक के लिए राष्ट्रीय अध्यापक शिक्षा परिषद्, राष्ट्रीय विकास समूह के अकादमिक सचिवालय के रूप में कार्य करना।

कार्यक्रम और कार्यकलाप

उपर्युक्त लक्ष्यों की प्राप्ति हेतु परिषद् निम्नलिखित कार्यक्रमों एवं कार्यकलापों का संचालन करती हैः

अनुसंधान

विद्यालयी शिक्षा में अनुसंधान की शीर्षस्थ राष्ट्रीय संस्था होने के नाते परिषद् अनेक महत्वपूर्ण कार्य करती है जैसे—अनुसंधान संबंधी कार्यकलाप करना और उन्हें बल प्रदान करना, शैक्षिक अनुसंधान के कार्मिकों को प्रशिक्षण देना इत्यादि।

राष्ट्रीय शिक्षा संस्थान (एन.आई.ई.) के विभिन्न विभाग, क्षेत्रीय शिक्षा महाविद्यालय और केन्द्रीय शैक्षिक प्रौद्योगिकी संस्थान (सी.आई.ई.टी.) विद्यालयी शिक्षा और अध्यापक शिक्षा के विभिन्न पहलुओं से संबंधित अनुसंधान के कार्यक्रमों का संचालन करते हैं।

अनुसंधान के अतिरिक्त, एन.सी.ई.आर.टी. व्यक्तियों तथा संगठनों को वित्तीय सहायता एवं अकादमिक पारस्परिक विचार-विमर्श द्वारा अन्य अनुसंधान कार्यक्रमों को बल प्रदान करती है। पी.एच.डी. शोध प्रबंधों के प्रकाशन हेतु एन.सी.ई.आर.टी. द्वारा विद्वानों को सहायता प्रदान की जाती है।

परिषद् कनिष्ठ और वरिष्ठ अनुसंधान अध्येता वृत्तियां भी प्रदान करती है, ताकि शैक्षिक समस्याओं की जाँच-पड़ताल की जा सके और योग्य अनुसंधानकर्ताओं का एक दल तैयार किया जा सके। देश में विद्यालयी शिक्षा के अनेक पहलुओं पर आँकड़े एकत्र कराने के लिए यह समय-समय पर शैक्षिक सर्वेक्षण भी कराती है। यहाँ आंकड़ों के भंडारण, संसाधन एवं उन्हें पुनः प्राप्त करने के लिए एक कंप्यूटर टर्मिनल है। परिषद् अंतरदेशीय अनुसंधान परियोजनाओं में अंतर्राष्ट्रीय अभिकरणों से सहयोग स्थापित करती है।

विकास

विद्यालयी शिक्षा संबंधी विकासात्मक कार्यकलापों का परिषद् के कार्यों में महत्वपूर्ण स्थान है। परिषद् के मुख्य विकास संबंधी कार्य विद्यालयी शिक्षा के विभिन्न स्तरों के लिए पाठ्यचर्या एवं अनुदेशी सामग्री का विकास करना, उन्हें नवीन रूप देना तथा बच्चों एवं समाज की बदलती हुई आवश्यकताओं के अनुरूप बनाना है। परिषद् के नवाचार संबंधी विकासात्मक कार्यकलापों में शिक्षा का व्यावसायीकरण, अध्यापक शिक्षा तथा अनौपचारिक शिक्षा के क्षेत्र में पाठ्यचर्या एवं अनुदेशी सामग्री का विकास भी सम्मिलित है। परिषद् शैक्षिक प्रौद्योगिकी, जनसंख्या शिक्षा एवं विकलांगों एवं अन्य विशेष वर्गों की शिक्षा के क्षेत्र में भी विकासात्मक कार्य करती है।

प्रशिक्षण

विभिन्न स्तरों जैसे पूर्व-प्राथमिक, प्रारंभिक, एवं माध्यमिक और उच्चतर माध्यमिक स्तरों पर तथा व्यावसायिक शिक्षा, मार्गदर्शन और परामर्श तथा विशेष शिक्षा के क्षेत्रों में भी अध्यापकों को सेवा-पूर्व और सेवाकालीन प्रशिक्षण प्रदान करना परिषद के महत्वपूर्ण कार्यकलाप हैं। क्षेत्रीय शिक्षा महाविद्यालयों के सेवा-पूर्व अध्यापक शिक्षा कार्यक्रमों में विषयवस्तु और शिक्षण विधि का एकीकरण, कक्षा में अध्यापक प्रशिक्षणार्थियों का दीर्घकालीन प्रशिक्षण तथा समुदाय कार्यों में छात्रों की प्रतिभागिता जैसी कुछ नवीन विशेषताएँ सम्मिलित की गई हैं। यह राज्यों तथा राज्य स्तरीय संस्थाओं के प्रमुख कार्मिकों और अध्यापक-शिक्षकों तथा सेवारत शिक्षकों के प्रशिक्षण का कार्य भी करती है।

विस्तार कार्य

एन.सी.ई.आर.टी. के व्यापक शैक्षिक विस्तार कार्यक्रमों में एन.आई.ई.

के विभाग, केन्द्रीय शैक्षिक प्रौद्योगिकी संस्थान, क्षेत्रीय शिक्षा महाविद्यालय तथा राज्यों के क्षेत्रीय सलाहकारों के कार्यालयों के अनेक प्रकार के कार्यक्रम हैं। परिषद्, राज्यों के विभिन्न अभिकरणों तथा संस्थाओं के साथ सहयोग कर कार्य करती है तथा विभिन्न कार्मिक वर्गों, जैसे अध्यापकों, निरीक्षकों, प्रशासकों, प्रशासनिकों, पाठ्युपुस्तक लेखकों आदि को सहायता प्रदान करने के लिए विस्तार सेवा विभागों, विद्यालयों और कालेजों के अध्यापक प्रशिक्षण केन्द्रों के साथ व्यापक रूप से कार्य करती है। विस्तार कार्यों के अंतर्गत नियमित रूप से शैक्षिक विषयों पर सम्मेलन, संगोष्ठियाँ, कार्यशालाएँ एवं प्रतियोगिताएँ आयोजित की जाती हैं। ग्रामीण और पिछड़े क्षेत्रों में अनेक कार्यक्रम आयोजित किए जाते हैं ताकि कार्यक्रमों से संबद्ध कार्यकर्ता वहाँ पहुँचें, जहाँ विशिष्ट समस्याएँ विद्यमान हैं तथा जिनके लिए विशेष प्रयासों की आवश्यकता है। परिषद् विकलांग एवं समाज के सुविधाहीन वर्गों की शिक्षा के लिए अलग से कार्यक्रम आयोजित करती है। परिषद् के विस्तार कार्यक्रम में सभी राज्य एवं संघ शासित क्षेत्र सम्मिलित हैं।

प्रकाशन और प्रसार

एन.सी.ई.आर.टी. कक्षा 1 से 12 तक के विभिन्न विद्यालयी विषयों की पाठ्यपुस्तकें प्रकाशित करती है। परिषद् अभ्यास पुस्तिकाएँ, अध्यापक संदर्शिकाएँ, पूरक पाठमालाएँ, अनुसंधान रिपोर्ट आदि भी प्रकाशित करती है। इसके अतिरिक्त, यह अध्यापक-शिक्षक, अध्यापक प्रशिक्षणार्थी एवं सेवारत अध्यापकों के उपयोग हेतु शिक्षण सामग्री भी प्रकाशित करती है। शोध और विकास के पश्चात् तैयार की गई यह शिक्षण सामग्री राज्यों एवं संघ शासित क्षेत्रों के विभिन्न अभिकरणों के लिए आदर्श सामग्री मानी जाती है। यह राज्य स्तरीय अभिकरणों को ग्रहण एवं/या रूपांतरण हेतु उपलब्ध कराई जाती है। ये पाठ्यपुस्तकें अंग्रेजी, हिन्दी और उर्दू में प्रकाशित की जाती हैं।

एन.सी.ई.आर.टी. शैक्षिक जानकारी के प्रसार के लिए छः पत्रिकाएँ प्रकाशित करती है—प्राइमरी टीचर (अंग्रेजी और हिन्दी) जिसका लक्ष्य सीधे कक्षा में उपयोग के लिए प्राथमिक स्कूल अध्यापकों को सार्थक एवं सुसंगत सामग्री प्रदान करना है तो 'स्कूल साइंस' विज्ञान शिक्षा के विभिन्न पहलुओं पर चर्चा के लिए खुला मंच प्रदान करती है। 'जरनल आफ इंडियन एजुकेशन' समसामयिक शैक्षिक विषयों पर चर्चा के माध्यम से शिक्षा में मौलिक और आलोचनात्मक विचार शक्ति को प्रोत्साहित करती है। 'इंडियन एजुकेशनल रिव्यू' में अनुसंधान परक लेख होते हैं और यह शिक्षा में अनुसंधानकर्ताओं को मंच प्रदान करती है। भारतीय आधुनिक शिक्षा हिन्दी में प्रकाशित की जाती है तथा समकालीन विषयों पर शिक्षा में आलोचनात्मक विचार शक्ति को प्रोत्साहित करती है तथा शैक्षिक समस्याओं और अभ्यासों के लिए विचारों को प्रसारित करती है। इसके अतिरिक्त संस्था पत्रिका, एन.सी.ई.आर.टी. न्यूज लैटर हर मास प्रकाशित की जाती है। क्षेत्रीय शिक्षा महाविद्यालय अपनी पत्रिकाएँ अलग से निकालते हैं।

अनुदेशी सामग्री का मूल्यांकन

विद्यालयी पाठ्यपुस्तकों तथा अन्य अनुदेशी सामग्री का विशेष रूप से राष्ट्रीय एकता की दृष्टि से निरंतर मूल्यांकन किया जाता है। इस प्रयोजन के लिए आधार क्रियाविधि, उपकरण एवं तकनीकें विकसित की गई हैं। विद्यालयी पाठ्यपुस्तकों के शैक्षिक और आकार-प्रकार संबंधी पहलुओं के मूल्यांकन के लिए मार्गदर्शिकाएँ और पद्धतियाँ निर्धारित की गई हैं। इनके संबंध में प्रयोक्ता विद्यालयों से प्राप्त विचार, टिप्पणियाँ, पाठ्यपुस्तकों तथा अन्य शिक्षण सामग्री के संशोधन में सहायक सिद्ध होती हैं।

विनिमय कार्यक्रम

विशिष्ट शैक्षिक समस्याओं के अध्ययन तथा विकासशील राष्ट्रों के कार्मिकों के प्रशिक्षण कार्यक्रमों की व्यवस्था करने के लिए एन.सी.ई.आर.टी., यूनेस्को, यूनिसेफ, यू.एन.डी.पी. और यू.एन.एफ.पी.ए. जैसे अंतर्राष्ट्रीय संगठनों के साथ मिलकर कार्य करती है। यह

एशिया और प्रशांत क्षेत्र में यूनेस्को के प्रधान क्षेत्रीय कार्यालय, बैंकाक द्वारा प्रायोजित ए.पी.ई.आई.डी. के अंतर्गत सहयोगी केन्द्रों में से एक है। यह शैक्षिक नवाचार एवं विकास हेतु एशियाई केन्द्र (एसीड) के राष्ट्रीय विकास समूह के सचिवालय के रूप में कार्य करती है। यह विकासशील देशों के शैक्षिक कार्यकर्ताओं के लिए संबद्ध कार्यक्रमों तथा कार्यशालाओं में प्रतिभागिता के माध्यम से प्रशिक्षण सुविधाएँ प्रदान करती है।

एन.सी.ई.आर.टी. स्कूली शिक्षा तथा अध्यापक शिक्षा के क्षेत्र में भारत सरकार तथा अन्य राष्ट्रों के बीच तय किये गये द्विपक्षीय सांस्कृतिक विनिमय कार्यक्रम कार्यान्वित करने के लिए मुख्य अभिकरण के रूप में कार्य करती है। इस संबंध में परिषद् विशिष्ट शैक्षिक समस्याओं का भारतीय अपेक्षाओं के अनुरूप अध्ययन करने के लिए अन्य देशों में अपने शिष्टमंडल भेजती है तथा अन्य देशों के विद्वानों के लिए प्रशिक्षण एवं अध्ययन दौरे की व्यवस्था करती है। परिषद् अन्य देशों से शैक्षिक सामग्री का आदान-प्रदान भी करती है। यह अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलनों, संगोष्ठियों, कार्यशालाओं, बैठकों, परिसंवादों आदि में भाग लेने के लिए अपने संकाय सदस्यों को नामित करती है।

संरचना और प्रशासन

केन्द्रीय मानव संसाधन विकास मंत्री एन.सी.ई.आर.टी. की "महासभा" के अध्यक्ष हैं। सभी राज्यों और संघ शासित क्षेत्रों के शिक्षा मंत्री इस सभा के सदस्य है। इसके अतिरिक्त विश्वविद्यालय अनुदान आयोग के अध्यक्ष, भारत सरकार के मानव संसाधन विकास मंत्रालय के शिक्षा विभाग के सचिव, चार विश्वविद्यालयों के उपकुलपति (प्रत्येक क्षेत्र में से एक), केन्द्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड के अध्यक्ष, केन्द्रीय विद्यालय संगठन के आयुक्त, परिषद् की कार्यकारी समिति के सदस्य (जो ऊपर सम्मिलित नहीं हैं) तथा अन्य 12 व्यक्ति जिनमे कम से कम 4 सदस्य विद्यालय के अध्यापक हों, जो समय-समय पर अध्यक्ष द्वारा नामित किए जाते हैं, इस महासभा के सदस्य है।

कार्यकारिणी समिति एन.सी.ई.आर.टी. का मुख्य शासी निकाय है। केन्द्रीय मानव संसाधन विकास मंत्री इसके अध्यक्ष (पदेन) और मानव संसाधन विकास मंत्रालय में राज्य शिक्षा एवं संस्कृति मंत्री (पदेन) उपाध्यक्ष हैं। इस समिति के अन्य सदस्यों में मानव संसाधन विकास मंत्रालय, शिक्षा विभाग के सचिव, परिषद् के निदेशक, विश्वविद्यालय अनुदान आयोग के अध्यक्ष, विद्यालयी शिक्षा में रुचि रखने वाले चार शिक्षाविद, (इनमें से कम से कम दो विद्यालय के शिक्षक होंगे) परिषद् के संयुक्त निदेशक, परिषद् के तीन सदस्य (इनमें कम से कम दो प्रोफेसर तथा विभागाध्यक्ष स्तर के होने चाहिए), मानव संसाधन विकास मंत्रालय का एक प्रतिनिधि तथा वित्त मंत्रालय का एक प्रतिनिधि भी सम्मिलित है, जो परिषद् का वित्तीय सलाहकार है।

निम्नलिखित स्थायी समितियाँ इस कार्यकारिणी समिति की सहायता करती हैं:

1. वित्त समिति
2. स्थापन समिति
3. भवन एवं निर्माण समिति
4. क्षेत्रीय शिक्षा महाविद्यालय की प्रबंध समिति
5. कार्यक्रम सलाहकार समिति
6. शैक्षिक अनुसंधान तथा नवाचार समिति

परिषद् मुख्यालय में निम्नलिखित अनुभाग हैं:

1. परिषद् सचिवालय
2. लेखा शाखा

परिषद् के चार वरिष्ठ पदाधिकारी—निदेशक, संयुक्त निदेशक, संयुक्त निदेशक (सी.आई.ई.टी) तथा सचिव, भारत सरकार द्वारा नियुक्त किए जाते हैं। रिपोर्ट में उल्लिखित वर्ष के दौरान निम्नलिखित अधिकारियों ने ये पद संभाले:

1990-91

निदेशक	:	डा. के. गोपालन
संयुक्त निदेशक	:	प्रोफेसर ए. के. शर्मा
संयुक्त निदेशक (सी.आई.ई.टी.)	:	डा. एम. एम. चौधरी (14 सितम्बर, 1990 तक) प्रो. ए. के. शर्मा (22 सितम्बर, 1990 से 31 मार्च, 1991 तक)
सचिव	:	श्री एच. के. एल. चुघ (30 अप्रैल, 1990 तक) श्री जी. आर. दास (2 मई से सितम्बर, 1990 तक) डा. के. जे. एस. चतरथ (19 सितम्बर, 1990 से)

शैक्षिक कार्यों में निदेशक के सहायतार्थ तीन संकायाध्यक्ष (डीन) हैं:

संकायाध्यक्ष (अकादमिक)	:	प्रोफेसर बी. गांगुली
संकायाध्यक्ष (अनुसंधान)	:	प्रोफेसर आर. पी. सिंह
संकायाध्यक्ष (समन्वय)	:	प्रोफेसर ए. के. शर्मा

संकायाध्यक्ष (अकादमिक) एन.आई.ई. के विभागों के शैक्षिक कार्य को समन्वित करते हैं। संकायाध्यक्ष (अनुसंधान) अनुसंधान कार्यक्रम समन्वित करते हैं और शैक्षिक अनुसंधान तथा नवाचार समिति (एरिक) के कार्य की देखभाल करते हैं। संकायाध्यक्ष (समन्वय) सेवा/उत्पादन विभागों, क्षेत्र सलाहकार कार्यालयों और क्षेत्रीय शिक्षा महाविद्यालयों के कार्यकलापों को समन्वित करते हैं।

एन.सी.ई.आर.टी. के मुख्य घटक

परिषद् के मुख्य घटक निम्नलिखित हैं:

1. राष्ट्रीय शिक्षा संस्थान (एन.आई.ई.) नई दिल्ली
2. केन्द्रीय शैक्षिक प्रौद्योगिकी संस्थान (सी.आई.ई.टी.) नई दिल्ली
3. क्षेत्रीय शिक्षा महाविद्यालय (क्षे.शि.म.) अजमेर
4. क्षेत्रीय शिक्षा महाविद्यालय (क्षे.शि.म.) भोपाल
5. क्षेत्रीय शिक्षा महाविद्यालय (क्षे.शि.म.) भुवनेश्वर
6. क्षेत्रीय शिक्षा महाविद्यालय (क्षे.शि.म.) (मैसूर)

राष्ट्रीय शिक्षा संस्थान (एन.आई.ई.)

वर्ष 1990-91 के दौरान राष्ट्रीय शिक्षा संस्थान, नई दिल्ली के निम्नलिखित विभाग/एकक थे, जो अपने-अपने क्षेत्रों के अनुसंधान विकास, प्रशिक्षण, विस्तार, मूल्यांकन संबंधी कार्यों में कार्यरत थे:

1. सामाजिक विज्ञान एवं मानविकी शिक्षा विभाग (डी.ई.एस.एस.एच.)
2. विज्ञान और गणित शिक्षा विभाग (डी.ई.एस.एम)
3. विद्यालय-पूर्व और प्रारंभिक शिक्षा विभाग (डी.ई.पी.एस.ई.ई.)
4. अनौपचारिक शिक्षा और अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति शिक्षा विभाग (डी.एन.ई.एफ.ई.एस.सी./एस.टी.)
5. शिक्षा-व्यावसायीकरण विभाग (डी.वी.ई.)
6. अध्यापक शिक्षा, विशेष शिक्षा और विस्तार सेवा विभाग (डी.टी.ई.एस.ई.ई.एस.)

7. मापन, मूल्यांकन, सर्वेक्षण और आधार सामग्री प्रक्रियन विभाग (डी.एम.ई.डी.पी.)
8. शैक्षिक मनोविज्ञान, परामर्श और निर्देशन विभाग (डी.ई.पी.सी.जी.)
9. महिला अध्ययन विभाग (डी.डब्ल्यू.एस.)
10. नीति, अनुसंधान, नियोजन और कार्यक्रम विभाग (डी.पी.आर.पी.पी.)
11. योजना, कार्यक्रम, अनुवीक्षण और मूल्यांकन प्रभाग (डी.पी.एम.ई.डी.)
12. क्षेत्रीय सेवा और विस्तार समन्वयन विभाग (डी.एफ.एस.ई.सी.)
13. पुस्तकालय, प्रलेखन और सूचना विभाग (डी.एल.डी.आई.)
14. प्रकाशन विभाग (पी.डी.)
15. कर्मशाला विभाग (डब्ल्यू.डी.)
16. नवोदय विद्यालय प्रकोष्ठ (एन.वी.सी.)
17. पत्रिका प्रकोष्ठ (जे.सी.)
18. अंतर्राष्ट्रीय संबंध एकक (आई.आर.यू.)

केन्द्रीय शैक्षिक प्रौद्योगिकी संस्थान (सी.आई.ई.टी.)

सी.आई.ई.टी. संयुक्त निदेशक की अध्यक्षता में एन.सी.ई.आर.टी. के एक घटक के रूप में काफी स्वायत्तता के साथ कार्य करता है। कार्यक्रमों और कार्यकलापों के मार्गदर्शन हेतु संस्थान की एक सलाहकार समिति है। सी.आई.ई.टी. के निम्नलिखित प्रमुख प्रभाग हैं:

शैक्षिक दूरदर्शन प्रभाग
दूरस्थ शिक्षा योजना, समन्वयन, अनुसंधान और मूल्यांकन
आलेख और प्रशिक्षण प्रभाग
शैक्षिक रेडियो प्रभाग
आलेखिकी, प्रदर्शनी फोटो और फिल्म प्रभाग
सूचना और प्रलेखन प्रभाग
तकनीकी योजना, प्रचालन और अनुरक्षण प्रभाग
प्रशासन और लेखा प्रभाग

क्षेत्रीय शिक्षा महाविद्यालय (आर.सी.ई.)

क्षेत्रीय शिक्षा महाविद्यालय अजमेर, भोपाल, भुवनेश्वर और मैसूर में स्थित हैं। एन.सी.ई.आर.टी. के नियमों/विनियमों के अंतर्गत हर महाविद्यालय के कार्यों के सामान्य पर्यवेक्षण के लिए एक प्रबंध समिति उत्तरदायी है। महाविद्यालय की प्रबंध समिति उस विश्वविद्यालय के उपकुलपति की अध्यक्षता में कार्य करती है, जिससे वह संबद्ध है। महाविद्यालय के प्राचार्य प्रबंध समिति के उपाध्यक्ष के रूप में कार्य करते हैं। इस समिति की वर्ष में कम से कम दो बार बैठक होती है तथा आवश्यकता पड़ने पर अध्यक्ष द्वारा समिति की विशेष बैठक किसी भी समय बुलाई जा सकती है। अकादमिक कार्यों में संकायाध्यक्ष (शिक्षण) महाविद्यालय के प्राचार्य की सहायता करते हैं।

ये क्षेत्रीय महाविद्यालय आवासीय संस्थाएँ हैं, जिनमें प्रयोगशाला, पुस्तकालय और अन्य सुविधाएँ पर्याप्त रूप से उपलब्ध हैं। हर महाविद्यालय का एक बहुउद्देशीय निर्देशन विद्यालय है जहाँ विकसित अध्यापन विधियों तथा अन्य नवाचार पद्धतियों से सम्बद्ध अध्ययन-अध्यापन तथा मूल्यांकन पद्धतियों को वास्तविक कक्षा स्थिति के आधार पर परखा जाता है।

क्षेत्रीय सलाहकार कार्यालय

राज्य/संघ शासित क्षेत्र के शिक्षाधिकारियों एवं वहाँ विद्यालयी शिक्षा तथा अध्यापक शिक्षा में शैक्षिक और प्रशिक्षण निवेश प्रदान करने वाली संस्थाओं के साथ संपर्क सूत्र के रूप में कार्य करने के लिए

1990-91

निम्नलिखित 17 क्षेत्रीय सलाहकार कार्यालयों की स्थापना की गई है:

1. अहमदाबाद
2. इलाहाबाद
3. बेंगलूर
4. भोपाल
5. भुवनेश्वर
6. कलकत्ता
7. चंडीगढ़
8 गुवाहाटी
9. हैदराबाद
10. जयपुर
11. मद्रास
12. पटना
13. पुणे
14. शिलांग
15. शिमला
16. श्रीनगर/जम्मू
17. तिरुअनंतपुरम

1990-91

दो वर्ष 1990-91 के कार्यकलापों पर एक विहंगम दृष्टि

वर्ष 1991के दौरान राष्ट्रीय शैक्षिक अनुसंधान और प्रशिक्षण परिषद् के विभिन्न घटकों ने विद्यालयी शिक्षा और अध्यापक शिक्षा में गुणात्मक सुधार से संबंधित कार्यक्रमों के विकास और कार्यान्वियन एवं राज्यों में विद्यालयी शिक्षा में सुधार से संबंधित केन्द्रीय प्रायोजित योजनाओं के कार्यान्वियन के लिए लगातार और समन्वित प्रयास किया। वर्ष 1990-91 के दौरान शैशवकालीन देखभाल और शिक्षा संबंधी कार्यक्रमों और परियोजनाओं का निरूपण और कार्यान्वियन; प्रारंभिक शिक्षा का व्यापकीकरण; लड़कियों, अनुसूचित जातियों और अनुसूचित जन जातियों, शैक्षिक रुप से पिछड़े अल्पसंख्यकों और विकलांग बच्चों जैसे विशेष वर्गों की शिक्षा; विद्यालय स्तर पर शिक्षा की विषयवस्तु और प्रक्रियाओं का पुनर्निर्धारण; विज्ञान और गणित की शिक्षा में सुधार; कम्प्यूटर साक्षरता और विद्यालयों में अध्ययन; उच्चतर माध्यमिक स्तर पर शिक्षा का व्यावसायीकरण; शैक्षिक प्रौद्योगिकी का उपयोग; अध्यापक शिक्षा का पुनर्गठन और पुनर्संरचना; जवाहर नवोदय विद्यालय में प्रवेश हेतु छात्रों का चयन; प्रतिभा खोज; शैक्षिक सर्वेक्षण; शैक्षिक एवं व्यावसायिक मार्गदर्शन; शैक्षिक अनुसंधान और नवाचारों का उन्नयन और अनुदेशी सामग्री का प्रकाशन; जिसमें कक्षा 1 से 12 तक की पाठ्यपुस्तकों का प्रकाशन भी सम्मिलित है, आदि कार्य रा.शै.अ. और प्र.प. के कुछ महत्वपूर्ण पहलुओं को उजागर करते हैं।

परिषद् ने यूनिसेफ सहायता-प्राप्त परियोजनाओं, राष्ट्रीय जनसंख्या शिक्षा परियोजना, कम्प्यूटर साक्षरता और विद्यालयों में अध्ययन कार्यक्रम (क्लास) और भारत एवं संघीय जर्मन-गणराज्य, परियोजना शीर्षक "मध्य प्रदेश तथा उत्तर प्रदेश के प्राथमिक और माध्यमिक विद्यालयों में उन्नत विज्ञान शिक्षा" से संबंधित सभी कार्यकलापों को भी समन्वित एवं मॉनिटर करना जारी रखा। क्षेत्रीय कार्यालयों और क्षेत्रीय शिक्षा महाविद्यालयों के नेटवर्क के माध्यम से शिक्षा निदेशालयों/शिक्षा विभागों, राज्य शिक्षा संस्थान/राज्य शैक्षिक अनुसंधान और प्रशिक्षण परिषद् (एस.आई.ई./एस.सी.ई.आर.टी.) तथा राज्यों एवं संघ शासित क्षेत्रों के अन्य अभिकरणों द्वारा आयोजित विभिन्न कार्यक्रमों में सक्रिया सहयोग देकर राज्य एवं संघ शासित क्षेत्रों की सरकारों से निकट संपर्क बनाए रखा।

शैशवकालीन देखभाल और शिक्षा (ई.सी.सी.ई.)

राज्यों और संघ शासित क्षेत्रों में शैशवकालीन देखभाल और शिक्षा (ई.सी.सी.ई.) कार्यक्रमों को प्रभावी बनाने एवं उन्हें सहायता देने में परिषद् ने कारगर ढंग से काम किया। शैशवकालीन शिक्षा (ई.सी.ई.) कार्यक्रम के अन्तर्गत आयोजकों और अध्यापकों के लिए एक निदर्शन-संदर्शिका तैयार की गई। शैशवकालीन शिक्षा अनुदेशी

1990-91

सामग्री श्रृंखला के अंतर्गत सात पुस्तिकाएं प्रकाशित की गई और शिशुओं के लिए सामान्य विषयों पर आधारित छः चित्र-पुस्तिकाओं का निर्माण किया गया। बच्चों के लिए श्रव्य कार्यक्रम के अंतर्गत रेडियो संभाव्यता अध्ययन के लिए विभिन्न विषयों पर कैप्स्यूल के रूप में 51 कार्यक्रम तैयार किए गए।

वर्ष 1990-91 में बाल माध्यम प्रयोगशाला (सी.एम.एल.) के अन्तर्गत तैयार की गई सामग्री के लगभग 500 सेटों का विभिन्न संगठनों में प्रचार-प्रसार किया गया। बाल विकास में गृह-आधारित कार्यक्रम के अन्तर्गत अन्य चीजों के साथ-साथ 0 से 6 वर्ष के बच्चों के कार्यकलापों को शामिल करके एक मैनुअल तैयार किया गया। दिल्ली नगर निगम के चुने गए प्राथमिक विद्यालयों में परियोजना का संचालन करने के लिए "चाइलड-टू-चाइल्ड" कार्यक्रम के अंतर्गत अध्यापकों के लिए एक विस्तृत मैनुअल तैयार किया गया। शिक्षकों में प्राथमिक और प्रारम्भ प्राथमिक स्तर पर खिलौनों और शैक्षिक खेल के महत्व तथा खेल-खेल में शिक्षा के महत्व के प्रति जागरूकता उत्पन्न करने के लिए एक पाँच-दिवसीय राष्ट्रीय कार्यशाला-सहप्रतियोगिता आयोजित की गई जिसमें चण्डीगढ़, हरियाणा, हिमाचल-प्रदेश, केरल, महाराष्ट्र, मिजोरम, और उत्तर-प्रदेश से प्राथमिक-पूर्व/प्राथमिक विद्यालयों के सात पुरस्कार विजेता अध्यापकों ने भाग लिया। कार्यशाला के दौरान कम कीमत के शैक्षिक खिलौनों पर एक मैनुअल तैयार किया गया।

शैशवकालीन परियोजना के अन्तर्गत, रा.शै.अ.प्र.प. ने शैशवकालीन परियोजना समन्वयकों और राज्य स्तर के कार्यकर्ताओं के लिए एक प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया जिसमें शैशवकालीन शिक्षा में नवाचार कार्यक्रम के सम्बन्ध में विचार-विमर्श किया गया। इसके अतिरिक्त गैर-सरकारी संगठनों के प्रमुख कार्यकताओं के लिए भी शैशवकालीन शिक्षा में दो प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किए गए।

प्रारंभिक शिक्षा का व्यापीकरण

प्रारंभिक शिक्षा और राष्ट्रीय शिक्षा नीति 1986 (एन.पी.ई.-1986) के प्रावधानों के व्यापीकरण के संबंध में मूलभूत निदेशों को ध्यान में रखते हुए परिषद् ने प्रारंभिक शिक्षा के व्यापीकरण (यू.ई.ई.) से संबंधित कार्यक्रमों और परियोजनाओं को उच्च प्राथमिकता दी है। विषय-सूची की पुनर्सरचना और शिक्षा-प्रक्रिया के कार्यक्रम के अन्तर्गत प्राथमिक विद्यालय स्तर की पाठयपुस्तकों को संशोधित करने की अगली कार्रवाई के लिए उनका मूल्यांकन किया गया। विभिन्न वर्गों के बच्चों की आवश्यकताओं एवं पर्यावरण संबंधी प्रसंगों से जोड़ने के लिए पाठ्यचर्या का नवीकरण एवं शिक्षण सामग्री तैयार करने संबंधी गतिविधियां जारी रखी गई। एन.सी.ई.आर.टी. ने केप (प्राथमिक शिक्षा का व्यापक लक्ष्य) परियोजना के विभिन्न कार्यकलापों जैसे, अधिगम पैकेज, कार्यकर्ताओं के लिए पुस्तिकाएँ और नौसिखियों की उपलब्धियों का मूल्यांकन करने के लिए प्रश्न बैंक/पत्र तैयार करने जैसे विभिन्न कार्यकलापों के आयोजन में भाग लेने वाले राज्यों की सहायता की। अनौपचारिक शिक्षा प्रणाली में भाग लेने वाले राज्यों में केप के अन्तर्गत तैयार शिक्षण सामग्री के व्यापक अनुप्रेरण के प्रयत्न किए गए/उड़ीसा ने अपनी अनौपचारिक शिक्षा प्रणाली में केप की सामग्री को पहले से ही अपना लिया है।

यूनिसेफ सहायता प्राप्त परियोजना एन.एच.ई.ई.एस. (पोषण स्वास्थ्य शिक्षा और पर्यावरणात्मक स्वच्छता) के अंतर्गत दो मूल्यांकन अध्ययन शीर्षक "छात्र उपलब्धि अध्ययन" और "सामुदायिक संपर्क कार्यक्रम का प्रभाव" आयोजित किए गए। यूनिसेफ सहायता प्राप्त क्षेत्र शिक्षा और मानव संसाधन विकास के लिए यूनिसेफ सहायता प्राप्त क्षेत्र गहन शिक्षा परियोजना (ए.आई.ई.पी.) के अंतर्गत विभिन्न स्तरों पर अंतर खंडीय सहयोग पर विचार किया गया। शैक्षिणिक कार्यों में सहायता प्रदान करने के लिए स्वास्थ्य, महिलाओं के सामाजिक-आर्थिक स्तर में सुधार एवं सामाजिक जागरूकता जैसे कार्यक्रमों की युक्तिरचना तैयार की गई।

आपरेशन ब्लैकबोर्ड (ओ.बी.) योजना के अन्तर्गत दो प्रशिक्षण पैकेज (1) पैकेज जागरूकता और (2) पैकेज निष्पादन को मूलतः जिला शिक्षाओं और प्रशिक्षण संस्थान (डी.आई.ई.टी.) द्वारा आयोजित सेवाकालीन शिक्षा पाठ्यक्रम के प्रयोग के लिए अंतिम रूप दिया गया। एक यूनिसेफ प्रायोजित अध्ययन शीर्षक "कठिन शैक्षिक संदर्भों में ग्रामीण क्षेत्रों में प्राथमिक शिक्षा की उन्नति में माता-पिता तथा

अध्यापकों का सहयोग" किया गया। प्राथमिक विद्यालय में छात्रों के शब्दकोश पठन पर पहले से तैयार की गई रिपोर्ट को भी प्रकाशित किया गया।

बच्चों की उपलब्धियों के स्तर में सुधार को ध्यान में रखते हुए राष्ट्रीय शिक्षा नीति-1986 ने शिक्षा के प्रत्येक स्तर के लिए न्यूनतम अधिगम स्तर (एम.एल.एल.) निर्धारित करने की आवश्यकता पर बल दिया जिससे सभी बच्चे इनका लाभ उठा सकें। मानव संसाधन विकास मंत्रालय द्वारा स्थापित समिति की रिपोर्ट के आधार पर रा.शै.अ.प्र.प. ने प्राथमिक विद्यालय स्तर पर न्यूनतम अधिगम स्तर कार्यक्रम के कार्यान्वियन को आरम्भ कर दिया है। इस वर्ष किए गए अन्य कार्यक्रमों एवं कार्यों के साथ-साथ परिषद् ने न्यूनतम अधिगम स्तर की रिपोर्ट को अंग्रेजी और हिन्दी में मुद्रित करना, निर्देश-चिन्ह आंकड़े एकत्र करने के लिए उपकरण तैयार करना और प्राथमिक विद्यालयों तथा अनौपचारिक शिक्षा केन्द्रों के लिए सूचकों का चयन करना, हिन्दी में न्यूनतम अधिगम स्तर के लिए परिचायक सामग्री का प्रारूप तैयार करना, क्षमताओं को किस सीमा तक विषयवस्तु में शामिल किया जाए, इस दृष्टि से वर्तमान पाठ्यपुस्तकों/अनुदेशी सामग्री का विश्लेषण, और अध्यापकों/अनौपचारिक अनुदेशकों के लिए प्रारूप-पुस्तिका तैयार करना।

ऐसा अनुभव किया गया कि प्रारंभिक शिक्षा के व्यापकीकरण के लिए अनौपचारिक शिक्षा (एन.एफ.ई.) एक विशेष युक्तिरचना है। इस वर्ष अनौपचारिक शिक्षा कार्यक्रमों से संबंधित अनुसंधान, विकास और प्रशिक्षण कार्यकलापों ने रा.शै.अ.प्र.प. के कार्यों के एक महत्वपूर्ण पहलू को उजागर किया है।

मानव संसाधन विकास मंत्रालय, भारत सरकार के अनुरोध पर रा.शै.अ.प्र.प. ने शैक्षिक रूप से पिछड़े राज्यों में केन्द्र द्वारा प्रायोजित अनौपचारिक शिक्षा योजना के कार्यान्वियन से जुड़े शीर्ष व्यक्तियों/परियोजना अधिकारियों और अनौपचारिक केन्द्रों के अनुदेशकों को प्रशिक्षण देने का दायित्व लिया। अनौपचारिक शिक्षा में परियोजना अधिकारियों और स्वैच्छिक अभिकरणों के कार्मिकों के लिए भी प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किए गए।

रा.शै.अ.प्र.प. ने अनौपचारिक शिक्षा के बच्चों की उपलब्धियों का मूल्यांकन करने के लिए उपकरण और प्रविधियाँ तैयार कीं। अनौपचारिक अनुदेशकों और परियोजना अधिकारियों के लिए सामाजिक, भावनात्मक और राष्ट्रीय एकता पर पुस्तिका का प्रारूप तैयार किया गया। प्राथमिक विद्यालय अध्यापकों और अनौपचारिक शिक्षा अनुदेशकों को सम्मिलित करके न्यूनतम अधिगम स्तर (एम.एल.एल.) के दस्तावेज के संशोधन के लिए भी कार्य किए गए। "अनौपचारिक शिक्षा पद्धति में प्रयोग के लिए क्षेत्रीय स्थान" शीर्षक शोध परियोजना के अंतगर्त क्षेत्रीय स्थानों में दिए गए निदर्शनात्मक पाठों की वीडियो रिकॉर्डिंग के लिए एक कार्यशाला आयोजित की गई, बाद में एक अन्य कार्यशाला में इन स्थानों के संबंध में आँकड़ों का विश्लेषण किया गया।

अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति की शिक्षा

रा.शै.अ.प्र.प. ने अनुसूचित जातियों और जन जातियों की शिक्षा के संवर्द्धन हेतु अपने कार्यकलाप जारी रखे। "आदिवासी बोलियों में पाठ्यपुस्तकें तैयार करना "शीर्षक परियोजना के अन्तर्गत गोंडी और इरूला में प्रवेशिकाएं तैयार करने/मुद्रित करने का कार्य जारी है। रा.शै.अ.प्र.प. ने "आदिवासी बोलियों में शिक्षण अधिगम सामग्री का विकास" परियोजना के अंतर्गत बिहार की पाँच आदिवासी भाषाएं हो, संथाल, मुंदरी, खड़िया और कुरुख में कक्षा 1 के लिए पाँच क्षेत्रीय लिपियों में पाण्डुलिपियाँ तैयार कीं। वर्ष के दौरान अनुसूचित जाति के विशिष्ट व्यक्तियों पर ग्रंथपरक पाठ्यसामग्री तैयार की गई और भारत रत्न बाबा साहब भीम राव अम्बेडकर की जन्मशती समारोह के एक अंग के रूप में अनुसूचित जाति के शैक्षिक विकास पर व्याख्या सहित एक ग्रंथ सूची तैयार करने का कार्य किया गया। उनकी जन्मशती-स्मरणोत्सव के अवसर पर रा.शै.अ.प्र.प. के कार्यों के एक हिस्से के रूप में डा. बी.आर. अम्बेडकर के शिक्षा से संबंधित विचारों का एक संग्रह तैयार किया गया।

महिला समानता के लिए शिक्षा

रा.शै.अ.प्र.प. ने बालिका शिक्षा के संवर्द्धन और लिंगों में समानता

1990-91

संबंधी अपनी बचनबद्धता को पाठ्यचर्या और अध्यापक शिक्षा में उपयुक्त अंतःक्षेप और बालिका शिक्षा की अग्रवर्ती नीतियों एवं विशेष कार्यक्रमों के कार्यान्वियन में केन्द्र, राज्यों और अन्य संस्थानों/संगठनों को सहायता देकर नवीकृत किया है। इस संदर्भ में रा.शै.अ.प्र.प. ने बालिका शिक्षा के क्षेत्र में शैक्षिक एवं संबंधित नीतियों तथा कार्यक्रमों के निरूपण एवं एक मूल्यवान और सशक्त मानव संसाधन के रूप में बालिकाओं को उनके विकास के लिए शिक्षित करने की आवश्यकता के प्रति जागरूकता उत्पन्न करने के उद्देश्य से मानव संसाधन विकास मंत्रालय को तकनीकी सुविज्ञता एवं आंकड़ा-विश्लेषण प्रदान किया।

वर्ष 1990-91 में रा.शै.अ.प्र.प. ने राष्ट्र-मण्डल प्रायोजित अध्ययन "भारत में व्यावसायिक, तकनीकी और पेशेवर शिक्षा में महिलाओं एवं बालिकाओं के प्रवेश में सुधार के उपाय" और राष्ट्रीय अध्ययन "प्रारम्भिक विद्यालयों में बालिकाओं की नियमितता और अनियमितता" किया। पाठ्यक्रम और पाठ्यपुस्तकों से लिंग के आधार पर पक्षपात दूर करना, उदाहरण सामग्री का विकास एवं पाठ्यचर्या तैयार करने वालों, पाठ्यपुस्तकों के लेखकों और नीति निर्धारकों के लिए दिशा निर्देशों का विकास, देश में प्राथमिक और माध्यमिक विद्यालयों की वर्तमान पाठ्य मालाओं के विश्लेषण से संबंधित कार्य किए गए। "मातृभाषा (हिन्दी) में उदाहरण सामग्री का विकास" परियोजना के अंतर्गत "समानता की ओर" विषय पर तीन पूरक पाठमालाओं को प्रकाशित किया गया। "मानसी परिचय माला" शीर्षक परियोजना के एक अंग के रूप में 14 से 18 वर्ष समूह के लिए पूरक पाठमालाओं के विकास के संदर्भ में राष्ट्रीय और क्षेत्रीय भाषाओं के साहित्य में महिलाओं के चित्रण के विश्लेषण के लिए दिशानिर्देश तैयार किए गए. सार्क की एक कार्य योजना "बालिकाओं का दशक" भी तैयार की गई।

"महिला शिक्षा और विकास की प्रणाली" पर एक सात सप्ताह का प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम ने शिक्षाविदों, सामाजिक वैज्ञानिकों, राज्यों के शीर्ष-स्तर के शैक्षिक कार्मिकों तथा बालिका शिक्षा से जुड़े आधारिक गैर-सरकारी संगठनों के मध्य बालिका शिक्षा के क्षेत्र में विचारों एवं अनुभवों के आदान-प्रदान का एक सशक्त मंच प्रदान किया। महिला-समानता की शिक्षा से संबंधित कुछ अंतर्राष्ट्रीय बैठकों में रा.शै.अ.प्र.प. के संकाय-सदस्यों ने हिस्सा लिया।

शैक्षिक रूप से पिछड़े अल्पसंख्यकों की शिक्षा

शैक्षिक रूप से पिछड़े अल्पसंख्यकों द्वारा प्रबंधित विद्यालयों के अध्यापकों की शिक्षण क्षमता के संवर्धन के लिए क्षेत्रीय संसाधन केन्द्रों की योजना को जारी रखा गया। अल्पसंख्यकों के कल्याण के लिए मानव संसाधन विकास मंत्रालय द्वारा स्थापित, उप समूहों की बैठकों में क्षेत्रीय संसाधन केन्द्रों के कार्यक्रमों की अद्यतन सूचना प्रस्तुत की गई और रा.शै.अ.प्र.प. ने शैक्षिक रूप से पिछड़े अल्पसंख्यकों के विद्यालयों के अध्यापकों की क्षमता का विकास करने के लिए वैकल्पिक युक्तिरचनाओं का सुझाव दिया।

विकलांगों की शिक्षा

रा.शै.अ.प्र.प. ने गैर-विकलांग बच्चों के साथ-साथ सामान्य शिक्षा पद्धति से विकलांग बच्चों की शिक्षा को बढ़ावा देने के विशेष प्रयत्न किए. कार्यक्रमों और कार्यकलापों का केन्द्रबिन्दु संगठनात्मक सहयोग से विकलांग बच्चों को सामान्य शिक्षा पद्धति से जोड़ने के लिए संदर्भ आधारित विशिष्ट कार्यनीतियों का विकास कक्षा में बच्चों की विशेष आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए सामान्य अध्यापकों की क्षमता में वृद्धि, पाठ्यचर्या के समायोजन और अनुकूलन के लिए तथा विशेष आवश्यकताओं के शिक्षण के लिए पाठ्यचर्या और अनुदेशात्मक सामग्री तैयार करना, विकलांग बच्चों को विद्यालय में लाने और उसे जारी रखने के लिए समुदाय और अभिभावकों से संपर्क स्थापित करना तथा विकलांग बच्चों के लिए नीति निर्माण में भा.स.वि.मं. तथा भारत सरकार के अन्य संबंधित विभागों को सहयोग प्रदान करना रहा। रा.शै.अ.प्र.प. ने इस क्षेत्र में कार्यक्रमों की योजना तैयार करने और प्रबन्धन में राज्य सरकारों को भी सहायता प्रदान की।

1990-91

मा.सं.वि.म. के अनुरोध पर विकलांग बच्चों की संगठित शिक्षा (आई.ई.डी.सी.) योजना के कार्यान्वियन का मूल्यांकन किया गया और एक रिपोर्ट तैयार की गई। इसके अतिरिक्त, इस दौरान दो अध्ययन शीर्षक "प्रारम्भिक जानकारी और मध्यस्थता के लिए आँगनवाड़ी कार्यकर्ताओं को प्रशिक्षण की उपयुक्तता" और "कक्षा में विशेष आवश्यकताओं के लिए अध्यापक शिक्षा स्रोत पैक की प्रभाविता का अध्ययन" किए गए।

रा.शै.अ.प्र.प. ने विकलांगों के लिए शिक्षा से संबंधित कुछ पुस्तिकाए और अनुदेशी सामग्री का विकास किया जिसमें अन्य बातों के साथ-साथ कम देखने वाले बच्चों के लिए पुस्तिका "विकलांग बच्चों के सीखने की प्रारम्भिक पहचान के लिए मार्ग निर्देशन" कम्प्यूटर की सहायता से सीखने और सिखाने के लिए विशेष आवश्यकता कार्यक्रम, विशेष आवश्यकताओं पर वीडियो कार्यक्रम" संसाधन कक्ष के आयोजन से संबंधित पुस्तिका, और "मूल्यांकन सामग्री पर आधारित पाठ्यचर्या" भी सम्मिलित है।

रा.शै.अ.प्र.प. ने विकलांग बच्चों की शिक्षा के लिए कार्यक्रमों और कार्यकलापों की योजना और कार्यान्वियन से जुड़े विभिन्न वर्ग के कार्मिकों के लिए कई प्रशिक्षिण/अभिविन्यास और विस्तार कार्यक्रमों का भी आयोजन किया। विशेष शिक्षा में एक वर्षीय बहुवर्गीय प्रशिक्षण जो वर्ष 1990-91 में क्षेत्रीय शिक्षा महाविद्यालय अजमेर, भोपाल और भुवनेश्वर में दिया गया, विशेष उल्लेखनीय हैं।

विकलांगों की शिक्षा के विभिन्न पहलुओं से संबंधित सूचना के विनिमय और प्रचार-प्रसार के लिए रा.शै.अ.प्र.प. में विशेष शिक्षा पर तैयार की गई अनुदेशी सामग्री सभी राज्यों और संघशासित क्षेत्रों के विकलांग बच्चों की संघटित शिक्षा प्रकोष्ठों को दी गई तथा इसे कुछ अन्तर्राष्ट्रीय अभिकरणों जैसे यूनेस्को, यूनिसेफ, हू, सार्क, कामनवेल्थ और अन्य गैर-सरकारी संगठनों को भी दिया गया। विकलांगों की शिक्षा के नियमित कार्यक्रमों और कार्यकलापों के अतिरिक्त, रा.शै.अ.प्र.प. ने वर्ष के दौरान राष्ट्रीय स्तर पर कुछ सरकारी और गैर-सरकारी संगठनों को सहायता और परामर्श-सेवाएं प्रदान की। अन्तर्राष्ट्रीय स्तर पर यूनेस्कों को कक्षा में विशेष आवश्यकता पर अध्यापक-शिक्षा संसाधन पैक तैयार करने में तकनीकी सहायता प्रदान की गई। विकलांगों की शिक्षा से संबंधित कुछ कार्यक्रमों/कार्यकलापों के संदर्भ में मानसिक रूप से विकलांगों के लिए यूनिसेफ, हू और अन्तर्राष्ट्रीय संघ को तकनीकी सहायता प्रदान की गई।

विद्यालय-स्तर पर शिक्षा की विषयवस्तु और प्रक्रियाओं की पुनर्सरंचना

विद्यालयी शिक्षा में गुणात्मक सुधार लाने के लिए किए जा रहे प्रयासों में रा.शै.अ.प्र.प. ने विद्यालयी स्तर पर शिक्षा की विषयवस्तु और प्रक्रिया की पुनर्सरचना के लिए समन्वित उपायों की एक श्रंखला आरंभ की। इन कार्यक्रमों और कार्यकलापों का मुख्य केन्द्र अनुदेशी सामग्री का विकास, व्यावसायिक क्षमता में सुधार के लिए अध्यापक और अन्य शैक्षिक कार्मिकों का प्रशिक्षण और परीक्षा में सुधार, जिसमें पठन पाठन, प्रक्रिया में सुधार के लिए निरंतर और व्यापक मूल्यांकन शामिल है, की ओर ही रहा।

अन्य रुकी हुई पाठ्यपुस्तकों के प्रकाशन सहित नई शिक्षा-नीति 1986 के अनुवर्तन के रूप में 1986-87 में चरणबद्ध रूप से आरंभ अनुदेशी सामग्री के विकास का कार्य पूरा किया गया। एक अन्य महत्वपूर्ण क्षेत्र जिसका कार्य 1989-90 से आरम्भ किया गया और 1990-91 में आगे बढ़ाया गया वह था हिन्दी, उर्दू और अंग्रेजी की दूसरी और तीसरी भाषाओं के रूप में पाठ्यचर्या और अनुदेशी सामग्री तैयार करना। दूसरी और तीसरी भाषा के शिक्षण तथा दूसरी और तीसरी भाषा के रूप में हिन्दी और उर्दू के पाठ्यविवरण की सामान्य रूपरेखा को अन्तिम रूप दिया गया तथा इन भाषाओं में पाठ्यपुस्तकें तैयार करने का कार्य किया गया। पाठ्यपुस्तकें तैयार करने के अतिरिक्त रा.शै.अ.प्र.प. ने सामान्य अध्ययन, योगा, शारीरिक शिक्षा, कला शिक्षा और शिक्षा से संबंधित सर्जनात्मक नाटक की पाठ्यचर्या और अनुदेशी सामग्री के विकास पर भी कार्य किया। कक्षा 9-10 के लिए कला शिक्षा पर अध्यापक-पुस्तिका बनाने का कार्य भी किया गया।

इस अवधि के दौरान रा.शै.अ.प्र.प. ने सामाजिक विज्ञान और

1990-91

मानविकी में अध्यापक-संदर्शिका/पुस्तिका, कार्यकलाप पुस्तक और पठन व शिक्षण साधन आदि को तैयार करने का कार्य भी आरम्भ किया।

रा.शै.अ.प्र.प. कुछ अन्य परियोजनाओं और कार्यक्रमों में भी लगी रही जैसे राष्ट्रीय एकता के दृष्टिकोण से इतिहास और छह राज्यों की भाषाओं की पाठ्यपुस्तक का मूल्यांकन, विद्यालयों में संगोष्ठी पठन और नवाचारों के पुरस्कार विजेताओं की राष्ट्रीय बैठक, बाल-साहित्य में छब्बीसवीं राष्ट्रीय पुरस्कार प्रतियोगिता का आयोजन तथा पाठ्यपुस्तकों में भाषा की बोधगम्यता पर राष्ट्रीय संगोष्ठी।

विज्ञान और गणित शिक्षा का सुधार

विद्यालय शिक्षा के विभिन्न स्तरों पर विज्ञान और गणित शिक्षा में सुधार लाने की दृष्टि से रा.शै.अ.प्र.प. ने विज्ञान और गणित में अनुदेशी सामग्री का विकास, अध्यापकों को प्रशिक्षण विस्तार कार्यकलाप, एवं अनुसंधान कार्यों से संबंधित कार्य को जारी रखा। वर्ष 1990-91 में कक्षा 6 से 12 के लिए विज्ञान और गणित में अनुदेशी पैकेज और पूरक पुस्तकों के विकास के लिए कई कार्यशालाएं और बैठकें आयोजित की गईं। अपनी सामग्री के विकास के अतिरिक्त रा.शै.अ.प्र.प. कुछ राज्यों और संघ शासित क्षेत्रों को विज्ञान और गणित की विषय-वस्तु एवं प्रक्रिया में सुधार के उनके प्रयासों में नई शिक्षा नीति 1986 के परिप्रेक्ष्य में अपनी विशेशज्ञता प्रदान की। रा.शै.अ.प्र.प. ने प्रशिक्षण सामग्री भी तैयार की एवं कुछ राज्यों के विभिन्न स्तरों के पदाधिकारियों को भी मार्ग-दर्शन दिया।

बिहार सरकार के सहयोग से रा.शै.अ.प्र.प. ने बच्चों के लिए 13 से 21 दिसम्बर, 1990 तक पटना में उन्नीसवीं जवाहर लाल नेहरू विज्ञान प्रदर्शनी आयोजित की। राज्य स्तर पर विज्ञान प्रदर्शनी आयोजित करने के लिए विभिन्न राज्यों और संघ शासित क्षेत्रों को शैक्षिक मार्गदर्शन और वित्तीय सहयोग भी प्रदान किया गया। रा.शै.अ.प्र.प. के विज्ञान संकाय सदस्यों ने राष्ट्रीय और अन्तर्राष्ट्रीय स्तरों के कुछ संस्थानों/संगठनों द्वारा आयोजित विभिन्न कार्यक्रमों और कार्यकलापों में भाग लिया।

रा.शै.अ.प्र.प. ने विज्ञान के उपकरणों की रूपरेखा तैयार करने, उनके आदिरूप का विकास और उत्पादन तथा विद्यालयों में विज्ञान के अध्ययन-अध्यापन से संबंधित कार्यकलापों का संवर्द्धन जारी रखा। परिषद् "मध्य प्रदेश और उत्तर प्रदेश के प्राथमिक तथा माध्यमिक विद्यालयों में संशोधित विज्ञान शिक्षा" शीर्षक इंडो-जर्मन परियोजना के अन्तर्गत उन्नत डिजाइन, गुणवत्ता, टिकाऊपन एवं इनकी मदों के बहुउपयोगी प्रयोग आदि विशेषताओं वाली नई प्राथमिक विज्ञान किट का निर्माण किया गया। केन्द्र द्वारा प्रायोजित ऑपरेशन ब्लैक बोर्ड योजना के अन्तर्गत न्यूनतम अनिवार्य सुविधाओं के एक अंग के रूप में रा.शै.अ.प्र.प. द्वारा निर्मित प्राथमिक विज्ञान किट और मिनी टूल किट प्राथमिक विद्यालयों को दी जा रही है। वर्ष 1990-91 में 2151 प्राथमिक विज्ञान किट, 209 संघटित विज्ञान किट और 253 मिनी विज्ञान किटों का निर्माण हुआ और इन्हें राज्यों को भेजा गया। रा.शै.अ.प्र.प. ने कुछ नये किटों के नमूने और निर्माण का कार्य आरम्भ किया है जैसे माध्यमिक स्तर पर रसायनशास्त्र में मॉली-क्यूलर किट और भौतिक शास्त्र में ऑप्टीकल किट और +2 स्तर पर "बेसिक इलेक्ट्रॉनिक सर्किट"।

भारत जर्मनी परियोजना के कार्यान्वियन के संदर्भ में उत्तर प्रदेश और मध्य प्रदेश के प्रमुख व्यक्तियों, विद्वानों और प्राथमिक विद्यालयों के अध्यापकों के लिए पाँच पुनश्चर्या/प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किए गए। इन कार्यक्रमों के आयोजन से अन्य बातों के साथ-साथ किट की कुछ मदों को सुधारने के लिए भी पुनर्निवेशन (फीड बैक) मिलते हैं।

विद्यालयों में कम्प्यूटर साक्षरता और अध्ययन (क्लास)

विद्यालयों में कम्प्यूटर साक्षरता और अध्ययन कार्यक्रम के अन्तर्गत कम्प्यूटर सॉफ्टवेयर पैकेज तैयार करना और कम्प्यूटर के उपयोग के लिए अध्यापकों को प्रशिक्षण, वर्ष 1990-91 में रा.शै.अ.प्र.प. में कम्प्यूटर संसाधन केन्द्र के कार्यकलापों का एक मक्षत्वपूर्ण क्षेत्र रहा है। इस अवधि में कम्प्यूटर संसाधन केन्द्र में बहुत से प्रशिक्षण कार्यक्रम एवं अन्य कार्यक्रम आयोजित किए। क्लास परियोजना के

लिए संसाधन केन्द्र ने विभिन्न विद्यालयी विषयों पर कम्प्यूटर के प्रभाव का प्रदर्शन करने के लिए कई विकासात्मक कार्यक्रम प्रारम्भ किए। रा.शै.अ.प्र.प. "साधन के रूप में कम्प्यूटर की सहायता से आधुनिक जीव विज्ञान और जीव-प्रौद्योगिकी में शिक्षण का संवर्द्धन" शीर्षक परियोजना का समन्वयन कर रही है जिसके लिए वित्त पोषण जीव प्रौद्योगिकी विभाग कर रहा है।

शिक्षा का व्यावसायीकरण

रा.शै.अ.प्र.प. का एक महत्वपूर्ण कार्य उच्चतर माध्यमिक शिक्षा के व्यावसायीकरण से सबद्ध कार्यक्रमों और कार्यकलापों का विकास और उनका कार्यान्वियन रहा है। केन्द्र द्वारा प्रायोजित माध्यमिक शिक्षा का व्यावसायीकरण योजना के प्रभावी कार्यान्वियन के लिए विभिन्न अभिकरणों के सहयोग से जिनमें व्यावसायिक, निजी, स्वैच्छिक और प्रशिक्षण संस्थान शामिल है कई कार्यक्रम एवं कार्य किए गए। वर्ष के दौरान रा.शै.अ.प्र.प. ने जो प्रमुख कार्य किए उनमें से कुछ हैं—पाठ्यचर्या, अनुदेशी सामग्री और दिशानिर्देशों का विकास, व्यावसायिक अध्यापक-शिक्षकों, समन्वयकों और +2 स्तर पर व्यावसायिक शिक्षा के कार्यान्वियन से जुड़े अन्य कार्मिकों का प्रशिक्षण, राज्य/संघ शासित क्षेत्र के स्तर के अभिकरणों और संस्थानों के सहयोग से शिक्षा व्यावसायीकरण से संबद्ध विस्तार और प्रचार कार्यकलापों का आयोजन, केन्द्र द्वारा प्रायोजित योजना के कार्यान्वियन संबंधी अध्ययन, सेवा पूर्व व्यावसायिक अध्यापक प्रशिक्षण प्रारम्भ करने के लिए राष्ट्रीय स्तर पर संगोष्ठियों और बैठकों का आयोजन और उच्चतर माध्यमिक स्तर पर व्यावसायीकरण कार्यक्रम का निर्माण एव कार्यान्वियन आदि।

वर्ष 1990-91 में परिषद् ने विपणन, उद्यान-विज्ञान, रेशम कीट पालन, अन्तर्देशीय मछली-पालन विद्युतीय मोटर मरम्मत और अनुरक्षण, तथा इलैक्ट्रॉनिकी के क्षेत्र में अनुदेशी सामग्री का विकास किया। इसके अतिरिक्त कृषि और ग्रामीण आधारित पाठ्यक्रमों के विकास के लिए विभिन्न कार्यशालाएं आयोजित की गई।

रा.शै.अ.प्र.प. ने कथक, तबला और हिन्दी आशुलिपि पर क्षमता आधारित पाठ्यक्रम का विकास एवं स्वास्थ्य तथा पराचिकित्सा पाठ्यक्रम के संशोधन/पुनर्संगठन के लिए कदम उठाए। इस वर्ष विभिन्न राज्यों/संघ शासित क्षेत्रों के प्रमुख व्यक्तियों के लिए उच्चतर माध्यमिक शिक्षा के व्यावसायीकरण से संबंधित विभिन्न अभिविन्यास कार्यक्रम आयोजित किए गए।

कार्यक्रम के प्रभावशाली कार्यान्वियन के लिए कार्यनीतियाँ तैयार करने के उद्देश्य से व्यावसायीकरण से संबंधित जूरी की कई बैठकें आयोजित की गई। विशेषज्ञों की एक अन्य जूरी ने चरित्र-निर्माण के लिए विद्यालयों में कार्यानुभव के कार्यान्वियन के लिए कुछ महत्वपूर्ण सिफारिशें कीं।

देश में शिक्षा के व्यावसायीकरण और कार्यान्वियन के संवर्धन की दृष्टि से रा.शै.अ.प्र.प. ने केन्द्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड, केन्द्रीय विद्यालय, नवोदय विद्यालय और स्वैच्छिक संगठनों को अपनी विशेषज्ञता प्रदान की तथा सी.ई.ई.आर.आई., पिलानी द्वारा संचालित व्यावसायिक प्रशिक्षण कार्यक्रमों के मूल्यांकन में राष्ट्रीय साक्षरता मिशन को सहायता प्रदान की। व्यावसायिक कार्यक्रमों एवं ग्रामीण औद्योगीकरण सोसाइटी रांची द्वारा वित्त की उपयोगिता के मूल्यांकन में मानव संसाधन विकास मंत्रालय को सहायता प्रदान की गई। इसके अतिरिक्त विभिन्न राज्यों/संघ शासित क्षेत्रों के शिक्षा के व्यावसायिक कार्यक्रमों की तादाद और उनकी कमियों का पता लगाने के लिए कुछ तत्काल अध्ययन आयोजित किए गए।

शैक्षिक प्रौद्योगिकी का उपयोग

विद्यालय शिक्षा और अध्यापक शिक्षा के क्षेत्र में अन्य कार्यक्रमों और क्रियाकलापों में रा.शै.अ.प्र.प. देश में शिक्षा की वैकल्पिक प्रणाली के विकास एवं देश में शिक्षा के प्रसार तथा सुधार के लिए शैक्षिक प्रौद्योगिकी विशेषरूप से जनसंपर्क के माध्यमों के विकास पर जोर देती है। परिषद् शैक्षिक आवश्यकताओं के अनुरूप साफ्टवेयर का विकास, अनुसंधान, मूल्यांकन अध्ययन जैसे कार्य तथा शैक्षिक प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में काम करने वाले कार्मिकों को प्रशिक्षण देती हैं। राष्ट्रीय शैक्षिक अनुसंधान और प्रशिक्षण परिषद् का केन्द्रीय

1990-91

शैक्षिक प्रौद्योगिकी संस्थान (सीआई.ई.टी.) राज्य शैक्षिक प्रौद्योगिकी संस्थानों (एस.आई.ई.टी.) के कार्यों में उनसे समन्वयन करता है। वर्ष 1990-91 में ऑपरेशन ब्लैक बोर्ड के अन्तर्गत अध्यापक प्रशिक्षण के क्षेत्र में साफ्टवेयर विकसित करने, जिला शैक्षिक प्रौद्योगिकी संस्थानों (डी.आई.ई.टी.) के कार्मिकों को शिक्षा प्रौद्योगिकी (ई.टी.) में प्रशिक्षण देने, इनसैट वाले राज्यों में शैक्षिक दूरदर्शन सेवा (ई.टी.वी.) की जांच और उपयोग करने तथा ई.टी.वी. रेडियो प्रयोक्ता अध्यापकों के लिए स्वयं-अनुदेशी मैनुअल तैयार करने से संबंधित कार्य किए गए।

वर्ष 1990-91 में के.शै.पौ.सं. में कम्प्यूटर नियंत्रित दूरदर्शन स्टूडियो केमरा आदि तथा मीटर से चलने वाले रिमोट कंट्रोल वाली परिष्कृत प्रकाश पद्धति एवं हाई बैंड व लो बैंड के वीडियो टेप की यू-मैटिक रिकार्डिंग की सुविधा और सर्विसिंग-स्टूडियो आदि की व्यवस्था सहित दूसरे दूरदर्शन स्टूडियो को चालू किया गया।

के.शै.प्रौ.सं. ने शैक्षिक दूरदर्शन (ई.टी.वी.) की उपयोगिता पर उड़ीसा, बिहार और आन्ध्र प्रदेश में अध्ययन किए। ये अध्ययन इन विषयों पर किए गए : (1) निर्धारित विषयों के संबंध में बच्चों की सामान्य जानकारी के स्तर जिस पर शैक्षिक दूरदर्शन कार्यक्रम प्रसारित किया गया था, (3) बच्चों पर हास्य दूरदर्शन धारावाहिकों के प्रभाव और (3) भारत की सांस्कृतिक परम्परा पर श्रव्य श्रृंखला का मूल्यांकन।

के.शै.प्रौ.सं. शैक्षिक साफ्टवेयर के विकास, जिनमें ई.टी.वी. कार्यक्रम, श्रव्य कार्यक्रम, फिल्म, चार्ट, स्लाइड और अन्य सामग्रियाँ शामिल हैं, में लगा रहा। वर्ष 1990-91 में प्राथमिक स्तर पर बच्चों एवं अध्यापकों से संबंधित 105 नए ई.टी.वी. कार्यक्रम मुख्यतः सैटैलाइट (इनसैट-1) का संभरण तैयार किया गया।

के.शै.प्रौ.सं. और राज्य शै.प्रौ.सं. द्वारा निर्मित कार्यक्रम छः इनसैट राज्यों जैसे आन्ध्र प्रदेश, बिहार, गुजरात, महाराष्ट्र, उड़ीसा और उत्तर प्रदेश में पांच विभिन्न भाषाओं में सभी विद्यालय दिवसों और ग्रीष्मकालीन अवकाश में तीन घंटे के लिए प्रसारित किया गया। सैटेलाइट के माध्यम से प्रसारण के लिए हिन्दी में 650 कैप्सूल टेप और उड़िया में 400 कैप्सूल टेप तैयार किए गए।

के.शै.प्रौ.सं. द्वारा तैयार कक्षा 9-10 के लिए जीव विज्ञान में 22 चार्टों के सेट को जवाहर नवोदय विद्यालय समिति ने जवाहर नवोदय विद्यालयों में उपयोग के लिए स्वीकार किया है। कक्षा 11-12 के लिए जीव विज्ञान चार्टों को तैयार किया जा रहा है। दृश्य बैंक तैयार करने के अपने प्रयास में के.शै.प्रौ.सं. ने भारत के विभिन्न राज्यों और संघ शासित क्षेत्रों के लोगों, वेषभूषाओं, भोजन की आदतों, प्राकृतिक दृश्यों, ऐतिहासिक और सांस्कृतिक स्मारकों आदि के रंगीन स्लाइड तैयार करना आरम्भ कर दिया है। प्राथमिक विद्यालय के प्रयोगकर्ता अध्यापकों के लिए कक्षा में दूरदर्शन और रेडियो-सह कैसेट रिकॉर्डर और प्लेयर के प्रयोग से संबंधित दो मैनुअल (अंग्रेजी और हिन्दी में) भी विकसित किए गए। वर्ष 1990-91 में पाठ्यचर्या सामग्री के विकास के लिए 15 कार्यशालाओं के आयोजन के अतिरिक्त के.शै.प्रौ.सं. ने तकनीकी प्रचालन एवं अनुरक्षण, आलेख-लेखन शोध प्रविधियों और विद्यालयी शिक्षा के लिए शैक्षिक प्रौद्योगिकी का नवीनीकरण एवं उपयोग पर 11 मार्गदर्शन/प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किए गए।

अध्यापक शिक्षा

रा.शै.अ.प्र.प. ने सेवापूर्व और सेवाकालीन अध्यापक-शिक्षा कार्यक्रमों में गुणात्मक सुधार लाने के अपने कार्यकलाप जारी रखे। वर्ष 1990-91 के दौरान अनुसंधान एवं विकासात्मक कार्यकलापों का उद्देश्य प्रारम्भिक और माध्यमिक शिक्षक-शिक्षा कार्यक्रमों में सुधार, शिक्षक-शिक्षा पाठ्यचर्या का विकास, अध्यापक शिक्षा की पुनर्संरचना एवं पुनर्गठन की केन्द्रीय प्रायोजित योजना के कार्यान्वियन में सहायता की तैयारी करना रहा। जिन्हें हम रा.शै.अ.प्र.प. के प्रमुख कार्यकलापों में गिन सकते हैं।

"प्रारम्भिक और माध्यमिक शिक्षा के लिए राष्ट्रीय अध्यापक-शिक्षा परिषद् एन.सी.टी.ई. शिक्षक-शिक्षा की रूपरेखा पर आधारित दिशानिर्देशों और पाठ्यविवरणों का विकास" परियोजना के अन्तर्गत अध्यापक शिक्षा पाठयचर्या के विभिन्न घटकों में दिशानिर्देश और पाठ्यविवरण तैयार किए गए। "राज्य शैक्षिक

अनुसंधान और प्रशिक्षण परिषद् का संवर्द्धन" पर एक उपागम पत्र भी तैयार किया।

"भारतीय शिक्षा की एनसाइक्लोपिडिया को तैयार करने के संदर्भ में संकल्पनात्मक रूपरेखा के अन्तर्गत धारणा संबंधी रूपरेखा सहित एक प्रारूप, मदों के शीर्षक और लेखकों के लिए दिशानिर्देश तथा परियोजना पूरी करने के लिए योजनाबद्ध कार्यपद्धति को अन्तिम रूप दिया गया। अध्यापक शिक्षा में शोध के क्षेत्रों की पहचान और कुछ चुने हुए क्षेत्रों में शोध की रूपरेखा के विकास पर भी कार्य जारी रहा।

रा.शै.अ.प्र.प. ने राष्ट्रीय अध्यापक शिक्षा परिषद् (एन.सी.टी.ई) के सचिवालय के रूप में कार्य करना जारी रखा और उसके विभिन्न कार्यकलापों को समन्वित किया। अध्यापक शिक्षकों के लिए "मूल्य शिक्षा पर" एक पुस्तिका बनाने के लिए एक कार्यशाला आयोजित की गई। रा.अ.शि.प्र. (एन.सी.टी.टी) की समितियों की अनेक बैठकें भी आयोजित की गई।

जिला शैक्षिक अनुसंधान और प्रशिक्षण परिषद् (डी.आई.ई.टी.) के प्राचार्यों के लिए प्रस्तावित/प्रशिक्षण कार्यक्रम के लिए प्रशिक्षण कार्य पद्धतियाँ एवं युक्तिरचना तैयार करने से संबंधित विचार-विमर्श के लिए एक कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में नमूनों के प्रारूप, शीर्षक और युक्तिरचनाओं पर चर्चा की गई।

रा.शै.अ.प्र.प. ने अध्यापक शिक्षा में लगे व्यावसायिकों और संस्थानों के बीच संप्रेषण का माध्यम स्थापित करने के उद्देश्य से रा.अ.शि.प्र. बुलेटिन का प्रकाशन जारी रखा।

रा.शै.अ.प्र.प. द्वारा चलाए जा रहे चार क्षेत्रीय शिक्षा महाविद्यालयों ने चार वर्ष के बी.ए.बी.एड. या बी.एस.सी (आनर्स/पास) बी.एड. डिग्री, एक वर्ष का बी.एड. पाठ्यक्रम और एक वर्ष का एम.एड. पाठ्यक्रम चलाना जारी रखा। क्षे.शि.म.वि.भुवनेश्वर और मैसूर ने दो वर्ष का एम.एस.सी.एड. पाठ्यक्रम भी चलाया। विद्यालय शिक्षा और अध्यापक शिक्षा से संबंधित शोध अध्ययन के अतिरिक्त क्षे.शि.म.वि. ने विद्यालयी शिक्षा और अध्यापक शिक्षा के विभिन्न पहलुओं तथा सामग्री तैयार करने से संबंधित अनेक विस्तार कार्यक्रम/कार्यशालाएं/बैठकें/संगोष्ठियां आयोजित की गई। पी.एच.डी. डिग्री के लिए अनुसंधान कार्य हेतु क्षे.शि.म.वि. ने अनेक शोधकर्ताओं को मार्गदर्शन प्रदान किया। क्षे.शि.म.वि. ने अपने-अपने क्षेत्रों के अध्यापक शिक्षा संस्थानों और अन्य संस्थानों/संगठनों को परामर्श/मार्गदर्शन देना जारी रखा।

जवाहर नवोदय विद्यालयों में छात्रों का चयन

रा.शै.अ.प्र.प., वर्ष 1986-87 से जवाहर नवोदय विद्यालय में प्रवेश के लिए चयन परीक्षाएं आयोजित करती आ रही है। वर्ष 1990-91 के शैक्षिक सत्र में 18 मार्च, 1990 को 239 जिलों के ज.न.वि. के लिए चयन परीक्षाएं आयोजित की गई तथा शेष 22 ज.न.वि. के लिए 1991-92 में चयन परीक्षाएं आयोजित की गई। रा.शै.अ.प्र.प. ने चयन परीक्षाओं के सुचारू रुप से आयोजन के लिए जवाहर नवोदय विद्यालय के प्राचार्यों और अन्य कार्यकर्ताओं के लिए अनेक मार्गदर्शन कार्यक्रम आयोजित किए। परीक्षा 22 राज्यों और 7 संघशासित क्षेत्रों के 261 जिलों के 3,039 ब्लाकों में स्थित 3,254 केन्द्रों में आयोजित की गई।

जवाहर नवोदय विद्यालय चयन परीक्षा-1990 के लिए पंजीकृत 3,43,107 अभ्यार्थियों में से 3,14,,762 (91.74%) अभ्यर्थी परीक्षा में बैठे। इनमें से 261 ज.न.वि. के लिए 17,445 अभ्यर्थी चुने गए। इन में ग्रामीण क्षेत्रों से 75.96% और शहरी क्षेत्रों से 24.04% अभ्यर्थी चुने गए। प्रवेश के लिए चुने गए लड़के और लड़कियों का प्रतिशत क्रमशः 67.47 और 32.53 रहा।

चुने गए 17,445 अभ्यर्थियों में से 3,440 (19.72%) अनुसूचित जाति और 1,787 (10.24%) अनुसूचित जन जाति के थे। शेष 12,218 (70.04%) पिछड़ी जातियों सहित सामान्य वर्ग के थे।

शैक्षिक सत्र 1991-92 में प्रवेश के लिए छात्रों की चयन परीक्षा 10 मार्च, 1991 को देश के 219 जिलों के 2,607 ब्लाकों में स्थित 2,755 केन्द्रों में आयोजित की गई। 3,15,832 पंजीकृत अभ्यर्थियों में से 2,91,093 (92.17%) अभ्यर्थी परीक्षा में बैठे। इस अवधि में शेष 42 जवाहर नवोदय विद्यालयों में प्रवेश के लिए मई 1991 में आयोजित चयन परीक्षा की तैयारियाँ की गई।

1990-91

राष्ट्रीय प्रतिभा खोज

रा.शै.अ.प्र.प. ने राष्ट्रीय प्रतिभा खोज (एन.टी.सी.) छात्रवृत्ति के पुरस्कार के लिए दूसरे स्तर की परीक्षा 13 मई 1990 को आयोजित की। इससे पहले प्रथम स्तर की परीक्षा अक्तूबर 1989—जनवरी 1990 के दौरान राज्यों/संघ शासित क्षेत्रों द्वारा आयोजित की गई थीं। दूसरे स्तर की परीक्षा 32 केन्द्रों में आयोजित की गई, जिसमें 3,066 छात्र बैठे। इनमें से अनुसूचित जाति और अनुसूचित जन जाति के 70 छात्रों सहित 750 छात्र, छात्रवृत्ति के पुरस्कार के लिए चुने गए। वर्ष 1990-91 के दौरान नामावली में रा.प्र.खो. छात्रों की कुल संख्या 4,747 था।

शैक्षिक सर्वेक्षण

इस वर्ष रा.शै.अ.प्र.प. ने पांचवें अखिल भारतीय शैक्षिक सर्वेक्षण की रिपोर्ट को अंतिम रूप दिया। संदर्भ तारीख के अनुसार यह सर्वेक्षण 30 सितम्बर, 1986 को किया गया था। इस व्यापक सर्वेक्षण की रिपोर्ट प्रकाशनाधीन है। सर्वेक्षण की संक्षिप्त रिपोर्ट अक्तूबर 1990 को प्रकाशित की गई थी। सर्वेक्षण का मुख्य केन्द्र बिंदु वे विभिन्न शैक्षिक समस्याएं हैं जिन पर तत्काल कार्रवाई अपेक्षित है।

रा.शै.अ.प्र.प. ने जि.शै.अ.प्र.प. के संकाय सदस्यों के लिए शिक्षा में नमूना सर्वेक्षण पद्धति पर एक प्रशिक्षण पाठ्यक्रम भी आयोजित किया।

परीक्षा सुधार

रा.शै.अ.प्र.प. ने परीक्षा और मूल्यांकन प्रणाली में सुधार से संबंधित अनेक कार्य किए हैं। माध्यमिक/उच्चतर माध्यमिक बोर्डों के अध्यक्षों और सचिवों की एक संगोष्ठी आयोजित की गई। परीक्षाओं की विश्वसनीयता और मान्यता में सुधार, ग्रेडिंग, अनुमापन एवं निरन्तर व्यापक मूल्यांकन तथा प्रतिपुष्टि प्रणाली में कम्प्यूटर-आधारित विश्लेषण के प्रयोग पर संगोष्ठी में प्रश्नों, प्रश्नपत्रों एवं रिपोर्टिंग कार्यविधि आदि में अतिरिक्त सुधार के उपायों पर विचार-विमर्श किया गया।

परीक्षा सुधार के क्षेत्र में अन्य कार्यकलापों में विद्यालय-स्तर की विभिन्न पाठयचर्याओं से संबंधित सीखने के परिणाम के मूल्यांकन हेतु इकाई परीक्षाओं एवं अन्य साधनों के विकास एवं उनकी जांच तथा मूल्यांकन पद्धति जैसे खुली किताब परीक्षा, मौखिक परीक्षा और परियोजना कार्य का विकास जिन्हें वर्तमान परीक्षा के विकल्प के रूप में रखा जा सके आदि सम्मिलित हैं। वर्ष 1990-91 में परीक्षा सुधार के क्षेत्र में अनेक प्रशिक्षण और विस्तार कार्यक्रम भी आयोजित किए गए।

रा.शै.अ.प्र.प. ने "देश के विभिन्न राज्यों में प्राथमिक विद्यालय के बच्चों की उपलब्धि" तथा "कक्षा 10 और 12 स्तर के छात्रों की शैक्षिक उपलब्धि" पर शोध अध्ययन का कार्य जारी रखा।

शैक्षिक मनोविज्ञान, परामर्श और मार्गदर्शन

रा.शै.अ.प्र.प. ने "रचनात्मक क्षमता वाली लड़कियों के व्यवसाय संबंधी व्यवहार का अध्ययन" "विद्यालय और कक्षा की व्यवस्था में छात्रों के व्यावहारिक प्रबंध की प्रणाली पर प्राथमिक अध्यापकों का एक प्रारम्भिक सर्वेक्षण" और "किशोरों के विकास पर एक देशांतरीय अध्ययन" शीर्षक अनुसंधान परियोजनाएं आयोजित कीं। व्यावसायिक छात्रों का व्यवसाय संबंधी व्यवहार और "विद्यालय में +2 स्तर पर उनका समायोजन" शोध अध्ययन की उपलब्धियों को संबंधित विभागों और अभिकरणों को दिया गया। बुद्धि और अभिरुचि परीक्षणों की समीक्षा पर दो बुलेटिन प्रकाशित किए गए। बड़ी संख्या में अध्यापकों और अभिभावकों के मार्गदर्शन पाठ्यक्रम का विस्तार करने के लिए दूरस्थ शिक्षा पद्धति के उपयोग के प्रयत्न किए गए।

इसके अतिरिक्त प्राथमिक विद्यालय के शिक्षकों को स्वतः आत्मपोषण एवं कार्याभिमुख होने के लिए व्यवहारों में संशोधन एवं मार्गदर्शन निवेश से संबंधित विकासात्मक एवं प्रशिक्षण कार्य किए गए।

सात राज्यों/संघ शासित क्षेत्रों से आये जि.शै.प्रौ.सं. के कार्मिकों को प्रभावी शिक्षण-अधिगम युक्तिरचना और कक्षा में किस तरह

व्यवहार-संशोधन प्रविधि अपनायी जाए एवं मार्गदर्शन व परामर्श के सिद्धान्त और प्रविधि के बारे में प्रशिक्षित किया गया।

"क्षमता आधारित मार्गदर्शन कार्यक्रम के विकास की दृष्टि से माध्यमिक विद्यालयों के परामर्शदाताओं की भूमिका और कार्य का मूल्यांकनात्मक अध्ययन" शीर्षक के अन्तर्गत मार्गदर्शन के दर्शन एवं शैक्षिक व्यावसायिक मार्गदर्शन के सामाजिक/व्यक्तिगत क्षेत्रों में छात्रों के बीच विकसित की जाने वाली विभिन्न क्षमताओं को ध्यान में रखते हुए कई मार्गदर्शन कार्यक्रमों की रूपरेखा तैयार की गई।

रा.शै.अ.प्र.प. ने माध्यमिक विद्यालय के छात्रों के आत्म-मार्गदर्शन के लिए 14 मॉड्यूल तैयार किए। इसके अतिरिक्त सीनियर माध्यमिक स्तर के लिए मनोविज्ञान में 2 पाठ्यपुस्तकों की पाण्डुलिपियाँ तैयार की गई। विकासात्मक एवं व्यवसाय-मार्गदर्शन से संबंधित दस श्रव्य कार्यक्रम तैयार किए गए। प्रारम्भिक अध्यापक प्रशिक्षण संस्थानों के अध्यापक प्रशिक्षुओं के लिए संसाधन सामग्री के रूप में प्रारम्भिक विद्यालय छात्रों में सृजनात्मक संभावना को प्रोत्साहित करने पर एक पुस्तिका का विकास किया गया।

"विद्यार्थियों में अधिकतम आत्म पोषण और कार्य अभिमुख होने को प्रोत्साहन देने के लिए पारम्भिक विद्यालय अध्यापकों के लिए मार्गदर्शन निवेशों का विकास" परियोजना के अन्तर्गत प्रारम्भिक विद्यालय अध्यापकों के लिए मार्गदर्शन निवेशों को अन्तिम रूप दिया गया। विद्यालय के छात्रों को समकक्षी परामर्शदाताओं के रूप में प्रशिक्षण देने के लिए पाठयक्रम का विकास भी किया गया।

शैक्षिक अनुसंधान का विकास

रा.शै.अ.प्र.प. की शैक्षिक अनुसंधान और नवाचार समिति (एरिक) ने विद्यालयी शिक्षा और अध्यापक शिक्षा के विभिन्न पहलुओं पर अनुसंधान परियोजनाओं को प्रायोजित करना जारी रखा। एरिक द्वारा सहायता प्राप्त 20 अनुसंधान परियोजनाओं को वर्ष 1990-91 में पूरा किया गया। इनमें से 15 परियोजनाओं को रा.शै.अ.प्र.प. के विभिन्न घटकों ने और पाँच परियोजनाओं को बाहरी अनुसंधान संस्थाओं ने चलाया। छः परियोजनाओं पर रा.शै.अ.प्र.प. के घटकों ने तथा 17 परियोजनाओं पर बाहर की अनुसंधान संस्थाओं ने कार्य किया।

शैक्षिक अनुसंधान की गुणवत्ता सुधारने के प्रयास के रूप में परिषद् ने उत्तर पूर्व पहाड़ी विश्वविद्यालय शिलांग में स्तर-1 अनुसंधान अध्ययन पद्धति पाठ्यक्रम आयोजित किया। अनुसंधान मार्गदर्शकों के लिए तकनीकी अध्यापक प्रशिक्षण संस्थान (टी.टी.टी.आई.), मद्रास में स्तर-2 पर अनुसंधान अध्यापन पद्धति पाठ्यक्रम आयोजित किया गया। राज्य शै.अ.प्र.प. और जिला शै.प्रौ.सं. आदि में कार्यरत कार्मिकों के लिए क्षे.शि.म. भुवनेश्वर में स्तर-3 पर अनुसंधान अध्यापन पद्धति पाठ्यक्रम आयोजित किया गया। एरिक ने राजकोट सौराष्ट्र में शिक्षा पर एक राष्ट्रीय संगोष्ठी का भी आयोजन किया।

शैक्षिक अनुसंधान और नवाचारों के पाँचवें सर्वेक्षण की परियोजना रा.शै.अ.प्र.प. में संस्थापित हो चुकी है। इस सर्वेक्षण की अवधि जनवरी, 1988 से दिसम्बर 1992 तक पाँच वर्ष की होगी। इसमें शिक्षा तथा संबद्ध क्षेत्रों जैसे मनोविज्ञान, समाजशास्त्र, अर्थशास्त्र, संचार, जनसंचार आदि के विभिन्न स्तरों की शैक्षिक प्रक्रिया से संबंधित देश के विभिन्न विश्वविद्यालयों द्वारा संचालित पी.एच.डी. शोध प्रबंधों का सारांश शामिल किया जाएगा।

वर्ष 1990-91 मे एरिक की वित्तीय सहायता से 12 पी.एच.डी. शोध प्रबंध प्रकाशित हुए और 14 पी.एच.डी. शोध प्रबन्धों के प्रकाशन हेतु वित्तीय सहायता अनुमोदित की गई।

रा.शि.सं. की व्याख्यान-श्रंखला में एरिक ने व्याख्यान देने तथा रा.शै.अ.प्र.प. के संकाय सदस्यों से विचारों के आदान-प्रदान के लिए दो प्रतिष्ठित शिक्षाविदों को आमंत्रित किया।

मा.सं.वि.मं. के सहयोग से एरिक ने डा. भीमराव अम्बेडकर के जन्म शताब्दी समारोह के एक हिस्से के रूप में बाबा साहिब अम्बेडकर और भारतीय समाज से असमानता विशेषकर शैक्षिक असमानता को दूर करने की युक्तिरचना पर एक राष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोजन किया। इस संगोष्ठी में भारतीय समाज में असमानता विशेषकर शिक्षा के क्षेत्र में, को दूर करने के लिए सार्थक सिफारिशें की गई।

1990-91

जनसंख्या शिक्षा

राष्ट्रीय जनसंख्या शिक्षा परियोजना (एन.पी.ई.पी.) स्वयं को संस्था का रूप देने के अपने लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए प्रयत्नशील रही। आन्ध्र प्रदेश राज्य और संघ शासित क्षेत्र दमन और दीव के सम्मिलित होने से इस परियोजना के कार्यान्वियन का क्षेत्र विस्तृत हो गया है। इस परियोजना के कार्यकलापों का लक्ष्य विद्यालयी शिक्षा और अध्यापक शिक्षा की विषय-वस्तु और प्रक्रिया में जनसंख्या शिक्षा के तत्वों का एकीकरण और आठवीं पंचवर्षीय योजना में इसके विस्तार की तैयारी थी। वर्ष 1990-91 के दौरान एन.पी.ई.पी. के अन्तर्गत संचालित महत्वपूर्ण कार्यकलापों में जनसंख्या शिक्षा की आवश्यकताओं के निर्धारण पर संगोष्ठी सह-कार्यशाला, जनसंख्या शिक्षा के विभिन्न क्षेत्रों जैसे पाठ्यचर्या सामग्री, प्रशिक्षण एवं अनुदेशी सामग्री में (कोर) पैकेज विकसित करना, मूल्यांकन और अनुसंधान, सह पाठ्यचर्या कार्यकलाप और विद्युतीय माध्यम, जनसंख्या वृद्धि और पर्यावरण तथा वृद्धि की प्रक्रिया पर वीडियो कार्यक्रम तैयार करना तथा अनौपचारिक शिक्षा के क्षेत्र के लिए जनसंख्या--शिक्षा का विकास आदि कार्य शामिल हैं। परियोजना में कार्यरत संकाय सदस्यों ने राज्य जनसंख्या शिक्षा परियोजनाओं के मुख्यालय में जांच दौरा किया और अनेक राज्यों तथा संघ शासित क्षेत्रों में राष्ट्रीय जनसंख्या शिक्षण परियोजना के कार्यान्वियन में तकनीकी सहयोग प्रदान किया। वर्ष 1990-91 में राष्ट्रीय जनसंख्या शिक्षा परियोजना के अन्तर्गत किए गए अन्य कार्यकलापों में जनसंख्या शिक्षा की राष्ट्रीय संसाधन पुस्तक का विकास, जनसंख्या शिक्षा बुलेटिन तैयार करना, माध्यमिक अध्यापक प्रशिक्षण महाविद्यालयों में नियुक्त नये कार्मिकों के लिए प्रशिक्षण, कार्यक्रम, प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता और जनसंख्या शिक्षा पखवाड़ा आयोजित करना सम्मिलित है।

प्रकाशन और प्रचार

रा.शै.अ.प्र.प. का प्रमुख कार्य पाठ्यपुस्तकों, अभ्यास-पुस्तकों, अध्यापक संदर्शिकाओं, पूरक पाठ्यपुस्तकों, अनुसंधान मोनोग्राफों, पत्रिकाओं आदि का प्रकाशन है। वर्ष 1990-91 के दौरान विभिन्न श्रेणियों के अंतर्गत 374 प्रकाशन किए गए। इनमें 47 नई पाठ्यपुस्तकों/अभ्यास पुस्तिकाओं/निर्धारित पाठमालाओं, पाठ्यपुस्तकों/अभ्यासपुस्तिकाओं/निर्धारित पूरक पाठ्मालाओं के 232 पुनर्मुद्रण अन्य सरकारी अभिकरणों के लिए 18 पाठ्यपुस्तक/अभ्यास पुस्तिका, 43 अनुसंधान मोनोग्राफों/रिपोर्ट एवं अन्य प्रकाशन और शैक्षिक पत्र/पत्रिकाओं के 34 अंकों का प्रकाशन शामिल है।

रा.शै.अ.प्र.प. ने विद्यालयी शिक्षा के विभिन्न स्तरों पर छात्रों के लिए अंग्रेजी और हिन्दी की पूरक पाठ्यसामग्री के प्रकाशन का कार्य जारी रखा। इनमें 'रीडिंग टु लर्न सीरीज', 'लोटस सीरीज', 'कमल पुस्तक माला' और 'पढ़ें और सीखें माला' आदि शामिल हैं। परिषद् ने छह पत्रिकाओं 'इंडियन एजूकेशनल रिव्यू' (त्रैमासिक), 'प्राइमरी टीचर (त्रैमासिक)' 'जरनल ऑफ इंडियन एजूकेशन (द्विमासिक) 'स्कूल साइंस (त्रैमासिक), 'प्राइमरी शिक्षक (हिन्दी) (त्रैमासिक)' और भारतीय. आधुनिक शिक्षा' का प्रकाशन जारी रखा। वर्ष 1990-91 के दौरान रा.शै.अ.प्र.प. ने मणिपुर, मेघालय, केरल और मिजोरम में पाठ्यपुस्तक अभिकरणों को रा.शै.अ.प्र.प. की अनेक पाठ्यपुस्तकों और अन्य प्रकाशनों को स्वीकारने/रूपान्तरण/अनुवाद और प्रकाशन के कॉपीराइट की अनुमति दी। पहले की ही तरह रा.शै.अ.प्र.प. के प्रकाशन, प्रकाशन प्रभाग, सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय, भारत सरकार के नई दिल्ली, कलकत्ता, बम्बई, मद्रास, त्रिवेन्द्रम, पटना, लखनऊ और हैदराबाद के बिक्री केन्द्रों के माध्यम से वितरित किए गए।

प्रलेखन और सूचना सेवाएँ

रा.शै.अ.प्र.प. के प्रलेखन और सूचना विभाग ने इसके विभिन्न संघटित इकाइयों के अनुसंधान और विकासात्मक कार्यों को सहयोग देना जारी रखा। इस विभाग ने विद्यालय और अध्यापक प्रशिक्षण संस्थानों में पुस्तकालयाध्यक्षों या पुस्तकालय के प्रभारी अध्यापकों के लिए अभिविन्यास/प्रशिक्षण कार्यक्रम और कार्यशालाएं आयोजित कीं।

रा.शै.अ.प्र.प. के पुस्तकालय प्रलेखन और सूचना विभाग ने अन्तर्राष्ट्रीय शैक्षिक संसाधन और प्रलेखन केन्द्र (आई.ई.आर.डी.ओ.सी.)

1990-91

तथा जनसंख्या शिक्षा प्रलेखन केन्द्र (पी.ओ.डी.ओ.सी.) के रूप में विशेष सुविधाओं की व्यवस्था की। इस केन्द्र को शिक्षा के अन्तर्राष्ट्रीय, और तुलनात्मक पहलुओं तथा जनसंख्या शिक्षा पर सामग्री के एकत्रीकरण और प्रचार में विशेषज्ञता प्राप्त है।

अंतर्राष्ट्रीय संबंध और सहायता

रा.शै.अ.प्र.प. विद्यालयी शिक्षा तथा अध्यापक शिक्षा के क्षेत्र में भारत सरकार के अन्य देशों के साथ द्विपक्षीय सांस्कृतिक आदान-प्रदान कार्यक्रम के कार्यान्वियन में मुख्य अभिकरण की भूमिका निभाती रही। वर्ष 1990-91 में रा.शै.अ.प्र.प. ने यू.ए.आर. शेशल्स, पुर्तगाल, जर्मनी, जांबिया, यूनाइटेड किंगडम, फ्रांस, ऑस्ट्रेलिया, यू.ए.ई. अल्जीरिया, एवं इटली को शैक्षिक सामग्री और सूचनाएं भेजीं तथा जर्मनी और पाकिस्तान से शैक्षिक सामग्री/सूचनाएं प्राप्त कीं।

रा.शै.अ.प्र.प. के संकाय सदस्यों ने यूनेस्को प्रायोजित सात परियोजनाओं/अध्ययनों/कार्यक्रमों जैसे प्रारम्भिक प्राथमिक विद्यालय छोड़ने वाले के लिए शिक्षा जारी रखने पर कार्यशाला, ग्रामीण क्षेत्रों में प्राथमिक शिक्षा को उन्नत करने के लिए माता-पिता और अध्यापकों को सहयोग पर अध्ययन, विज्ञान और प्रौद्योगिकी शिक्षा में विकासात्मक कार्यकलापों पर कार्यशाला, ग्रामीण क्षेत्रों में बालिकाओं के लिए प्राथमिक शिक्षा का उन्नयन, विज्ञान के भावी विषयों पर एक पुस्तिका तैयार करना, कार्याभिमुख प्राथमिक शिक्षा पर अन्तर्देशीय कार्यशाला और अन्तर्राष्ट्रीय समझ, सहयोग और शान्ति तथा मानव अधिकार और मौलिक स्वतंत्रता से संबंधित शिक्षा के लिए सबद्ध सिफारिशों के कार्यान्वियन से संबंधित अध्ययन में हिस्सा लिया। रा.शै.अ.प्र.प. ने शैक्षिक रूप से वंचित जनसंख्या समूहों पर यूनेस्कों प्रायोजित एक अध्ययन पूरा किया और उसकी रिपोर्ट यूनेस्को पी.आर.ओ.ए.पी. बैंकाक को प्रेषित की। वर्ष के दौरान रा.शै.अ.प्र.प. के अनेक संकाय सदस्यों को यूनेस्को और कुछ अन्य अन्तर्राष्ट्रीय संगठनों द्वारा अन्य देशों में विभिन्न कार्यक्रमों में प्रतिनियुक्ति/प्रतिभागिता की अनुमति प्रदान की गई। रा.शै.अ.प्र.प. के संकाय ने 1990-91 में भारत में अन्य देशों से आये शिष्टमण्डल, शिक्षाविदों, अध्यापकों, और विद्यार्थियों से परस्पर विचार-विमर्श किया। यूनेस्को प्रायोजित संयोजन कार्यक्रम के अन्तर्गत अन्य देशों से आये शोध विद्यार्थियों को प्रशिक्षण/मार्गदर्शन प्रदान किया गया।

रा.शै.अ.प्र.प. ने एपिड (यूनेस्को) के सहयोगी केन्द्र और शैक्षिक नवाचार हेतु राष्ट्रीय विकास समहू (एन.डी.जी.) के सचिवालय के रूप में प्रमुख भूमिका अदा की। राष्ट्रीय विकास समूह के कार्यकलापों के एक अंग के रूप में रा.शै.अ.प्र.प. ने क्षेत्रीय शिक्षा महाविद्यालय, भुवनेश्वर में राज्यों और पूर्वी क्षेत्र के संघ शासित क्षेत्रों के लिए शैक्षिक नवाचार पर एक अंतर-क्षेत्रीय प्रादेशिक संगोष्ठी का आयोजन किया।

क्षेत्रीय सेवाएँ

रा.शै.अ.प्र.प. ने देश में विद्यालयी शिक्षा की गुणवत्ता में सुधार के उद्देश्य को प्राप्त करने के लिए रा.शै.अ.प्र.प./मां.सं.वि.मं./राज्य सरकारों और राज्य शैक्षिक अभिकरणों के बीच प्रभावशाली संप्रेषण सेतु स्थापित करने के लिए अपने 17 क्षेत्रीय सलाहकार कार्यालयों की कार्यप्रणाली को पुनर्गठित किया। इन क्षेत्रीय कार्यालयों ने मुख्यालय में राष्ट्रीय शिक्षा संस्थान के विभिन्न विभागों और केन्द्रीय शैक्षिक प्रौद्योगिकी संस्थान, अपने-अपने क्षेत्रों के क्षेत्रीय शिक्षा महाविद्यालयों को उनके कार्यक्रम के आयोजन, राष्ट्रीय प्रतिभा खोज छात्रवृत्ति परीक्षा के साक्षात्कार एवं प्रशासन में, जवाहर नवोदय विद्यालय में प्रवेश के लिए चयन परीक्षा में, तथा राज्य और राष्ट्रीय पुरस्कार के लिए अध्यापकों के चयन में सहायता प्रदान की। इनमें से बहुत से क्षेत्रीय कार्यालयों ने विद्यालयी शिक्षा में गुणात्मक सुधार लाने के लिए राज्य स्तर के शैक्षिक कार्यकर्ताओं के लिए कार्यक्रम आयोजित किए।

इस वर्ष क्षेत्रीय सेवाएं और विस्तार समन्वयन विभाग (डी.एफ.एस.ई.सी.) रा.शै.अ.प्र.प. ने क्षेत्रीय कार्यालयों से प्राप्त सूचना निवेशों पर कार्रवाई की, उन कार्यक्रमों/कार्यकलापों का चयन किया गया, जिनके कार्यान्वियन के लिए रा.शै.अ.प्र.प. के घटकों से शैक्षणिक

1990-91

सहयोग देने की आवश्यकता थी तथा संबंधित घटकों को उन पर अनुवर्ती कार्रवाई करने को कहा गया। राज्यं की उन शैक्षिक आवश्यकताओं का पता लगाने के लिए जिन्हें रा.शै.अ.प्र.प. की शैक्षणिक/तकनीकी सहायता की आवश्यकता है तथा इन आवश्यकताओं को पूरा करने की कार्यपद्धतियों का निर्धारण करने में क्षेत्रीय सेवाएं और विस्तार समन्वयन विभाग के क्षेत्रीय कार्यालयों, क्षेत्रीय महाविद्यालयों तथा राज्य शिक्षा विभागों के परस्पर कार्य में सहयोग दिया। इस विभाग ने क्षेत्रीय कार्यालयों और अपने-अपने क्षेत्र के क्षेत्रीय शिक्षा महाविद्यालयों के कार्यक्रमों के बीच प्रभावी समन्वयन के लिए क्षेत्रीय समन्वयन समितियों की क्रियाविधि के प्रभावशाली प्रचालन के लिए भी कदम उठाए हैं।

वर्ष 1990-91 में रा.शै.अ.प्र.प. के विभिन्न घटकों द्वारा किए जाने वाले कार्यकलापों/कार्यक्रमों का विस्तृत ब्यौरा परवर्ती अध्यायों में दिया गया है।

तीन

विद्यालय-पूर्व और प्रारम्भिक शिक्षा

14 वर्ष तक की आयु के सभी बच्चों को निःशुल्क तथा अनिवार्य शिक्षा उपलब्ध कराने के अपने सर्वाधिक महत्वपूर्ण लक्ष्य को पूरा करने के लिए रा.शै.अ.प्र.प. ने प्रारम्भिक शिक्षा के व्यापीकरण को बढ़ावा देने वाले कार्यक्रमों और परियोजनाओं को उच्च प्राथमिकता दी। राष्ट्रीय शिक्षा नीति (एन.पी.ई.) 1986 के कार्यान्वियन की कार्ययोजना (पी.ओ.ए.) से शैशवकालीन देखभाल व शिक्षा (ई.सी.सी.ई.) को प्राथमिक शिक्षा के पोषक एवं सहयोगी कार्यक्रम तथा समाज की सुविधाविहीन कामकाजी महिलाओं के लिए सहयोगी सेवा के रूप में "मानव संसाधन विकास की युक्तिरचना में महत्वपूर्ण योगदान" की तरह मान्यता मिली है।

विद्यालय-पूर्व और प्रारम्भिक शिक्षा विभाग राज्यों एवं संघ शासित क्षेत्रों में शैशवकालीन देखभाल व शिक्षा को मजबूत बनाने और प्रोत्साहित करने के कार्यकलापों और कार्यक्रमों में सक्रिय रूप से जुटा हुआ है।

शैशवकालीन देखभाल और शिक्षा

शैशवकालीन देखभाल और शिक्षा (ई.सी.सी.ई.) के अन्तर्गत आयोजित बहुत से कार्यकलाप यूनीसेफ सहायता प्राप्त शैशवकालीन देखभाल और शिक्षा (ई.सी.ई.) और बाल मीडिया प्रयोगशाला (सी.एम.एल.) परियोजनाओं के एक अंश के रूप में किए गए। ई.सी.ई. कार्यक्रम के अन्तर्गत ई.सी.ई. कार्यक्रमों के आयोजकों और अध्यापकों के लिए 250 पृष्ठों की एक सचित्र मार्गदर्शिका तैयार की गई। इस प्रलेख में 3, 4 और 5 वर्ष के बच्चों के लिए निर्धारित विकासात्मक लक्ष्यों से संबद्ध कार्यकलापों का चित्रांकन किया गया है।

ई.सी.ई. अनुदेशी सामग्री की श्रृंखला के अन्तर्गत 7 पुस्तिकाएं प्रकाशित हो चुकी हैं और 3 पुस्तिकाएं प्रकाशन के लिए तैयार हैं। ये इस प्रकार है–"ड्रामा एण्ड दि यंग चाइल्ड", "न्यूट्रीशन एण्ड दि प्री-स्कूलर्स" और "डेवलपिंग रीडिंग रेडिनेस इन प्री-स्कूलर्स"।

बच्चों के लिए श्रव्य कार्यक्रमों के अन्तर्गत रेडियो संभाव्यता अध्ययन के लिए विभिन्न विषयों पर कैप्सूल के रूप में 51 श्रव्य कार्यक्रम निर्मित किए गए। सामान्य् विषयों पर आधारित शिशुओं के लिए 6 सचित्र पुस्तिकाओं की पांडुलिपियाँ तैयार करने का कार्य किया गया।

वि.पू.प्रा.शि.वि. ने बच्चों के नामांकन और उनका आना जारी रखने पर एक अध्ययन किया। इस अध्ययन में परियोजना में भाग लेने वाले 10 राज्यों के 65 केन्द्रों से आँकड़े एकत्र किए गए। जिन बच्चों ने ई.सी.ई. केन्द्रों में भाग लिया था उन्होंने कक्षा-1 में सीधे प्रवेश करने वाले बच्चों की तुलना में ज्यादा विस्तार से ग्रहण किया। इस अध्ययन के आँकड़ों का विश्लेषण किया जा रहा है और रिपोर्ट तैयार की जा रही है।

1990-91

बाल मीडिया प्रयोगशाला (सी.एम.एल.)

उड़ीसा में सी.एम.एल. परियोजना के अन्तर्गत उपलब्ध खेल सामग्री पर एकत्र सूचना के आधार पर एक मैनुअल तैयार किया गया। यह मैनुअल प्रकाशनाधीन है। रिपोर्ट की अवधि के दौरान सी.एम.एल. परियोजना के अन्तर्गत विकसित किए गए लगभग 500 से 600 सैटों का इन्दिरा गाँधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय (आई.जी.एन.ओ.यू.) राष्ट्रीय लोक-सहयोग और बाल विकास संस्थान (एन.आई.पी.सी.सी.डी.), एकीकृत बाल विकास सेवाएँ (आई.सी.डी.एस.) और स्वैच्छिक अभिकरणों सहित अन्य संगठनों में प्रचार-प्रसार किया गया।

गृह-आधारित बाल विकास कार्यक्रम

वि.पू.प्रा.शि.वि. द्वारा ई.सी.ई. के अंतर्गत उड़ीसा के भगवतीपुर आदिवासी क्षेत्र के 65 घरों तथा भुवनेश्वर की गंदी बस्तियों के 100 घरों के गृह-आधारित अध्ययन के अनुभवों के आधार पर 0 से 6 वर्ष की आयु के बच्चों के कार्यकलापों को शामिल करके एक मैनुअल तैयार किया गया। इस अध्ययन से एक गृह आधारित अनुदेशी पैकेज मिला जिसमें स्वास्थ्य, पोषण और अभिभावकों को उनके अपने बच्चों के शिक्षक की भूमिका निभाने का आत्मविश्वास एवं कौशल का विकास करने हेतु प्रारम्भिक शिक्षा/प्रेरणा सम्मिलित थी।

बच्चे से बच्चे तक (चाइल्ड टू चाइल्ड) कार्यक्रम

दिल्ली नगर निगम के 14 प्राथमिक विद्यालयों में चलाए जा रहे "बच्चे से बच्चे तक" कार्यक्रम के अन्तर्गत प्राथमिक विद्यालयों में कार्यक्रमों के संचालन हेतु अध्यापकों के लिए एक विस्तृत पुस्तिका तैयार की गई। इसके अतिरिक्त 3 दिन की एक कार्यशाला आयोजित की गई जिसमें अध्यापकों को 'बच्चे से बच्चे तक' कार्यक्रम के विभिन्न पहलुओं से परिचित करवाया गया।

रेडियो संभाव्यता अध्ययन

वर्ष 1989 से आरम्भ रेडियो संभाव्यता परियोजना का मुख्य उद्देश्य विद्यालय पूर्व और प्राथमिक विद्यालय की आयु के बच्चों के लिए कोटा राजस्थान रेडियो प्रसारण के माध्यम से संवर्द्धन कार्यक्रम प्रदान करना था। इस परियोजना को वि.पू.प्रा.शि.वि. ने अखिल भारतीय आकाशवाणी के सहयोग से चलाया। इस परियोजना के समर्थन और प्रचार के लिए एक विवरणिका तैयार की गई।

नर्सरी स्कूलों में शैशवकालीन शिक्षा कार्यक्रम

विद्यालय-पूर्व और प्रारम्भिक शिक्षा विभाग ने कक्षा में खेल विधि से सीखने-सिखाने के कार्यकलापों को बढ़ावा देने के लिए दिल्ली नगर निगम (एम.सी.डी.) परियोजना विद्यालयों के नर्सरी, कक्षा-2 और कक्षा-3 के अध्यापकों की एक बैठक का आयोजन किया गया।

खिलौना बनाने की कार्यशाला एवं प्रतियोगिताएँ

पूर्व प्राथमिक तथा प्रारंभिक प्राथमिक स्तर पर शैक्षिक खेल-खिलौनों की महत्ता तथा खेल विधि पर आधारित शिक्षण पद्धति के बारे में अध्यापकों में जागरूकता लाने के लिए रा.शै.अ.प्र.प. राज्य स्तर पर खिलौने बनाने की कार्यशालाएं--सह-प्रतियोगिताएं आयोजित करती रही है। वर्ष 1990-91 में राष्ट्रीय स्तर पर 22 से 27 मार्च, 1991 तक पाँच दिवसीय एक कार्यशाला-सह-प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। राष्ट्रीय स्तर की इस कार्यशाला-सह-प्रतियोगिता में महाराष्ट्र, उत्तर प्रदेश, मिजोरम, हरियाणा, चण्डीगढ़ और हिमाचल प्रदेश राज्यों के विद्यालय-पूर्व/प्राथमिक विद्यालय के सात पुरस्कार विजेता अध्यापकों ने भाग लिया। कार्यशाला में विशेषज्ञों ने प्रतिभागियों को तीन माध्यमों मिट्टी, कागज की लुगदी और लकड़ी से खिलौना बनाना सिखाया और इसके लिए प्रोत्साहित किया। तीन उत्तम रचनाओं को पुरस्कृत किया गया।

1990-91

वर्ष 1990-91 में विभाग ने कम लागत के शैक्षिक खिलौने बनाने के लिए एक मैनुअल तैयार करने से संबंधित काम किया। इस मैनुअल में विभाग द्वारा आयोजित आंचलिक एवं राष्ट्रीय खिलौना प्रतियोगिता में विजेता खिलौनों को शामिल किया गया है।

शैशवकालीन शिक्षा के प्रमुख व्यक्तियों का प्रशिक्षण

शैशवकालीन शिक्षा के समन्वयकों और शैशवकालीन शिक्षा के नवाचार कार्यक्रमों जैसे "बच्चे से बच्चे तक" और गृह प्रेरणा तथा विद्यालय जाने के लिए तैयार कार्यक्रम के राज्य स्तर के कार्यकर्ताओं का एक प्रशिक्षण कार्यक्रम 16 से 26 अप्रैल, 1990 तक आयोजित किया गया। ई.सी.ई. के परियोजना समन्वयकों के प्रशिक्षण कार्यक्रम के अतिरिक्त वि.पू.प्रा.शि. विभाग ने शैशवकालीन शिक्षा में गैर-सरकारी अभिकरणों के प्रमुख कार्यकर्ताओं के लिए रा.शै.अ.प्र.प. परिसर, नई दिल्ली में दो प्रशिक्षण कार्यक्रम (दिनांक 3 से 15 अक्तूबर तथा 5 से 16 नवम्बर, 1990) आयोजित किए। केन्द्रीय तिब्बती विद्यालय संगठन (सी.टी.एस.ए.) के अनुरोध पर वि.पू.प्रा.शि.वि. ने शैशवकालीन शिक्षा में सी.टी.एस.ए. के विद्यालय-पूर्व अध्यापकों के लिए एक मास का सेवाकालीन प्रशिक्षण 10 जनवरी से 9 फरवरी 1991 तक रा.शै.अ.प्र.प. परिसर, नई दिल्ली में आयोजित किया।

प्राथमिक स्तर पर शिक्षा की विषयवस्तु और प्रक्रिया का नवीनीकरण

राष्ट्रीय पाठ्यचर्या संरचना के आधार पर वि.पू.प्रा.शि. विभाग ने कक्षा 1 से 5 की गणित और कक्षा 3 से 5 की पर्यावरण अध्ययन (ई.वी.एस.) 1 और 2 की पाठ्यपुस्तकें तैयार कीं। पाठ्यपुस्तकों के अतिरिक्त विभाग ने कार्यानुभव और कला शिक्षा के क्षेत्र में अध्यापक संदर्शिका तैयार की।

सामग्री के इस सैट के संशोधन का कार्य वर्ष 1989 से चल रहा है। वर्ष 1990-91 के दौरान कक्षा-5 के लिए गणित की पाठ्यपुस्तक का मूल्यांकन किया गया। इसके अतिरिक्त दिल्ली के विद्यालयों में प्रयोग की जाने वाली पाठ्यपुस्तकों का अध्यापकों ने मूल्यांकन किया। मूल्यांकन रिपोर्ट के आधार पर पाठ्यपुस्तकों का संशोधन किया जाएगा। अनुदेशी सामग्री के मूल्यांकन से संबंधित आयोजित कार्यशाला का विस्तृत विवरण तालिका-3.1 में दिया गया है।

तालिका 3.1

कक्षा 1 से 5 तक की नई पाठयपुस्तकों के मूल्यांकन हेतु 1990-91 में वि.पू.प्रा.शि.वि. द्वारा आयोजित कार्यशालाएँ

क्रमांक	*कार्यक्रम का शीर्षक*	*तारीख*	*स्थान*	*प्रतिभागियों की संख्या*
1.	भाषा, गणित और पर्यावरण अध्ययन 1 और 2 (दिल्ली के विद्यालयों की कक्षा 3 से 5) की पाठ्यपुस्तकों की समीक्षा पर प्रथम कार्यकारी समूह की बैठक	21 से 29 मई, 1990	रा.शै.अ.प्र.प., नई दिल्ली	24
2.	भाषा, गणित, पर्यावरण अध्ययन 1 और 2 (दिल्ली के विद्यालयों की कक्षा 3 से 5) में पाठ्यपुस्तकों की समीक्षा के लिए द्वितीय कार्यकारी समूह की बैठक	28 मई से 28 जून, 1990	रा.शै.अ.प्र.प., नई दिल्ली	44

1990-91

क्रमांक	कार्यक्रम का शीर्षक	तारीख	स्थान	प्रतिभागियों की संख्या
3.	केन्द्रीय विद्यालय संगठन के अध्यापकों द्वारा कक्षा 5 की गणित की पाठ्यपुस्तक की समीक्षा के लिए कार्यकारी समूह की बैठक (राष्ट्रीय स्तर) (एक बैठक)	4 से 6 फरवरी, 1991	रा.शै.अ.प्र.प., नई दिल्ली	28

पोषण, स्वास्थ्य शिक्षा, पर्यावरणात्मक स्वच्छता (एन.एच.ई.ई.एस.)

यूनिसेफ सहायता प्राप्त परियोजना "पोषण", स्वास्थ्य शिक्षा और पर्यावरणात्मक अध्ययन (एन.एच.ई.ई.एस.) वर्ष 1975 में आरम्भ की गई थी। इस परियोजना का मुख्य उद्देश्य पोषण, स्वास्थ्य, शिक्षा और पर्यावरणात्मक अध्ययन के क्षेत्र में प्राथमिक विद्यालयों के बच्चों के लिए उपयुक्त अनुदेशी सामग्री तैयार करना तथा समुदाय संपर्क कार्यक्रम के माध्यम से विद्यालय से इतर जनसंख्या को संबंधित जानकारी देने की युक्तिरचना तैयार करना है। वर्ष 1987-89 में "पोषण स्वास्थ्य, शिक्षा और पर्यावरणात्मक अध्ययन" परियोजना का छात्रों और समाज पर प्रभाव का अध्ययन करने के लिए वर्ष 1987-89 में "छात्रों की उपलब्धि का अध्ययन" (पी.ए.टी.) तथा "समाज से संपर्क कार्यक्रम का प्रभाव" (सी.सी.पी.) का अध्ययन शीर्षक दो मूल्यांकन अध्ययन किये गए। वर्ष 1990-91 में एकत्र आँकड़ों की जाँच और विश्लेषण किया गया। प्रभाव संबंधी अध्ययन की तकनीकी रिपोर्ट तैयार की जा रही है।

मानव संसाधन विकास के लिए गहन क्षेत्र शिक्षा परियोजना

यूनिसेफ सहायता प्राप्त परियोजना (ए.आई.ई.पी.) क्षेत्र विशेष की कुल जनसंख्या की शैक्षणिक, सामाजिक-आर्थिक और विकासात्मक आवश्यकताओं की पूर्ति हेतु रा.शि.नी.-1986 और पी.ओ.ए. में रेखांकित प्राथमिकताओं को सहायता प्रदान करने के लिए बनाई गई है। इस परियोजना में समाज में विद्यालय-पूर्व शिक्षा प्राथमिक, अनौपचारिक और प्रौढ़ शिक्षा को आपस में जोड़ने तथा केन्द्रीय और राज्य स्तर के सामाजिक-आर्थिक, विकासात्मक निवेशों में सामंजस्यता पर बल दिया गया है। अन्य बातों के साथ-साथ इस परियोजना में (1) सामाज की शैक्षणिक और विकासात्मक आवश्यकताओं की पहचान, (2) गाँव की सूक्ष्म स्तर की योजनाओं का विकास और कार्यान्वियन, (3) विभिन्न स्तरों पर अन्तरखण्डीय समन्वयन और परियोजना के प्रत्येक स्तर पर समुदाय को सहभागी के रूप में सम्मिलित करना आदि मुख्य बिन्दु भी हैं।

वर्ष 1990-91 में इस परियोजना का महाराष्ट्र, मिजोरम, उड़ीसा, तमिलनाडु और उत्तर प्रदेश राज्यों तथा दादर और नगर हवेली संघ शासित क्षेत्र में कार्यान्वियन जारी रहा। परियोजना प्रतिभागी राज्यों में खण्ड-स्तर पर बहुउद्देशीय संसाधन केन्द्र (एम.पी.आर.सी.) स्थापित करने और इन्हें चलाने संबंधी आवश्यक कदम उठाए गए। सभी गाँवों में शिक्षा और विकास केन्द्रों (ई.डी.सी.) ने अपना कार्य आरम्भ कर दिया है। इसके अतिरिक्त शैक्षिक कार्यकलापों पर विभिन्न आय समूहों के लिए नामांकन अभियान एवं शैक्षणिक गतिविधियों के अतिरिक्त शैक्षिक कार्यकलापों में सहायता देने की युक्ति रचना के रूप में स्वास्थ्य, सामाजिक आर्थिक स्थिति, महिलाओं की स्थिति और सामाजिक जागरूकता में सुधार संबंधी कार्य भी किए गए। ऐसा अनुभव किया गया है कि इस परियोजना से योजना, अंतरखंडीय समन्वयन तथा सामुदायिक शिक्षा कार्यक्रमों के कार्यान्वियन के लिए पूरी-पूरी जानकारी देने और योजना के लिए युक्तिरचना बनाने में मदद मिली है।

1990-91

प्राथमिक शिक्षा व्यापक उपागम (सी.ए.पी.ई.)

यूनिसेफ सहायता प्राप्त प्राथमिक शिक्षा व्यापक उपागम परियोजना अंशकालीन अनौपचारिक शिक्षा प्रबन्ध के अन्तर्गत विद्यालयेतर बच्चों के लिए वैकल्पिक शिक्षा उपागम का विकास करने के लिए वर्ष 1979 में आरम्भ की गई थी। यह परियोजना वर्ष 1990-91 में आन्ध्र प्रदेश, बिहार, जम्मू और कश्मीर, कर्नाटक, मध्य प्रदेश, महाराष्ट्र, मिजोरम, उड़ीसा, पंजाब, राजस्थान, तमिलनाडु और उत्तर प्रदेश में कार्यान्वित की गई। वि.पू.प्रा.शि.वि. ने इन राज्यों को विभिन्न कार्यकलापों जैसे अधिगम पैकेज का एक पूरा सेट तैयार करना, कार्यकर्ताओं के लिए पुस्तिका तैयार करना तथा शिक्षार्थियों की उपलब्धि के मूल्यांकन के लिए प्रश्न बैंक/प्रश्न-पत्र आदि तैयार करने में सहायता प्रदान की। शिक्षा परियोजना के अन्तर्गत विकसित अधिगम सामग्री को प्रतिभागी राज्यों की अनौपचारिक शिक्षा प्रणाली में व्यापक रूप से शामिल करने के प्रयत्न भी किए गए। उल्लेखनीय है कि उड़ीसा राज्य ने सी.ए.पी.ई. परियोजना के अन्तर्गत विकसित अधिगम सामग्री को अपनी अनौपचारिक शिक्षा प्रणाली में पहले से ही लागू कर दिया है।

वर्ष 1990-91 में "सी.ए.पी.ई. अधिगम केन्द्रों, अनौपचारिक केन्द्रों और औपचारिक विद्यालयों में जाने वाले शिक्षणार्थियों की उपलब्धि" पर एक अध्ययन आरम्भ किया गया। इसके अतिरिक्त सी.ए.पी.ई. परियोजना के अन्तर्गत एक अन्य अध्ययन "बुलंदशहर (उत्तर प्रदेश) के दनकौर ब्लॉक के 20 चयनित केन्द्रों में अध्ययन कर रहे शिक्षार्थियों की उपलब्धियों का पता लगाने के लिए एक गहन अध्ययन" भी किया गया।

इस गहन अध्ययन में, परियोजना द्वारा विकसित अधिगम सामग्री को केन्द्रों में प्रयोग किया गया। कार्यकर्ताओं को इस अधिगम सामग्री के प्रयोग का प्रशिक्षण दिया गया। इस प्रयोजन के लिए विकसित परीक्षणों/उपकरणों की सहायता से 287 के लगभग शिक्षणार्थियों के आँकड़े एकत्र किए गए। परियोजना की रिपोर्ट तैयार करने के लिए आँकड़ों का विश्लेषण किया जा रहा है।

केप परियोजना के अन्तर्गत वि.पू.प्रा.शि.वि. ने हिन्दी भाषी राज्यों के अधिगम केन्द्रों में नामांकित शिक्षणार्थियों और कार्यकर्ताओं के प्रयोग के लिए एक पूरा अधिगम/प्रशिक्षण पैकेज तैयार किया। इसी प्रकार अहिन्दी भाषी राज्यों ने भी अपनी-अपनी भाषाओं में एक अधिगम/प्रशिक्षण पैकेज तैयार किया।

बिहार राज्य की अनौपचारिक शिक्षा प्रणाली के निदेशक के अनुरोध पर प्राथमिक शिक्षा स्तर के लिए हिन्दी, गणित और पर्यावरण अध्ययन में 13 मॉड्यूल का संशोधित कोर अधिगम पैकेज का सैट भी तैयार किया गया। केप परियोजना के अन्तर्गत सत्र 2, 3, 4 और 5 के लिए भाषा, हिन्दी और गणित में प्रश्न-पत्रों के चार समानान्तर सैट तैयार किए गए।

ऑपरेशन ब्लैक बोर्ड योजना

वर्ष 1990-91 में ओ.बी. योजना के अन्तर्गत दो प्रशिक्षण पैकेज सैटों "जागरूकता पैकेज" और प्रदर्शन "निष्पादन पैकेज" को अन्तिम रूप दिया गया। पैकेज के अंग्रेजी रूपान्तरण को जिला शिक्षा और प्रशिक्षण संस्थानों में आयोजित किए जाने वाले सेवाकालीन प्रशिक्षण पाठ्यक्रम के उपयोग के लिए मुद्रित करवाया जा चुका है। प्रशिक्षण पैकेज का हिन्दी रूपान्तरण मुद्रित किया जा रहा है।

वि.पू.प्रा.शि.वि. ने केन्द्रीय शैक्षिक प्रौद्योगिकी संस्थान के सहयोग से जागरूकता पैकेज को आगे बढ़ाने के लिए 20 रंगीन स्लाइडों का एक सैट, और इसी प्रकार "निष्पादन पैकेज" को बढ़ावा देने के लिए 15 से 30 मिनट की अवधि के 15 वीडियो कार्यक्रम तैयार किए गए।

ऑपरेशन ब्लैकबोर्ड योजना के अन्तर्गत प्राथमिक विद्यालयों को दी गई सामग्री के उपयोग के विस्तार पर अध्ययन करने का भी विचार किया गया।

शोध अध्ययन

(1) प्राथमिक विद्यार्थियों का शब्द-संग्रह पठन—एक अध्ययनः वर्ष 1986 में आरम्भ इस अध्ययन की रिपोर्ट को इस

वर्ष प्रकाशित किया गया। इसमें प्रयोग किए जाने वाले शब्दसंग्रह के आकार और प्रकार का राज्यवार विस्तृत विवरण, उसका तुलनात्मक मूल्यांकन तथा बार-बार प्रयोग किए जाने वाले 5000 शब्दों की सूची एवं प्राथमिक विद्यालय की पाठयपुस्तकों के शब्द संग्रह की उपयुक्त मदों के चयन तथा इस्तेमाल के लिए मार्गदर्शन आदि शामिल हैं।

(2) भारत के ग्रामीण क्षेत्रों में प्राथमिक शिक्षा के उन्नयन के लिए अभिभावक-अध्यापक का समन्वयनः यूनिसेफ सहायता प्राप्त इस अध्ययन में कठिन शैक्षिक संदर्भों के अन्तर्गत ग्रामीण क्षेत्रों में प्राथमिक शिक्षा के उन्नयन के लिए अभिभावक-अध्यापक सहयोग को केन्द्रित किया गया है।

1990-91 में वि.पू.प्रा.शि.वि. द्वारा आयोजित कार्यशाला, प्रशिक्षण/मार्गदर्शन कार्यक्रमों (जो तालिका 3.1 में नहीं दिए गए) को तालिका 3.2 में दर्शाया गया है।

तालिका 3.2

1990-91 के दौरान वि.पू.प्रा.शि.वि. द्वारा आयोजित कार्यशालाएँ/बैठकें, प्रशिक्षण/मार्गदर्शन कार्यक्रम

क्रमांक	*कार्यक्रम का शीर्षक*	*तारीख/अवधि*	*स्थान*	*प्रतिभागियों की संख्या*
1.	खिलौने बनाने पर एक राष्ट्रीय स्तर की कार्यशाला एवं प्रतियोगिता	22 से 27 मार्च, 1991	रा.शि.सं., नई दिल्ली	7
2.	ई.सी.ई. में दिल्ली के प्रमुख विद्यालयों के प्राचार्यों की बैठक	29 नवम्बर, 1990	रा.शि.सं., नई दिल्ली	40
3.	बच्चे से बच्चे तक उपागम पर दि.न.नि. विद्यालयों के अध्यापकों के लिए कार्यशाला	तीन दिन	दि.न.नि. सेवाकालीन प्रशिक्षण केन्द्र, दिल्ली	164
4.	परियोजना वाले दि.न.नि. के विद्यालयों के अध्यापकों की बैठक	18 से 22 दिसम्बर, 1990	दि.न.नि. के चार विद्यालय, दिल्ली	40
5.	शैशवकालीन शिक्षा कार्यक्रम को अन्तिम रूप देने के लिए कार्यशाला	10 से 12 अप्रैल, 1990	रा.शि.सं., नई दिल्ली	10
6.	बच्चे से बच्चे तक परियोजना के अन्तर्गत दि.न.नि. के लिए डायरिया प्रबन्ध पर कार्यशाला	16 नवम्बर से 4 दिसम्बर, 1990	रा.शि.सं., नई दिल्ली	लगभग 500 अध्यापक
7.	ई.सी.ई. परियोजना समन्वयकों के लिए प्रशिक्षण	16 से 26 अप्रैल, 1990	रा.शि.सं., नई दिल्ली	30

क्रमांक	कार्यक्रम का शीर्षक	तारीख/अवधि	स्थान	प्रतिभागियों की संख्या
8.	ई.सी.ई. में गैर-सरकारी संगठनों के प्रमुख कार्यकर्ताओं के लिए प्रशिक्षण कार्यक्रम	3 से 15 अक्तूबर, 1990	रा.शि.सं., नई दिल्ली	22
9.	ई.सी.ई. में गैर-सरकारी संगठनो के प्रमुख कार्यकर्ताओं के लिए प्रशिक्षण कार्यक्रम	5 से 16 नवम्बर, 1990	रा.शि.सं., नई दिल्ली	9
10.	केन्द्रीय तिब्बती विद्यालय संघ के अध्यापकों के विद्यालय पूर्व अध्यापकों के लिए सेवाकालीन प्रशिक्षण	10 जनवरी से 9 फरवरी, 1990	रा.शि.सं., नई दिल्ली	35

सीखने के न्यूनतम स्तर

विद्यालयों में बच्चों की उपलब्धि के स्तर में सुधार, राष्ट्रीय शिक्षा नीति 1986 का एक प्रमुख एवं अति महत्वपूर्ण क्षेत्र है। इस संदर्भ में, नीति में प्रत्येक स्तर के लिए सीखने का न्यूनतम स्तर जिसे प्रत्येक बच्चे को प्राप्त करना होगा निर्धारित करने की आवश्यकता पर बल दिया गया है। मानव संसाधन विकास मंत्रालय द्वारा गठित समिति की रिपोर्ट के आधार पर रा.शै.अ.प्र.प. को प्राथमिक स्तर पर न्यूनतम अधिगम स्तर कार्यक्रम (एम.एम.एल.) के कार्यान्वियन का दायित्व दिया गया है।

ऐसी परिकल्पना की गई है कि न्यूनतम अधिगम स्तर लागू करने से अध्ययन-अध्यापन की विषयवस्तु को ही पढ़ाने पर बल देने की बजाय सीखने पर बल दिया जाएगा जिससे शिक्षा की गुणवत्ता में सुधार आएगा और इससे सभी शिक्षार्थी लाभान्वित होंगे। कार्य योजना को अन्तिम रूप देने के पश्चात, कार्यक्रम कार्यान्वियन के प्रथम चरण को जनवरी 1991 में आरम्भ कर दिया गया। कार्यक्रम के प्रथम चरण में चार खण्डों उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश, राजस्थान और बिहार में प्रत्येक के एक खण्ड को शामिल किया जाएगा।

वर्ष 1991 की प्रथम तिमाही में परियोजना के अंतर्गत कुछ कार्य किए गए, जिसमें अन्य बातों के साथ-साथ एम.एल.एल. रिपोर्ट का अंग्रेजी और हिन्दी में मुद्रण, ब्लॉकों, प्राथमिक विद्यालयों और अनौपचारिक शिक्षा (एन.एफ.ई.) केन्द्रों के लिए चयनित संकेतक एवं निर्देश-चिन्ह, आँकड़े, एकत्र करने के लिए उपकरणों का विकास, मसौदा परिचायक सामग्री तैयार करना, जैसे अध्यापकों और अनौपचारिक शिक्षा अनुदेशकों के लिए हिन्दी में न्यूनतम अधिगम स्तर एम.एल.एल. रिपोर्ट में दी गई क्षमताओं की सीमा तय करने को ध्यान मे रखते हुए उत्तर प्रदेश के प्राथमिक विद्यालयों/अनौपचारिक शिक्षा केन्द्रों में प्रयोग की जा रही वर्तमान पुस्तकों/अनुदेशी सामग्री की विषय वस्तु का विश्लेषण, और अध्यापकों/अनौपचारिक शिक्षा अनुदेशकों के लिए एक मसौदा पुस्तिका तैयार करना सम्मिलित हैं।

प्रकाशन

निम्नलिखित प्रकाशनों को प्रकाशित किया गयाः

1. ग्रोथ ऑफ लॉजिकल थिंकिंग इन चिल्ड्र
2. रिसर्चेज इन चाइल्ड डेवलपमेन्ट

1990-91

प्रेस में

1. अर्ली चाइल्डहुड एजुकेशन प्रोग्राम
2. मैनुअल ऑन चाइल्ड-टु-चाइल्ड प्रोग्राम
3. मैनुअल फॉर होम-बेस्ड प्रोग्राम इन अर्ली चाइल्डहुड एजुकेशन
4. ई.सी.ई. इन्सट्रक्शनल मैटीरियल सीरिज
   — ड्रामा एण्ड दी यंग चाइल्ड
   — न्यूट्रिशन फॉर दि प्री-स्कूलर्स
   — डेवलपिंग रीडिंग रेडिनेस इन दि प्री-स्कूलर्स

उड़ीसा के मनोरंजन कार्यक्रम

(क) वीडियो प्रोग्राम
   — ए डे इन प्री-स्कूल
   — म्यूजिक, रायम एण्ड मुवमेन्ट
   — क्रीएटिव एण्ड एसथेटिक डेवलपमेन्ट

(ख) ऑडियो प्रोग्राम
   1. रेडियो सम्भाव्यता परियोजना के अन्तर्गत बच्चों के लिए 51 ऑडियो कार्यक्रम

चार अनौपचारिक शिक्षा और अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जन-जाति की शिक्षा

विद्यालयेतर अथवा प्रारम्भ में विद्यालय छोड़ने वाले बच्चों और उन बच्चों के लिए जो विद्यालय नहीं गए अनौपचारिक शिक्षा कार्यक्रम तथा अनुसूचितजाति एवं अनुसूचित जन जाति के विद्यार्थियों की शिक्षा के संवर्धन हेतु कार्यक्रम और युक्तियां बनाना रा.शै.अ.प्र.प. के प्राथमिकता वाले क्षेत्रों में से एक है। अनौपचारिक शिक्षा अनुसूचित जाति और अनुसूचित जन जाति शिक्षा विभाग (डी.ए.एफ.ई.ई.एस.सी./एस.टी) द्वारा किए गए मुख्य कार्यक्रम और कार्यकलाप इस प्रकार हैं:—

अनौपचारिक शिक्षा

अनुसंधान और विकास

अनौपचारिक शिक्षा अ.जा./अ.जा. शिक्षा विभाग ने अनौपचारिक शिक्षा के बच्चों की उपलब्धि का मूल्यांकन करने के लिए उपकरणों और कार्यप्रणालियों का विकास किया।

अनौपचारिक शिक्षा पद्धति में प्रयोग के क्षेत्र स्टेशन कार्यक्रम के अन्तर्गत तीन स्वैच्छिक संगठनो में स्थित तीन क्षेत्र-स्टेशनों के दल के सदस्यों की एक योजना बैठक 22 नवम्बर, 1990 को की गई। इसके पश्चात क्षेत्र स्टेशनों में दिए गए निर्देशनात्मक अध्यायों की वीडियो रिकार्डिंग के लिए 29 जनवरी से 2 फरवरी, 1991 तक बोधगया में एक कार्यशाला आयोजित की गई। क्षेत्र-स्टेशनों के संबंध में तीसरा कार्यक्रम एक कार्यशाला थी जो इन स्टेशनों के आंकड़ों का विश्लेषण करने के लिए 3 से 7 फरवरी, 1991 को बोधगया में आयोजित की गई। अनौ. शि.अ.जा./ अ.ज.जा. शि. विभाग ने अनुदेशकों, पर्यवेक्षकों और परियोजना अधिकारियों के लिए सामाजिक, भावनात्मक और राष्ट्रीय एकता पर एक पुस्तिका का मसौदा भी तैयार किया।

न्यूनतम अधिगम स्तर (एम.एल.एल.) परियोजना के अन्तर्गत मानव संसाधन विकास मंत्रालय ने प्राथमिक स्तर पर विकसित की जाने वाली क्षमताओं की एक सूची तैयार की है। अनौ.शि.अ.जा./ अ.ज.जा. विभाग ने एम.एल.एल. के दस्तावेज में संशोधन के लिए प्राथमिक विद्यालय के शिक्षकों और अनौ.शि.अनुदेशकों को शामिल करके 7 कार्यशालाएँ आयोजित कीं। इन कार्यक्रमों का विस्तृत विवरण तालिका 4.1 में दिया गया है।

1990-91

तालिका 4.1

1990-91 में अनौ.शि.अ.जा./अ.ज.जा. शिक्षा विभाग द्वारा आयोजित कार्यशालाएं

क्रमांक	कार्यक्रम का शीर्षक	दिनांक	स्थान	प्रतिभागियों की संख्या
1.	स्तर 3 और 5 पर अनौ.शि के बच्चों के मूल्यांकन के लिए उपकरणों और कार्यप्रणालियों के विकास पर कार्यशाला	11 से 14 दिसम्बर, 1990	नई दिल्ली	4
2.	स्तर 4 पर अनौ.शि. के बच्चों के मूल्यांकन के लिए उपकरण और कार्यप्रणाली के विकास पर कार्यशाला	11 से 15 मार्च, 1990	नई दिल्ली	6
3.	अनौ.शि.पद्धति में प्रयोग के लिए क्षेत्र स्टेशनों के कार्यकर्ताओं के लिए योजना बैठक	22 नवम्बर, 1990	नई दिल्ली	7
4.	अनौ.शि.पद्धति के प्रयोग हेतु क्षेत्र स्टेशन पर निदर्शनात्मक अध्यायों की वीडियो रिकार्डिंग के लिए कार्यशाला	29 जनवरी से 2 फरवरी, 1991	बोधगया	15
5.	क्षेत्र-स्टेशन के क्षेत्रीय आँकड़ों के विश्लेषण के लिए कार्यशाला	3 से 7 फरवरी, 1991	बोधगया	11
6.	अनौ.शि. के सत्र 4 के लिए अनुदेशी सामग्री के विकास और गणित पुस्तक-3 के लिए उदाहरणों के विकास के लिए कार्यशाला	16 से 20 जुलाई, 1991	नई दिल्ली	1
7.	अनौ.शि. के सत्र-4 के लिए अनुदेशी सामग्री के विकास और गणित पुस्तक-3 के उदाहरणों के विकास के लिए कार्यशाला	14 से 21 जनवरी, 1991	नई दिल्ली	6
8.	अनौ.शि. सत्र-4 के लिए अनुदेशी सामग्री के विकास और गणित पुस्तक-3 के लिए उदाहरणों के विकास के लिए कार्यशाला	21 से 25 जनवरी, 1991	नई दिल्ली	10
9.	अनौ.शि. के सत्र-4 के लिए अनुदेशी सामग्री के विकास और गणित पुस्तक-3 के लिए उदाहरणों के विकास के लिए कार्यशाला	18 से 22 मार्च, 1991	नई दिल्ली	7
10.	अनौ.शि. के सत्र-4 के लिए अनुदेशी सामग्री के विकास और गणित पुस्तक-3 के लिए उदाहरणों के विकास के लिए कार्यशाला	18 से 22 मार्च 1991	नई दिल्ली	5

क्रमांक	कार्यक्रम का शीर्षक	दिनांक	स्थान	प्रतिभागियों की संख्या
11.	अनौ.शि. केन्द्रों के अध्येताओं, अनुदेशकों और पर्यवेक्षकों के लिए सामाजिक, भावनात्मक और राष्ट्रीय एकता से संबंधित विषयों पर पूरक पठन सामग्री की समीक्षा के लिए कार्यशाला	20 से 21 दिसम्बर, 1990	नई दिल्ली	4
12.	अनौ.शि.केन्द्रों के अध्येताओं, अनुदेशकों और पर्यवेक्षकों के लिए सामाजिक, भावनात्मक और राष्ट्रीय एकता से संबंधित विषयों पर पूरक पठन सामग्री की समीक्षा के लिए कार्यशाला	21 से 22 मार्च, 1990	नई दिल्ली	5
13.	एम.एल.एल. दस्तावेज का प्रश्नावली सहित अनुवाद करवाने के लिए कार्यशाला	9 से 13 जुलाई, 1990	नई दिल्ली	5
14.	प्राथमिक विद्यालय अध्यापकों और अनौ.शि. के अनुदेशकों को शामिल करके मा.सं.वि.म. द्वारा विकसित एम.एल.एल. दस्तावेज को संशोधित करने हेतु कार्यशाला	23 से 27 जुलाई, 1990	कन्याकुमारी	37
15.	प्राथमिक विद्यालय अध्यापकों और अनौ.शि.के अनुदेशकों को शामिल करके मा.सं.वि.म. द्वारा विकसित एम.एल.एल. दस्तावेज को संशोधित करने हेतु कार्यशाला	24 से 28 जुलाई, 1990	हैदराबाद	29
16.	प्राथमिक विद्यालय अध्यापकों और अनौशि.के. अनुदेशकों को शामिल करके मा.सं.वि.म. द्वारा विकसित एम.एल.एल. दस्तावेज को संशोधित करने हेतु कार्यशाला	24 से 28 जुलाई, 1990	पटना	33
17.	प्राथमिक विद्यालय अध्यापकों और अनौ.शि.के अनुदेशकों को शामिल करके मा.सं.वि.म. द्वारा विकसित एम.एल.एल. दस्तावेज को संशोधित करने हेतु कार्यशाला	26 से 30 जुलाई, 1990	अहमदाबाद	40
18.	प्राथमिक विद्यालय अध्यापको और अनौ.शि. के अनुदेशकों को शामिल करके मा.सं.वि.म. द्वारा विकसित एम.एल.एल. दस्तावेज को संशोधित करने हेतु कार्यशाला	30 से 7 अगस्त, 1990	जयपुर	36
19.	प्राथमिक विद्यालय अध्यापकों और अनौ.शि. के अनुदेशकों को शामिल करके मा.सं.वि.म. द्वारा विकसित एम.एल.एल. दस्तावेज को संशोधित करने हेतु कार्यशाला	6 से 8 अगस्त, 1990	पुणे	33

मांक	कार्यक्रम का शीर्षक	दिनांक	स्थान	प्रतिभागियों की संख्या
20.	प्राथमिक विद्यालय अध्यापकों और अनौ.शि. के अनुदेशकों को शामिल करके मा.सं.वि.म. द्वारा विकसित एम.एल.एल. दस्तावेज को संशोधित करने हेतु कार्यशाला	7 से 11 अगस्त, 1990	भोपाल	33
21.	अनौपचारिक शिक्षा में नवाचारों पर वार्षिक कार्यशाला	29 मई से 2 जून, 1990	डूंगापुर	25
22.	अनौपचारिक शिक्षा में नवाचारों पर वार्षिक कार्यशाला	25 से 29 मार्च, 1990	भुवनेश्वर	27

नौ.शि. के कार्मिकों के लिए मार्गदर्शन/प्रशिक्षण कार्यक्रम

ानव संसाधन विकास मंत्रालय, शिक्षा विभाग भारत सरकार के ानुरोध पर रा.शै.अ.प्र.प. ने अनौपचारिक शिक्षा केन्द्रों के उन प्रमुख प्क्तियों/ परियोजना अधिकारियों तथा अनुदेशकों को प्रशिक्षण देने ा दायित्व लिया जो आंन्ध्र प्रदेश, बिहार, जम्मू और कश्मीर, मध्य देश, उड़ीसा, राजस्थान, उत्तर प्रदेश और पं. बंगाल राज्यों में ान्द्र द्वारा प्रायोजित अनौपचारिक शिक्षा योजना के कार्यान्वयन ं लगे हुए हैं। इस सदंर्भ में अनौ.शि.अ.जा./अ.ज.जा. शि. विभाग ने निम्न प्रकार के कार्यक्रम आयोजत किएः

— राज्यों में अनौ.शि. के प्रमुख व्यक्तियों का प्रशिक्षण।
— उन प्रमुख व्यक्तियों के लिए पुनश्चर्या प्रशिक्षण कार्यक्रम, जिन्होंने पिछले वर्ष प्रशिक्षण लिया।
— शिक्षा विभागों के प्रमुख व्यक्तियों/राज्य स्तर के अधिकारियों की एक दिवसीय बैठकें।
— स्वैच्छिक अभिकरणों के कार्मिकों के लिए प्रशिक्षण कार्यक्रम।
— विभाग द्वारा आयोजित अनौ.शि. प्रशिक्षण कार्यक्रमों का विस्तृत विवरण तालिका 4.2 में दिया गया है।

तालिका 4.2

1990-91 में अनौ.शि.अ.जा./अ.ज.जा विभाग द्वारा आयोजित अनौपचारिक शिक्षा में प्रशिक्षण कार्यक्रम

्माक	कार्यक्रम का शीर्षक	दिनांक	स्थान	प्रतिभागियों की संख्या
1.	मणिपुर के अनौ.शि.के प्रमुख व्यक्तियों के लिए प्रशिक्षण कार्यक्रम	22 से 26 अक्टूबर, 1990	इम्फाल	25
2.	बिहार के अनौ.शि. के प्रमुख व्यक्तियों के लिए पुनश्चर्या प्रशिक्षण कार्यक्रम	20 से 22 जून, 1990	नई दिल्ली	23

1990-91

क्रमांक	कार्यक्रम का शीर्षक	दिनांक	स्थान	प्रतिभागियों की संख्या
3.	उत्तर प्रदेश के अनौ.शि. के प्रमुख व्यक्तियों के लिए पुनश्चर्या प्रशिक्षण कार्यक्रम	8 से 10 अगस्त, 1990	नई दिल्ली	22
4.	मध्य-प्रदेश के अनौ.शि. के प्रमुख व्यक्तियों के लिए पुनश्चर्या प्रशिक्षण कार्यक्रम	29 से 31 अगस्त, 1990	नई दिल्ली	17
5.	आन्ध्र प्रदेश के अनौ.शि. के प्रमुख व्यक्तियों के लिए पुनश्चर्या प्रशिक्षण कार्यक्रम	18 से 20 सितम्बर, 1990	नई दिल्ली	19
6.	उड़ीसा के अनौ.शि. के प्रमुख व्यक्तियों के लिए पुनश्चर्या प्रशिक्षण कार्यक्रम	19 से 21 नवम्बर, 1990	नई दिल्ली	10
7.	असम के अनौ.शि. के. प्रमुख व्यक्तियों के लिए पुनश्चर्या प्रशिक्षण कार्यक्रम	7 से 9 जनवरी, 1990	नई दिल्ली	10
8.	राजस्थान के प्रमुख व्यक्तियों और कार्यकर्ताओं के लिए पुनश्चर्या प्रशिक्षण कार्यक्रम	26 से 28 नवम्बर, 1990	उदयपुर	30
9.	मणिपुर में प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित करने के संबंध में अनौ.शि. के प्रमुख व्यक्तियों का मार्गदर्शन करने के लिए एक दिन का प्रशिक्षण कार्यक्रम	2 जनवरी, 1991	इम्फाल	20
10.	उत्तर प्रदेश के अनौ.शि. परियोजना अधिकारियों के लिए प्रशिक्षण कार्यक्रम	9 से 13 जुलाई, 1991	इलाहाबाद	16
11.	उत्तर-प्रदेश के अनौ.शि. परियोजना अधिकारियों के लिए प्रशिक्षण कार्यक्रम	16 से 20 जुलाई, 1991	इलाहाबाद	25
12.	राजस्थान के अनौ.शि. परियोजना अधिकारियों के लिए प्रशिक्षण कार्यक्रम	13 से 17 दिसंबर, 1990	उदयपुर	30
13.	जम्मू एवं कश्मीर के अनौ.शि. परियोजना अधिकारियों के लिए प्रशिक्षण कार्यक्रम	1 से 11 जनवरी, 1990	जम्मू	24
14	जम्मू एवं कश्मीर के अनौ.शि. परियोजना अधिकारियों के लिए प्रशिक्षण कार्यक्रम	25 से 29 मार्च, 1991	जम्मू	12

1990-91

क्रमांक	कार्यक्रम का शीर्षक	दिनांक	स्थान	प्रतिभागियों की संख्या
15.	अनौ.शि. में लगे स्वैच्छिक अभिकरणों के प्रमुख व्यक्तियों का प्रशिक्षण कार्यक्रम	20 से 24 अगस्त, 1990	तिरुपति	38
16.	राज्यों तथा संघ शासित क्षेत्रों को अनौ.शि.एवं अ.ज.जा/ ज.जा. शिक्षा के क्षेत्र में समर्थन एवं परामर्श प्रदान करने के लिए मार्गदर्शन कार्यक्रम	25 से 29 जून, 1990	गोविन्दपुर उ.प्र.	21
17.	अनौ.शि. और अ.जा./अ.ज.जा. शिक्षा के क्षेत्र में राज्यों और संघ शासित क्षेत्रों को समर्थन और सलाह देने के लिए मार्गदर्शन कार्यक्रम	20 जून से 4 जुलाई, 1990	नई दिल्ली	1
18.	अनौ.शि. और अ.जा./अ.ज.जा. शिक्षा के क्षेत्र में राज्यों और संघ शासित क्षेत्रों को समर्थन और सलाह देने के लिए मार्गदर्शन कार्यक्रम	30 अक्टूबर से 1 नवम्बर, 1990	नई दिल्ली	3
19.	रा.शि.सं. में श्री लंका के निदेशक (अनौ.शि.) का प्रशिक्षण	20 जून से 4 जुलाई, 1990	नई दिल्ली	1

अनुसूचित जाति और अनुसूचित जन-जाति की शिक्षा

"आदिवासी बोलियों में पाठ्यपुस्तकें तैयार करना" शीर्षक पर अनौ.शि. अ.जा./अ.ज.जा. ने गोंडी और ईरुला भाषा में प्रवेशिका तैयार करने का कार्य जारी रखा।

अनौ. शि.अ.जा./अ.ज.जा. विभाग ने क्षेत्रीय लिपि में "आदिवासी बोलियों में अध्ययन-अध्यापन सामग्री का विकास" परियोजना भी आरंभ की, इस परियोजना के अन्तर्गत कक्षा-1 के लिए बिहार की 5 आदिवासी भाषाएं हो, संथाल, मुंडारी, खड़िया और कुरुख में पाठ्यपुस्तकों की पांडुलिपियाँ तैयार की गई हैं। विभाग ने डा.बी.आर. अम्बेडकर के जीवन उध्दरणों का एक संग्रह भी तैयार किया है।

उपर्युक्त के अतिरिक्त अनौ.शि.अ.जा./अ.ज.जा. शिक्षा विभाग ने निम्नलिखित परियोजनाओं पर कार्य जारी रखा,

1. अनुसूचित जातियों के शैक्षिक विकास पर टीका सहित ग्रंथ सूची तैयार करना
2. अनुसूचित जाति के प्रतिष्ठित व्यक्तियों पर ग्रंथ परक पठन सामग्री का तैयार करना।

1990-91

पाँच सामाजिक विज्ञान एवं मानविकी शिक्षा

राष्ट्रीय शैक्षिक अनुसंधान और प्रशिक्षण परिषद् का एक महत्वपूर्ण कार्य विद्यालय शिक्षा के विभिन्न स्तरों पर सामाजिक विज्ञान और मानविकी में शिक्षण सामग्री विकसित करना है। विद्यालय स्तर पर शिक्षा की विषय-वस्तु और प्रक्रिया के नवीनीकरण के प्रयासों के एक अंश के रूप में राष्ट्रीय शिक्षा संस्थान का सामाजिक विज्ञान और मानविकी शिक्षा विभाग (डी.ई.एस.एस.एच.) राष्ट्रीय पाठ्यचर्या की रुपरेखा के आधार पर विद्यालय शिक्षा के विभिन्न स्तरों पर सामाजिक विज्ञान और मानविकी के पाठ्यवितरण और पाठ्यपुस्तकों के विकास में लगा हुआ है। विभाग के अन्य कार्यों में अध्यापकों और अध्यापक-शिक्षकों का मार्गदर्शन, राज्य शिक्षा प्राधिकरणों को पाठ्यचर्या और अनुदेशी सामग्री के विकास और मूल्यांकन में राज्य के शैक्षणिक प्राधिकरणों को शैक्षिक सहायता प्रदान करना और भाषा, सामाजिक विज्ञान, वाणिज्य, कला शिक्षा, स्वास्थ और शारीरिक शिक्षा, योग, सामान्य अध्ययन तथा दर्शनशास्त्र में सर्वेक्षण अध्ययन करना है। सा.वि.मा.शि.वि. राष्ट्रीय जनसंख्या शिक्षा परियोजना के कार्यान्वयन हेतु केन्द्रीय तकनीकी समन्वयन तथा अनुवीक्षण अभिकरण के रूप में भी कार्य करता है।

अनुदेशी सामग्री का विकास

वर्ष 1990-91 में विभाग के कार्यक्रमों का मुख्य केन्द्र सामाजिक विज्ञान (इतिहास, नागरिक शास्त्र, राजनीतिशास्त्र, अर्थशास्त्र और समाजशास्त्र) भाषा (हिन्दी, अँग्रेजी, संस्कृत और उर्दू (वाणिज्य, कला शिक्षा, स्वास्थ्य और शारीरिक शिक्षा, सामान्य अध्ययन और दर्शनशास्त्र में पाठ्यचर्या और अनुदेशी सामग्री तैयार करना रहा है। 1990-91 के दौरान तालिका 5.1 में दी गई पाठ्यपुस्तकों के प्रकाशन के साथ नई शिक्षा नीति-1986 के अनुवर्तन के रूप में अनुदेशी सामग्री के विकास के लिए 1986-87 में आरम्भ किया गया कार्य पूरा हो चुका है।

निम्नलिखित पाठ्यपुस्तकों की पाण्डुलिपियाँ तैयार की जा चुकी हैं।

1. भारतीय अर्थव्यवस्था—एक परिचय, कक्षा 11-12 के लिए अर्थशास्त्र की पाठ्यपुस्तक
2. हमारी हिन्दी, भाग-3, नवोदय विद्यालय की कक्षा-8 के लिए हिन्दी पाठ्यपुस्तक
3. उर्दू की नई किताब, कक्षा-2 के लिए उर्दू पाठ्यपुस्तक
4. उर्दू की नई किताब, कक्षा-5 की उर्दू पाठ्यपुस्तक
5. जीवन और विज्ञान (संशोधित रुपान्तरण) कक्षा-8 के लिए हिन्दी पूरक पुस्तक

1990-91

6. अरूण भारती, भाग-4 की अभ्यास-पुस्तिका
7. अरूण भारती भाग-5, अरूणाचल प्रदेश की कक्षा-5 के लिए हिन्दी पाठ्य पुस्तक
8. अरूण भारती भाग-5 की अभ्यास-पुस्तिका
9. सुलेख पुस्तिका भाग-I
10. सुलेख पुस्तिका भाग-II
11. प्राथमिक कक्षाओं के लिए व्यावहारिक हिन्दी व्याकरण
12. कक्षा 1 और 2 के लिए हिन्दी में पूरक पुस्तकें
13. स्वस्ति भाग-I (संशोधित रूपान्तरण) कक्षा-5 के लिए संस्कृत में पाठ्यपुस्तक
14. स्वस्ति भाग-II (संशोधित रूपान्तरण) कक्षा-6 के लिए संस्कृत में पाठ्यपुस्तक
15. स्वस्ति भाग-III (संशोधित रूपान्तरण) कक्षा-8 के लिए संस्कृत में पाठ्यपुस्तक
16. संस्कृत धारा भाग-5, कक्षा-10 के लिए संस्कृत में पाठ्यपुस्तक (हिन्दी मातृभाषा पाठ्यक्रम का एक भाग)
17. लागत लेखाशास्त्र कक्षा-12 के लिए पाठ्यपुस्तक
18. कार्यालय प्रशासन, कक्षा-12 के लिए पाठ्यपुस्तक

वर्ष के दौरान प्रकाशित अन्य पाठ्यपुस्तकों का विवरण तालिका 5.1 एवं 5.2 में दिया गया है।

तालिका - 5.1

1990-91 में सा.वि.मा.शि.वि. द्वारा विकसित सामाजिक विज्ञान, मानविकी, व्यापार अध्ययन और लेखाशास्त्र में तैयार की गई पाठ्यपुस्तकें

क्रमांक	*पुस्तकों का शीर्षक*	*कक्षा*
	हिन्दी	
1	अरूण भारती, अरूणाचल प्रदेश के लिए भाग-4	6
	संस्कृत	
1	संस्कृत कविता कादंबिनी	12
	उर्दू	
1	उर्दू की नई किताब	4
2	उर्दू की नई किताब	8
	अँग्रेजी	
1	नवोदय विद्यालय के लिए "दी वर्ल्ड एराउण्ड मी"	8
	राजनीति शास्त्र	
1	डेमोक्रेसी इन इण्डिया	12
2	भारत में प्रजातन्त्र (हिन्दी रूपान्तर)	12

1990-91

क्रमाक	पुस्तकों का शीर्षक	कक्षा
	इतिहास	
1	दी स्टोरी ऑफ सिविलाइजेशन वाल्यूम II	10
2	सभ्यता की कहानी, भाग II	10
3	एंशियेन्ट इण्डिया	11
4	प्राचीन भारत	11
5	मिडिएवल इंडिया	11
6	मध्यकालीन भारत	11
7	मॉर्डन इण्डिया	12
8	आधुनिक भारत	12
9	कॉन्टैम्परेरी वर्ल्ड हिस्ट्री	12
10	समसामायिक विश्व इतिहास	12
	भूगोल	
1	इंडिया रिसोर्सेज एण्ड रीजनल डेवलपमेंट	12
2	भारत-संसाधन और क्षेत्रीय विकास (हिन्दी रूपान्तर)	12
	समाजशास्त्र	
1	इंडियन सोसाइटी (रिवाइज्ड वर्शन)	12
	व्यापार अध्ययन	
1	व्यापार अध्ययन	12
	लेखाशास्त्र	
1	एकाउंटिंग भाग I	12
2	एकाउंटिंग भाग II	12

1990-91

तालिका 5.2

1990-91 में सा.वि.मा.शि.वि. द्वारा दूसरी और तीसरी भाषा के रूप में तैयार की गई हिन्दी, उर्दू की पाठ्यपुस्तकें

क्रमांक	कक्षा और शीर्षक
	हिन्दी
1.	कक्षा-6 के लिए हिन्दी एल-2
2.	कक्षा-9 के लिए हिन्दी एल-2
3.	कक्षा-9 के लिए पूरक पाठमाला हिन्दी एल-2
4.	हिन्दी भारती भाग-I कक्षा 7 के लिए पाठ्यपुस्तक हिन्दी एल-3
5.	हिन्दी भारती भाग-III कक्षा 9 के लिए पाठ्यपुस्तक हिन्दी एल-3
6.	कक्षा-9 के लिए पूरक पुस्तक हिन्दी एल-3
	उर्दू
1.	कक्षा 6 के लिए पाठ्यपुस्तक उर्दू एल-2
2.	कक्षा-7 के लिए पाठ्यपुस्तक उर्दू एल-3

एक महत्वपूर्ण क्षेत्र जिसका कार्य पहले ही आरम्भ हो चुका था और वर्ष 1990-91 में उसे आगे बढ़ाया गया वह था हिन्दी, उर्दू और अँग्रेजी की द्वितीय और तृतीय भाषा के रूप में पाठ्यचर्या और अनुदेशी सामग्री तैयार करना। हिन्दी और उर्दू का द्वितीय और तृतीय भाषा के रूप में शिक्षण और पाठ्यविवरण की सामान्य संरचना को अन्तिम रूप दिया जा चुका है और इन भाषाओं में पाठ्यपुस्तकें तैयार करने संबंधी कार्य किए गए।

पाठ्यचर्या/अनुदेशी सामग्री तैयार करना

जैसा कि ऊपर बताया गया है, पाठ्यपुस्तकें तैयार करने के अतिरिक्त सा.वि.मा.शि. विभाग ने निम्नलिखित पाठ्यचर्या के क्षेत्रों में पाठ्यचर्या और अनुदेशी सामग्री बनाई:—

सामान्य अध्ययन

सामान्य अध्ययन में सामान्य संरचना और पाठ्यविवरण, उच्चतर माध्यमिक स्तर पर कोर-पाठ्यचर्या तैयार करने के बाद सामान्य अध्ययन में अनुदेशी सामग्री तैयार करने का कार्य किया गया।

योग

कक्षा 1 से 12 के लिए योग में पाठ्यविवरणों को अन्तिम रूप देने के पश्चात् कक्षा 6 से 8 के योग-अध्यापकों के लिए पुस्तिका और माध्यमिक स्तर के लिए पाठ्य पुस्तक तैयार करने का कार्य आरम्भ किया गया।

शारीरिक शिक्षा

कक्षा 6 से 10 के लिए शारीरिक शिक्षा की सोर्स बुक ऑन फिजिकल एजुकेशन की पाण्डुलिपि तैयार की गई। कक्षा 6 से 10 के लिए शारीरिक शिक्षा में पुस्तिका की रूपरेखा को अन्तिम रूप देने के पश्चात् पुस्तिका की पाण्डुलिपि तैयार करने का कार्य किया गया।

कला शिक्षा

कक्षा 11-12 के लिए दृश्य और पूर्वरचनात्मक कलाओं में पाठ्यविवरणों को अन्तिम रूप देने के पश्चात् निम्नलिखित अनुदेशी सामग्री तैयार की गई:

1. बच्चों के विकास के विभिन्न स्तरों पर बालकला की मुख्य विशिष्टताओं पर स्लाइडों का एक सेट
2. मसौदा पाण्डुलिपियाँ :
   - क. विद्यालयी बच्चों के लिए संगीत—एक उपागम
   - ख. विद्यालयों में नृत्य-शिक्षा—एक उपागम
   - ग. विद्यालयों में श्रव्य कलाएं— एक उपागम
   - घ. विद्यालयों के लिए रचनात्मक कठपुतलियाँ
   - ङ. मिट्टी का काम
   - च. शिक्षा में रचनात्मक नाटक

सा.वि.मा.शि. विभाग ने कक्षा 9-10 के लिए शिक्षा में अध्यापक पुस्तिका के विकास का कार्य भी आरम्भ किया। इसके अतिरिक्त अध्यापक शिक्षा पाठ्यचर्या में कला शिक्षा के पाठ्यक्रम की एक रूपरेखा भी तैयार की।

सा.वि.मा.शि. विभाग ने अपने क्षेत्र के अन्तर्गत अपने वाले सभी विषयों में अध्यापक संदर्शिकाएँ, पुस्तिकाएँ, कार्यकलाप पुस्तकें, पठन और पाठन साधनों आदि को तैयार करने का कार्य आरम्भ किया।

विशेष परियोजनाएँ और कार्यक्रम

सा.वि.मा.शि.वि. कुछ विशेष परियोजना/कार्यक्रमों के कार्यान्वियन मे लगा हुआ है। इसमें निम्नलिखित सम्मिलित हैं:

1. *राष्ट्रीय एकता की दृष्टि से पाठ्यपुस्तकों का मूल्यांकन*

राष्ट्रीय एकता की दृष्टि से 6 राज्यों की इतिहास और भाषा की पाठ्यपुस्तकों के मूल्यांकन संबंधी तीन कार्यक्रमों का आयोजन किया गया था। निजी संगठनों द्वारा प्रकाशित पाठ्यपुस्तकों को भी मूल्यांकन कार्यक्रमों में शामिल किया गया।

2. *संगोष्ठी-पाठ कार्यक्रम*

विद्यालय कार्यक्रमों में संगोष्ठी पाठों और नवाचारों के पुरस्कार विजेताओं की एक राष्ट्रीय बैठक अक्टूबर 1990 में रा.शि.सं. परिसर में आयोजित की गई। इस राष्ट्रीय बैठक में चौंतीस पुरस्कार विजेताओं और तीन संबंधित विद्वानों ने भाग लिया। डा. एस. राधाकृष्णन की जन्मशती के संबंध में आयोजित निबन्ध प्रतियोगिता में 3 राष्ट्रीय पुरस्कार विजेताओं ने अपने पुरस्कार विजेता शोध पत्रों को भी प्रस्तुत किया।

3. *बाल साहित्य के लिए राष्ट्रीय पुरस्कार प्रतियोगिता*

सा.वि.मा.शि. बिभाग ने बाल-साहित्य के लिए छब्बीसवीं राष्ट्रीय पुरस्कार प्रतियोगिता का आयोजन किया। यह प्रतियोगिता बाल साहित्य में गुणात्मक सुधार को उन्नत करने के लिए समय-समय पर आयोजित की जाती है। वर्ष 1990-91 में 15 भाषाओं की 30 बाल पुस्तकों/पाण्डुलिपियों को पुरस्कार विजेता प्रविष्टी के रूप में चुना गया।

4. *पाठ्य-पुस्तक भाषा व्यापकता पर राष्ट्रीय संगोष्ठी*

इस संगोष्ठी में 20 पत्र प्रस्तुत किए गए। पत्रों को प्रकाशन के लिए सम्पादित किया गया।

1990-91

यूनेस्को प्रायोजित कार्यक्रम

सा.वि.म.शि. विभाग ने यूनेस्को प्रायोजित माध्यमिक शिक्षा के सुधार और नवीनीकरण पर राष्ट्रीय कार्यशाला की एक रिपोर्ट तैयार की जो दिसम्बर 1989 में आयोजित की गई थी। विभाग ने यूनेस्को प्रायोजित पारियोजना "10 अन्य देशों के बच्चों के प्रयोगार्थ अपने देश और संस्कृति पर शिक्षण सामग्री" आरंभ की। इस परियोजना के अन्तर्गत 24 विद्यार्थियों और 4 अध्यापकों की एक कार्यशाला आयोजित की गई। वर्ष 1990-91 में अन्तर्राष्ट्रीय समझ, सहयोग, शान्ति तथा मानव अधिकारों और मौलिक स्वतन्त्रता से संबंधित शिक्षा की सिफारिशों को कार्यान्वित करने के लिए एक अन्य यूनेस्को प्रायोजित परियोजना विभाग को सौंपी गई।

सा.वि.मा.शि.वि. ने अनुदेशी सामग्री आदि के विकास/समीक्षा के लिए अनेक कार्यशालाएँ, बैठकें, मार्गदर्शन/प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किए। वर्ष 1990-91 में आयोजित कार्यक्रमों का विस्तृत विवरण तालिका 5.3 में दिया गया है।

वर्ष 1990-91 में दूसरे स्तर की परीक्षा में 3,066 विद्यार्थी शामिल हुए। 750 विद्यार्थियों को छात्रवृत्ति के लिए चुना गया जिनमें 70 अनुसूचित जाति/अनुसूचित जन जाति के थे। दूसरे स्तर की परीक्षा में बैठे विद्यार्थियों और छात्रवृत्ति प्राप्त करने वालों की संख्या का विवरण तालिका 11.2 में दिया जा रहा है।

तालिका 11.2

1990 में दी गई राष्ट्रीय प्रतिभा खोज छात्रवृत्तियाँ

	राज्य/संघ शासित क्षेत्र	आवंटित कोटा	दूसरे स्तर पर परीक्षा में बैठे छात्रों की संख्या	दी गई छात्रवृत्तियों की संख्या (सामान्य श्रेणी)	अ.जा./जन जाति के लिए आरक्षित छात्रवृत्तियाँ	योग
1.	आन्ध्र प्रदेश	225	207	25	5	30
2.	अरुणाचल प्रदेश	25	23	—	—	—
3.	असम	75	75	5	2	7
4.	बिहार	190	185	43	7	50
5.	गोआ	25	24	2	—	2
6.	गुजरात	150	138	6	2	8
7.	हरियाणा	65	65	14	—	14
8.	हिमाचल प्रदेश	30	29	3	1	4
9.	जम्मू और कश्मीर	45	22	—	—	—
10.	कर्नाटक	150	149	51	5	56
11.	केरल	180	173	42	2	46
12.	मध्य प्रदेश	175	172	24	7	31
13.	महाराष्ट्र	315	314	126	13	139

1990-91

राज्य/संघ शासित क्षेत्र	आवंटित कोटा	दूसरे स्तर पर परीक्षा में बैठे छात्रों की संख्या	दी गई छात्रवृत्तियों की संख्या (सामान्य श्रेणी)	अ.जा./जन जाति के लिए आरक्षित छात्रवृत्तियाँ	योग
14. मणिपुर	25	14	—	1	1
15. मेघालय	25	24	—	—	—
16. मिजोरम	25	11	—	—	—
17. नागालैंड	25	21	—	1	1
18. उड़ीसा	140	132	34	2	36
19. पंजाब	80	80	15	—	15
20. राजस्थान	140	139	42	3	45
21. सिक्किम	25	8	—	—	—
22. तमिलनाडु	215	208	55	2	57
23. त्रिपुरा	25	24	4	—	4
24. उत्तर प्रदेश	500	493	85	4	89
25. पश्चिमी बंगाल	245	237	57	13	70
26. अंडमान, निकोबार दीव समूह	10	9	—	—	—
27. चंडीगढ़	10	10	6	—	6
28. दादर तथा नागर हवेली	10	2	—	—	—
29. दिल्ली	50	50	40	—	40
30. दमन तथा दीव	10	5	—	—	—
31. लक्षद्वीप	10	2	—	—	—
32. पांडिचेरी	10	10	1	—	1
33. कुवैत	18	3	—	—	—
34. नेपाल	2	2	—	—	—
35. मस्कट	17	6	—	—	—
योग	3267	3066	680	70	750

1990-91 में राष्ट्रीय प्रतिभा खोज छात्रवृत्तियाँ पाने वाले छात्रों की स्थिति तालिका 11.3 में दी जा रही है।

तालिका 11.3

1990-91 में राष्ट्रीय प्रतिभा खोज छात्रवृत्तियाँ पाने वाले छात्रों की कुल संख्या

क्रमांक	*शिक्षा का स्तर*	*राष्ट्रीय प्रतिभा खोज छात्रवृत्ति पाने वालों की संख्या*
1.	+2 स्तर	1500
2.	स्नातक स्तर के अन्तर्गत	
	मौलिक विभान/सामाजिक विज्ञान	280
	इंजीनियरिंग	1895
	आयुर्विज्ञान	
3.	स्नातकोत्तर स्तर	
	मौलिक विज्ञान	30
	आयुर्विज्ञान	176
	इंजीनियरिंग	16
	एम.बी.ए.	61
	पी.एच.डी.	17
	योग	4747

वर्ष 1990-91 में रु. 79,00,260 की धनराशि राष्ट्रीय प्रतिभा खोज छात्रवृत्ति प्राप्तकर्ताओं को छात्रवृत्ति के रूप में दी गई।

शैक्षिक सर्वेक्षण

निर्णय करने के लिए अपेक्षित सूचना के तत्वों में सांख्यिकीय आंकड़े भी एक हैं। वस्तुतः यह उस समस्या के निदान स्वरूप पहला कदम है, जिसका सामना हमें करना पड़ता है। इससे हम अपने कार्यक्रमों में कितना निवेश कर सकते थे, इसके योगदान के प्रत्युत्तर में हमने क्या प्रगति की है, इसकी जाँच में भी सहायता मिलती है। अन्त में हम कह सकते हैं कि यह उन स्थलों की पहचान करने में सहायता करती है जिन्हें फिर से मजबूत किए जाने या जिनकी परिचालन कार्यनीति में बदलाव अथवा हमारे निवेशों के प्रकार तथा मात्रा में परिवर्तन की जरूरत है।

पिछले वर्षों में मा.मू.स.आ.प्र. विभाग ने 30 सितम्बर, 1986 को पाँचवा अखिल भारतीय शैक्षिक सर्वेक्षण आयोजित किया।

1990-91

विभाग ने पाँचवें अखिल भारतीय शैक्षिक सर्वेक्षण पर "चुनिंदा आंकड़े" तथा "एक संक्षिप्त रिपोर्ट" पहले ही प्रकाशित कर दी है। प्रमुख विस्तृत सर्वेक्षण रिपोर्ट मुद्रण में है। सर्वेक्षण में बहुत मनोरंजक तथ्य सामने आए। यह कई ऐसी समस्याओं पर हमारा ध्यान आकर्षित करता है जिन पर शीघ्र कार्यवाही की जानी है। अन्य बातों के साथ-साथ सर्वेक्षण की उपलब्धियों में प्राथमिक शिक्षा, उच्च प्राथमिक शिक्षा, माध्यमिक शिक्षा, उच्चतर माध्यमिक शिक्षा, विज्ञान-प्रयोगशालाओं, व्यावसायिक पाठ्यक्रमों, अध्यापकों, शिक्षा के अन्य प्रकारों जैसे पूर्व-प्राथमिक शिक्षा, अनौपचारिक शिक्षा तथा प्रौढ़ शिक्षा; विकलांगों की शिक्षा; भौतिक सुविधाओं जैसे विद्यालय भवनों, पीने का पानी, पेशाबघर तथा प्रयोगशालाओं, पुस्तकालयों, ब्लैकबोर्डों, खेलने के मैदानों तथा खेलों की सामग्री तथा विद्यार्थियों की प्रतिभागिता, चिकित्सा सुविधाओं, प्रोत्साहनों जैसे निःशुल्क पाठ्यपुस्तकें, निःशुल्क वर्दी, बालिकाओं के लिए उपस्थिति छात्रवृत्तियाँ; तथा शिक्षा के माध्यम आदि पर सूचनाएँ हैं।

पाँचवें अखिल भारतीय शैक्षिक सर्वेक्षण की अन्तिम रिपोर्ट को पूरा करने से संबंधित कार्य के अतिरिक्त मा.मू.स.आ.प्र. विभाग ने निम्नलिखित कार्यक्रम तथा कार्य किए:

- डी.आई.ई.टी. संकाय (तालिका 11.4) के लिए शिक्षा में प्रतिदर्श सर्वेक्षण पद्धतियों पर एक प्रशिक्षण पाठ्यक्रम।
- मा.मू.स.आ.प्र. विभाग ने प्रतिदर्श सर्वेक्षणों में विभिन्न अनुसंधान संस्थानों तथा विभागों को परामर्श सेवाएं प्रदान कीं।

तालिका 11.4

1990-91 में मा.मू.स.आ.प्र. विभाग द्वारा आयोजित प्रशिक्षण/अभिविन्यास कार्यक्रम

क्रम सं.	कार्यक्रम का शीर्षक	दिनांक	स्थान	प्रतिभागियों की संख्या
1.	डी.आई.ई.टी. के लिए शिक्षा में प्रतिदर्श सर्वेक्षण पद्धतियों पर प्रशिक्षण पाठ्यक्रम	30 जनवरी से 6 फरवरी, 1991	क्षे.शि.म. मैसूर	28

आंकड़ा प्रक्रियन

रा.शै.अ.प्र.प. में 1987-88 में केन्द्रीय सुविधा के रूप में एक कंप्यूटर केन्द्र की स्थापना हुई जिसका उपयोग रा.शि.सं. के विभिन्न विभाग और एकक करते हैं। मा.मू.स.आ.प्र. विभाग के कंप्यूटर केन्द्र के मुख्य कार्य निम्नलिखित हैं:

- ऑफ-लाइन डेटा एन्ट्री प्रणाली की सहायता से कंप्यूटर मीडिया पर आंकड़ों का अंतरण जैसे चुम्बकीय टेप/फ्लॉपीज।
- विभिन्न प्रकार के सांख्यिकीय विश्लेषण करने के लिए सॉफ्टवेयर के प्रयोग का विकास/परिवर्तन करना।
- रा.शै.अ.प्र.प. के विभिन्न विभागों द्वारा प्रारम्भ की गई विभिन्न अनुसंधान परियोजनाओं के आंकड़ों का प्रक्रियन।

1990-91 में निम्नलिखित कार्य किए गए:

- कंप्यूटर पर पाँचवीं अखिल भारतीय शैक्षिक सर्वेक्षण संबंधी राष्ट्रीय तालिका तैयार की गई तथा सर्वेक्षण की मुख्य रिपोर्ट शब्द संसाधन पैकेज के प्रयोग द्वारा तैयार की गई।

1990-91

– राष्ट्रीय प्रतिभा खोज परीक्षा 1991, के संदर्भ में, कंप्यूटर केन्द्र ने उत्तर-पुस्तिकाओं के अंकन, साक्षात्कार के लिए बुलाये गये अभ्यार्थियों की योग्यता-सूची बनाने, साक्षात्कार के अंकों के मापन तथा परिणाम घोषित करने के लिए तैयार की गई अन्तिम योग्यता सूची बनाने में सहायता प्रदान की।

– राष्ट्रीय प्रतिभा खोज-1989 का मद विश्लेषण, सह-संबंध विश्लेषण, बारम्बारता वितरण, मैट तथा सैट अंकों के विश्वसनीयता गुणांक आदि से संबंधित विभिन्न रिपोर्टों को प्रकाशित करने के लिए किया गया। इसी तरह का एक विश्लेषण रा.प्र. खोज परीक्षा 1990 के लिए किया गया।

– अपनी पी.एच.डी. परियोजनाओं के लिए संकाय सदस्यों को कम्प्यूटर सुविधाएँ उपलब्ध कराना।

– कम्प्यूटर केन्द्र के संकाय सदस्यों ने विभिन्न विभागों के अधिकारियों को कम्प्यूटर के प्रयोग में सहायता दी तथा बाहरी एजेन्सियों को, जो आंकड़ों के कम्प्यूटरीकरण का कार्य करते हैं, कार्य समनुदेशित किया। संकाय ने नए कम्प्यूटरों के क्रय करने के संबंध में विभिन्न विभागों को सहायता तथा मार्गदर्शन भी दिया।

– कम्प्यूटर केन्द्र ने सांख्यिकीय तकनीकों के प्रयोग तथा कम्प्यूटर के परिणामों की व्याख्या में अनुसंधानकर्ताओं को मार्गदर्शन दिया।

उपरोक्त के अतिरिक्त, 1990-91 में कम्प्यूटर केन्द्र द्वारा निम्नलिखित परियोजनाएँ तथा कार्यक्रम भी किए गए:

(1) कक्षा दस तथा कक्षा बारह स्तर पर शैक्षिक उपलब्धि का एक अध्ययन:

इस परियोजना का कम्प्यूटर से संबंधित कार्य बाहरी एजैन्सी को सौंपा गया। कम्प्यूटर केन्द्र ने इस परियोजना के अन्तर्गत पर्यवेक्षण, समन्वयन तथा कम्प्यूटरीकरण से संबंधित कुछ कार्य जैसे—विश्लेषण योजना का विकास, आंकड़ों और परिणाम की परिशुद्धता की जाँच तथा परिणाम का निरीक्षण तथा समन्वयन किया। शब्द प्रक्रमण पैकेज का प्रयोग कर अध्ययन की रिपोर्ट का पहला ड्राफ्ट भी तैयार किया गया।

(2) प्राथमिक विद्यालय के बच्चों की उपलब्धि: इस अध्ययन से संबंधित विविध उपकरण संशोधित किए गए तथा कम्प्यूटरीकरण के लिए आंकड़ों की कोडिंग को शामिल किए बिना उन्हें प्रभावी ढंग से इस्तेमाल करने के लिए उनकी संरचना तैयार की गई।

(3) विशेष, सूचना प्रबन्ध पद्धति (रा.शै.अ.प्र.प. के शैक्षिक कर्मचारियों के संबंध में) तथा रा.शै.अ.प्र.प. के शैक्षिक कर्मचारियों के बारे में सूचना के कम्प्यूटरीकरण हेतु एक प्रश्नावली विकसित की गई।

(4) शिक्षा में कम्प्यूटर—अन्तर्राष्ट्रीय शैक्षिक उपलब्धि (आई.ई.ए.) अध्ययन: संसार के 20 अन्य देशों के साथ-साथ भारत भी इस अध्ययन में भाग ले रहा है। अध्ययन का स्तर-1 पूरा हो चुका है। अध्ययन के स्तर-2 से संबंधित उपकरण स्वीकार किए जा रहे हैं तथा पथ-प्रदर्शन हेतु उनका अनुवाद हो रहा है। स्तर-1 के लिए राष्ट्रीय रिपोर्ट की तैयारी हेतु नमूना तालिकाएँ भी विकसित की गई हैं।

1990-91

बारह शैक्षिक मनोविज्ञान, परामर्श और मार्गदर्शन

शैक्षिक मनोविज्ञान, परामर्श और मार्गदर्शन के सिद्धान्तों की सहायता से विद्यालयी शिक्षा में गुणात्मक सुधार लाना रा. शै.अ.प्र.प. का एक मुख्य कार्य है। वर्ष 1990-91 में रा.शि.सं. के शैक्षिक मनोविज्ञान, परामर्श और मार्गदर्शन (शै.म.परा.और.मा.) विभाग ने परामर्श व मार्गदर्शन, प्रारम्भिक स्तर के बच्चों में सृजनात्मक शक्ति की पहचान तथा व्यवहार प्रौद्योगिकी, मनोविज्ञान में कक्षा 11 तथा 12 के लिए अनुदेशी सामग्री का विकास और अध्यापकों तथा अध्यापक शिक्षकों के लिए प्रशिक्षण सामग्री तैयार करने के क्षेत्रों में अनुसंधान, विकास तथा प्रशिक्षण से संबंधित कार्य किए।

अनुसंधान कार्यकलाप

शैक्षिक मनोविज्ञान, परामर्श और मार्गदर्शन विभाग ने शैक्षिक मनोविज्ञान, परामर्श और मार्गदर्शन में विभिन्न अनुसंधान कार्यकलाप किए। विभाग द्वारा जो मुख्य अनुसंधान कार्यकलाप किए गए वे निम्नलिखित हैं:

1. सृजनशील लड़कियों के व्यावसायिक व्यवहार का एक अध्ययनः इस अनुमोदित एरिक परियोजना का उद्देश्य भारतीय व्यवस्था में सृजनशील युवाओं के विशेष समूह को जीवन-वृत्ति की शिक्षा प्रदान करना है। 1990-91 के दौरान, विभिन्न विद्यालयों के आंकड़ों के एकत्रीकरण के अतिरिक्त, परियोजना के प्रथम चरण में प्रयोग किए गए परीक्षणों का संमकन किया गया।

2. व्यावसायिक विद्यार्थियों के जीवन-वृत्ति व्यवहार तथा +2 स्तर पर विद्यालय में उनका सामंजस्य : इस अनुमोदित एरिक परियोजना में स्थानीय विद्यार्थियों के एक नमूने पर तीन अध्ययन संचालित किए गए: (1) व्यावसायिक विद्यार्थियों का एक अन्वेषणात्मक अध्ययन (2) शैक्षिक तथा व्यावसायिक विद्यार्थियों का एक तुलनात्मक अध्ययन और (3) व्यावसायिक विद्यार्थियों का प्रयोगात्मक अध्ययन। इन अध्ययनों का उद्देश्य शिक्षा मार्गदर्शन कार्यकर्ताओं के इस्तेमाल के लिए अनुसंधान आधार प्रदान करना तथा शिक्षा व्यावसायीकरण योजना के अंतर्गत नीति नियोजन एवं पाठ्यचर्या विकास के स्तर पर जिन क्षेत्रों पर नाम अपेक्षित हैं उनका पता लगाना है। अध्ययनों की उपलब्धियाँ संबंधित विभागों तथा अभिकरणों को दे दी गई।

3. कक्षा तथा कक्षा-व्यवस्था में विद्यार्थियों के व्यावहारिक प्रबंन्ध के कार्यो पर प्राथमिक अध्यापकों का एक प्रारम्भिक अध्ययनः प्राथमिक विद्यालय अध्यापकों द्वारा प्रतिदिन कक्षा तथा विद्यालय

के परस्पर कार्य के प्रबन्ध हेतु अपनाई गई प्रचलित प्रणाली में वर्तमान स्थिति तथा उनमें परिवर्तन का अध्ययन करना इस परियोजना का मुख्य उद्देश्य है। अध्ययन में विद्यालय तथा कक्षा-व्यवस्था में बच्चों की प्रतिस्पर्द्धा का प्रबंध, सहयोग तथा बच्चों के कुछ अन्य सामाजिक तथा भावात्मक समायोजन व्यवहारों को केन्द्र बिन्दु बनाया गया। इस अध्ययन के अन्तर्गत 65 मदों की बनाई गई प्रश्नावली को अन्तिम रूप दिया गया।

4. नवयुवकों के विकास पर देशान्तरीय अध्ययनः इस आई.सी.एम.आर. प्रायोजित अध्ययन का उद्देश्य युवाओं की सामाजिक मानसिक विकास की जाँच करना है। उनकी बुद्धि समायोजन एवं जिजीविषा से संबंधित विकासात्मक मानदंडों का विकास किया जा रहा है। पूरे भारत में छः केन्द्रों द्वारा लगभग, 3,000 युवाओं के आंकड़े इकट्ठे किये जा चुके हैं। उपरोक्त तीन पहलुओं के लिए मानदंड विकसित करने हेतु प्रारम्भिक विश्लेषण किया जा रहा है।

विकासात्मक कार्यकलाप

1990-91 के दौरान शैक्षिक मनोविज्ञान, परामर्श और मार्गदर्शन विभाग ने निम्नलिखित विकासात्मक कार्य किए:

1. शैक्षिक एवं मनोवैज्ञानिक परीक्षणों का राष्ट्रीय पुस्तकालय (एन.एल.ई.पी.टी.) वर्ष के दौरान बुद्धि तथा योग्यता परीक्षणों की समीक्षा पर दो बुलेटिन प्रकाशित किए गए। इसके अतिरिक्त, एन.एल.ई.पी.टी. की केन्द्रीय सलाहकार समिति, मनोवैज्ञानिक परीक्षणों की समीक्षा हेतु समीक्षा-समिति तथा सम्पादकीय बोर्ड की बैठकें भी आयोजित की गई। व्यक्तित्व के क्षेत्र में कुल 87 परीक्षणों की समीक्षा तथा सम्पादन कार्य किया गया। ये परीक्षण भारतीय मानसिक मापन पुस्तिका में प्रकाशित किए जाएंगे।

2. मार्गदर्शन के क्षेत्र में दूरस्थ शिक्षा : विभाग ने इं.गाँ.-रा.खु.वि.वि. के सहयोग से मार्गदर्शन में प्रमाण-पत्र/डिप्लोमा/स्नातकोत्तर डिप्लोमा चलाने का सुझाव दिया। मार्गदर्शन में प्रस्तावित प्रमाणपत्र कार्यक्रम के लिए पाठ्यक्रम सामग्री के विकास हेतु तीन कार्यशालाएँ आयोजित की गई। बच्चे की वृद्धि एवं विकास तथा सीखने में मार्गदर्शन से संबंधित समस्याओं पर पाठ्यक्रमों की 12 यूनिटों के मसौदे तैयार किए गए।

3. सक्षमता आधारित मार्गदर्शन कार्यक्रम को विकसित करने के लिए माध्यमिक विद्यालयों के परामर्शदाताओं की भूमिका और कार्यो का एक मूल्यांकनात्मक अध्ययनः अध्ययन के दौरान, मार्गदर्शन के सिद्धांत एवं मार्गदर्शन के शैक्षिक, व्यावसायिक, सामाजिक/व्यक्तिगत क्षेत्रों में विद्यार्थियों के बीच विकसित की जाने वाली क्षमताओं को ध्यान में रखते हुए मार्गदर्शन कार्यक्रमों की रूपरेखा तैयार की गई। विद्यालयों में विभिन्न मार्गदर्शन कार्यक्रम करने हेतु परामर्शदाताओं में क्षमताओं का विकास करने के लिए पाठ्यक्रम की विस्तृत रूपरेखा बनाने हेतु प्रारम्भिक कार्य भी आरम्भ किए गए।

4. उपलब्धि अनुसंधान में कक्षा अध्यापकों के प्रति विचार : 28 जनवरी से 1 फरवरी 1991 तक क्षे.शि.म., मैसूर में आयोजित कार्यशालाओं पुस्तिका का मसौदा तैयार किया गया।

5. 1990-91 के दौरान कक्षा-11 के लिए "मानव-व्यवहार के मनोविज्ञान की समझ" नामक शीर्षक पर पाठ्यपुस्तक की पाण्डुलिपि को अन्तिम रूप दिया गया। इस पाठ्यपुस्तक के लिए अध्यापक पुस्तिका की पाण्डुलिपि भी तैयार की गई।

6. कक्षा-12 के लिए "बेहतर जीवन के मनोविज्ञान" नामक शीर्षक पर पाठ्य-पुस्तक की पाण्डुलिपि को अन्तिम रूप दिया गया। इस पाठ्यपुस्तक के लिए अध्यापक पुस्तिका की पाण्डुलिपि भी तैयार की गई।

7. माध्यमिक विद्यालय के छात्रों के स्वतः मार्गदर्शन हेतु नमूनों का विकास : शैक्षिक मनोविज्ञान, परामर्श और मार्गदर्शन विभाग

ने छात्रों के स्वतः मार्गदर्शन हेतु शैक्षिक सामाजिक तथा वैयक्तिक क्षेत्रों में विभिन्न विषयों पर 14 नमूने तैयार किए।

8. व्यवहार परिवर्तन का अध्ययन : इस कार्यक्रम का उद्देश्य परिवर्तन के क्षेत्र में योग्यता प्राप्त करने के लिए प्रारम्भिक अध्यापक प्रशिक्षकों की सहायता हेतु एक स्रोत पुस्तक के रूप में अनुदेशात्मक सामग्री का विकास करना है। शैक्षिक मनोविज्ञान, परामर्श और मार्गदर्शन विभाग ने लेखकों द्वारा विकसित सामग्री के पुनरीक्षण हेतु रा. शै. अ. प्र. प., नई दिल्ली में 18 मार्च, 1991 तक एक कार्यशाला आयोशाला आयोजित की।

9. मार्गदर्शन में सूचना सेवा-अनुदेशात्मक सामग्री तैयार करना : इस कार्य के अन्तर्गत पाठ्यक्रम की रूपरेखा/विषयवस्तु तथा अनुदेशात्मक सामग्री के प्रारूप को अन्तिम रूप देने हेतु एक कार्यशाला आयोजित की गई।

10. जीवनवृत्ति अध्यापकों के प्रशिक्षण हेतु बहुमाध्यम पैकेज का विकास: 1990-91 के दौरान विकासात्मक तथा जीवनवृत्ति मार्गदर्शन पर 10 ऑडियो कार्यक्रम निर्मित किए गए। 3 अभिभावकों के लिए तथा 7 अध्यापकों एवं अध्यापक प्रशिक्षकों के लिए इसके अतिरिक्त, प्रारम्भिक विद्यालय के अध्यापकों को विद्यालयी शिक्षा मे प्रभावशाली एवं ज्ञानवर्धक जानकारी देने के लिए जो विद्यार्थियों के व्यक्तिगत, सामाजिक एवं जीवनवृत्ति के विकास से संबंधित है। एक पुस्तक शीर्षक "एवत् : का विकास तथा जीवनवृत्ति मार्गदर्शन, जागरूकता" तैयार की गई।

11. मार्गदर्शन सिद्धान्त और पद्धतियाँ : प्ररियोजना के प्रारम्भिक कार्य के रूप में मार्गदर्शन पर इस पाठ्यपुस्तक की विषयवस्तु तथा कार्यप्रणाली को अन्तिम रूप देने हेतु विशेषज्ञों की एक कार्यशाला आयोजित की गई।

12. प्राथमिक विद्यालय के बच्चों के बीच सृजनात्मक संभावना के पोषण पर पुस्तिका : बच्चों के बीच सृजनात्मक संभावनाओं के पोषण हेतु अध्यापकों को सक्षम बनाने में सहायता करने हेतु प्राथमिक-अध्यापक प्रशिक्षण संस्थानों के अध्यापक-प्रशिक्षकों के लिए स्रोत सामग्री के रूप में देने के लिए पुस्तिका को तैयार किया जा रहा है।

13. प्राथमिक अध्यापक-प्रशिक्षकों हेतु शिक्षण एवं विकास पर पुस्तिका तैयार करना : इस पुस्तिका की विषय-वस्तु पर दो कार्यशालाओं में विचार-विमर्श किया गया। इस पुस्तिका के लगभग सभी अध्यायों को अन्तिम रूप दिया जा चुका है।

14. कक्षा तथा विद्यालय व्यवस्था में प्राथमिक अध्यापक-प्रशिक्षकों तथा अध्यापकों हेतु व्यवहार परिवर्तन की पुस्तिका : इस पुस्तिका को तैयार करने का ध्येय प्राथमिक विद्यालय स्तर पर शिक्षकों को कक्षा में पठन-पाठन में व्यवहार परिवर्तन के सिद्धान्तों एवं तकनीकों को लागू करने के लिए प्रोत्साहित करना है। इस पुस्तिका की पाण्डुलिपि को अन्तिम रूप दिया जा रहा है।

15. विद्यार्थियों में अधिकतम स्वतः पोषण तथा कार्योन्मुखता उत्पन्न करने के लिए प्राथमिक विद्यालय के अध्यापकों को मार्गदर्शन देना: इस परियोजना का उद्देश्य उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के अध्यापकों द्वारा स्वतः विकास, शैक्षिक एवं व्यावसायिक सूचना, निर्णय करने की क्षमता, योग्यता एवं प्रशंसा, जीने की शैली तथा अनुकरण-व्यवहार आदि से संबंधित प्रयोग में लाई जाने वाली मार्गदर्शन सामग्री तैयार करना है। प्राथमिक विद्यालय-अध्यापकों के लिए मार्गदर्शन निवेशों को अन्तिम रूप दिया गया।

16. विद्यालयी विद्यार्थियों को समकक्षी परामर्शदाता के रूप में प्रशिक्षित करने के लिए प्रशिक्षण कार्यक्रम का विकास तथा उनका परीक्षण : 1990-91 के दौरान विद्यालयी विद्यार्थियों को समकक्षी परामर्शदाता के रूप में प्रशिक्षित करने के लिए एक प्रशिक्षण कार्यक्रम विकसित किया गया। प्रशिक्षण हेतु पाठ्यक्रम तैयार किया गया और कार्यशला में इस पर चर्चा की गई। इस पाठ्यक्रम की तीन विद्यालयों में परीक्षण भी किया गया।

1990-91

प्रशिक्षण कार्यक्रम

1990-91 के दौरान शैक्षिक मनोविज्ञान, परामर्श और मार्गदर्शन विभाग द्वारा निम्नलिखित प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किए गए:

1. शैक्षिक और व्यावसायिक मार्गदर्शन में डिप्लोमा पाठ्यक्रमः शैक्षिक और व्यावसायिक मार्गदर्शन में 30 वां डिप्लोमा पाठ्यक्रम 1 अगस्त, 1990 से प्रारम्भ किया गया तथा 30 अप्रैल 1991 को समाप्त हुआ। इस पाठ्यक्रम में बिहार, पंजाब, हरियाणा, राजस्थान, उड़ीसा, उत्तर प्रदेश राज्यों तथा संघ शासित क्षेत्र दिल्ली और चण्डीगढ़ से 26 प्रशिक्षणार्थियों ने भाग लिया।

2. प्राथमिक, विद्यालय के बच्चों का मार्गदर्शन तथा समझ पर जि. शि. प्रौ. सं. के कार्मिकों के लिए प्रशिक्षण कार्यक्रम : इस कार्यक्रम का उद्देश्य बच्चों के विकास में तात्कालिक प्रमुख मुद्दों की समझ का विकास तथा बच्चों के निर्माण एवं सृजनात्मकता को बढ़ावा देने वाली विधियाँ तैयार करना था। शैक्षिक मनोविज्ञान, परामर्श और मार्गदर्शन विभाग ने 27 अगस्त से 18 सितम्बर, 1990 तक एक तीन सप्ताह का प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया जिसमें आन्ध्र प्रदेश, हरियाणा, जम्मू तथा कश्मीर, मध्यप्रदेश, पंजाब, तमिलनाडु राज्यों तथा संघ शासित क्षेत्र दिल्ली से जि. शि. प्रौ. सं. के 20 प्रतिभागियों ने भाग लिया। प्रतिभागियों को अन्य बातों के साथ-साथ कक्षा में प्रभावशाली पठन-पाठन कार्यनीतियों एवं व्यवहार परिवर्तन तकनीकों के बारे में मार्गदर्शन दिया गया। उन्हें मार्गदर्शन एवं परामर्श की तकनीकों एवं सिद्धान्तों से भी परिचित कराया गया।

विस्तार कार्यकलाप

1. 19 से 21 सितम्बर, 1990 तक रा. शै.अ.प्र.प. नई दिल्ली में "बाल एवं किशोर मनोवृत्ति में अनुसंधानों पर एक तीन-दिवसीय राष्ट्रीय सम्मेलन" आयोजित किया गया। इस सम्मेलन का मुख्य उद्देश्य बाल एवं किशोर मनोवृत्ति के क्षेत्र में किए गए अनुसंधानों को अद्यतन बनाना तथा इनके बीच अन्तर का पता लगाना एवं बाल तथा किशोर विकास के अध्ययन हेतु भविष्य की योजना तैयार करना था।

2. शैक्षिक मनोविज्ञान, परामर्श और मार्गदर्शन विभाग ने 20 से 22 मार्च, 1990 तक पुणे विश्वविद्यालय में एक अभिविन्यास कार्यक्रम आयोजित किया जिसमें महाराष्ट्र, गोआ, कर्नाटक तथा तमिलनाडु के 30 प्रतिभागियों ने भाग लिया। इस सम्मेलन का उद्देश्य देश के विभिन्न राज्यों के अभिभावक-शिक्षक संघ के कार्यकर्ताओं में विद्यालयों की कार्यान्वयन कार्यनीतियों में मार्गदर्शन सेवाओं की जरूरत एवं महत्ता के बारे में जागरुकता पैदा करना था, तो अभिभावकों एवं शिक्षकों के लिए विभिन्न मार्गदर्शन सेवाएं आयोजित करने में अपनाई जा सकती हैं।

उपरोक्त कार्यक्रमों/कार्यकलापों के अतिरिक्त, शैक्षिक मनोविज्ञान, परामर्श और मार्गदर्शन विभाग के संकाय ने राष्ट्रीय तथा अन्तर्राष्ट्रीय सम्मेलनों, बैठकों आदि में भाग लिया तथा विभिन्न संस्थाओं/संगठनों को परामर्श सेवाएं प्रदान की विभिन्न अनुसंधान तथा विकास कार्यकलापों एवं प्रशिक्षण/विस्तार कार्यक्रमों से संबंधित कार्य के एक भाग के रूप में, शैक्षिक मनोविज्ञान, परामर्श और मार्गदर्शन विभाग ने अनेक कार्यशालाएं बैठकें, सम्मेलन आदि आयोजित किया। इन कार्यक्रमों का विवरण तालिका 12.1 में किया जा रहा है:

1990-91

तालिका 12.1

शैक्षिक मनोविज्ञान, परामर्श, और मार्गदर्शन विभाग द्वारा 1990-91 के दौरान संचालित कार्यशालाएं, बैठकें, संगोष्ठियाँ, सम्मेलन, प्रशिक्षण/अभिविन्यास कार्यक्रम

क्रम संख्या	*कार्यक्रम का शीर्षक*	*दिनांक*	*स्थान*	*प्रतिभागियों की संख्या*
1.	शैक्षिक तथा मनोवैज्ञानिक परीक्षणों का राष्ट्रीय पुस्तकालय (एन. एल. ई. एंड पी. टी.) की केन्द्रीय सलाहकार समिति की बैठका	26 अक्तूबर 1990	रा.शै.अ.प्र.प., नई दिल्ली	9
2.	एन. एल. ई. एंड. पी. टी. की पुनरीक्षण समिति की बैठक	27 से 29 अगस्त, 1990	रा.शै.अ.प्र.प., नई दिल्ली	5
3.	एन, एल. ई. एंड. पी. टी. के सम्पादकीय बोर्ड की बैठक	4 से 8 मार्च, 1991	रा.शै.अ.प्र.प. नई दिल्ली	4
4.	मार्गदर्शन के क्षेत्र में दूरस्थ शिक्षा (सलाहकार सतिति की बैठक)	5 जून, 1990	रा.शै.अ.प्र.प., नई दिल्ली	2
5.	मार्गदर्शन के क्षेत्र के दूरस्थ शिक्षा (सलाहकार सतिति की बैठक)	31 अगस्त, 1990	रा.शै.अ.प्र.प., नई दिल्ली	13
6.	मार्गदर्शन के क्षेत्र में दूरस्थ शिक्षा के लिए पाठ्यक्रम सामग्री के विकास हेतु कार्यशाला	7 से 12 जूलाई, 1991	रा.शै.अ.प्र.प., नई दिल्ली	9
7.	मार्गदर्शन के क्षेत्र में दूरस्थ शिक्षा के लिए पाठ्यक्रम सामग्री के विकास हेतु कार्यशाला	21 से 30 जनवरी, 1991	क्षे.शि.म., मैसूर	17
8.	मार्गदर्शन के क्षेत्र में दूरस्थ शिक्षा के लिए पाठ्यक्रम सामग्री के विकास हेतु कार्यशाला	8 से 16 मार्च, 1991	रा.शै.अ.प्र.प., नई दिल्ली	7
9.	मार्गदर्शन में पाठ्यपुस्तकों पर कार्यशाला	28 से 30 अगस्त, 1990	रा.शै.अ.प्र.प., नई दिल्ली	7
10.	सक्षमता आधारित मार्गदर्शन कार्यक्रम के विकास हेतु कार्यशाला	25 से 30 मार्च, 1990	पुणे	16
11.	माध्यमिक विद्यालय के छात्रों के स्वतः मार्गदर्शन हेतु विकसित विकसित नमूनों के लिए कार्यशाला	24 से 26 सितम्बर, 1991	रा.शै.अ.प्र.प., नई दिल्ली	7
12.	माध्यमिक विद्यालय के छात्रों के स्वतः मार्गदर्शन हेतु विकसित नमूनों के लिए कार्यशाला	11 से 16 मार्च 1991	रा.शै.अ.प्र.प., नई दिल्ली	12

1990-91

क्रम संख्या	कार्यक्रम की शीर्षक	दिनांक	स्थान	प्रतिभागियों की संख्या
13.	विद्यार्थियों में अधिकतम स्वतः पोषण एवं कार्योन्मुखता पैदा करने के लिए प्राथमिक विद्यालय के अध्यापकों में मार्गदर्शन निवेश विकसित करना	22 से 23 अक्तूबर, 1990	रा.शै.अ.प्र.प., नई दिल्ली	6
14.	अनुदेशात्मक सामग्री तैयार करने हेतु कार्यशाला : "मार्गदर्शन में सूचना सेवा"	25 से 27 मार्च 1991	रा.शै.अ.प्र.प., नई दिल्ली	13
15.	कक्षा 12 के लिए नई मनोविज्ञान पाठ्यपुस्तक तैयार करने कार्यशाला	9 से 12 अक्तूबर, 1990	रा.शै.अ.प्र.प., नई दिल्ली	9
16.	व्यवहार परिवर्तन में पठन हेतु अध्यायों का पुनरीक्षण करने के लिए कार्यशाला	18 से 22 फरवरी, 1990	रा.शै.अ.प्र.प., नई दिल्ली	4
17.	कक्षा 12 के लिए नई मनोविज्ञान पाठ्यपुस्तक हेतु अध्यापक पुस्तिका के विकास पर कार्यशाला	19 से 22 मार्च, 1991	रा.शै.अ.प्र.प., नई दिल्ली	23
18.	प्राथमिक अध्यापक शिक्षकों के लिए शिक्षण एवं विकास पर परीक्षा नियम पुस्तिका हेतु कार्यशाला	26 से 28 मार्च, 1991	रा.शै.अ.प्र.प., नई दिल्ली	9
19.	प्राथमिक अध्यापक शिक्षकों के लिए शिक्षण एवं विकास पर परीक्षा नियम पुस्तिका हेतु कार्यशाला	12 से 15 मार्च, 1991	रा.शै.अ.प्र.प., नई दिल्ली	4
20.	पुस्तिका तैयार करने के लिए कार्यशाला : शैक्षिक उपलब्धि कक्षा अध्यापक हेतु अनुसंधान में विचार	28 फरवरी से 1 फरवरी,	क्षे.शि.म. मैसूर	5
21.	विद्यार्थियों के व्यवहारात्मक प्रबन्ध के कुछ कार्यों पर प्राथमिक अध्यापकों के सर्वेक्षक हेतु साधन विकसित करने के लिए कार्यशाला	19 से 21 दिसम्बर, 1990	रा.शै.अ.प्र.प., नई दिल्ली	7
22.	जि.शि.प्रौ.सं. में कार्यकर्ताओं हेतु शैक्षिक मनोविज्ञान तथा मार्गदर्शन में प्रशिक्षण कार्यक्रम	27 अगस्त से 18 सितंबर, 1990	रा.शै.अ.प्र.प., नई दिल्ली	20
23.	विद्यालयों में मार्गदर्शन सेवाएं विकसित करने के लिए पी.टी.ए. कार्मिकों हेतु अभिविन्यास कार्यक्रम	20 से 22 मार्च, 1991	पुणे	30
24.	बाल एवं किशोर मनोविज्ञान में अनुसंधानों पर संगोष्ठी	19 से 21 सितंबर, 1990	रा.शै.अ.प्र.प., नई दिल्ली	31

तेरह

महिला समानता के लिए शिक्षा

रा.शै.अ.प्र.प. ने बालिका शिक्षा की प्रोन्नति तथा लड़के-लड़की में भेद को मिटाने के लिए पाठ्यचर्या एवं अध्यापक शिक्षा में उपयुक्त रूप से हस्तक्षेप करके और लड़कियों की शिक्षा के लिए विकास-नीतियों एवं विशेष कार्यक्रमों के कार्यान्वियन में केन्द्र, राज्य एवं अन्य संस्थाओं/संगठनों को सहायता देकर अपनी वचनबद्धता को नवीकृत किया। रा.शि.सं. के महिला अध्ययन विभाग ने मानव संसाधन की मूल्यवान संभावना के रूप में बालिका शिक्षा की आवश्यकता के प्रति जागरूकता उत्पन्न करने के अतिरिक्त बालिका शिक्षा से संबंधित पॉलिसियों एवं कार्यक्रमों के निर्माण में मानव संसाधन विकास मंत्रालय को तकनीकी विशेषज्ञता एवं आंकड़ा विश्लेषण प्रदान किया।

महिला अध्ययन विभाग बालिका शिक्षा के क्षेत्र में अनुसंधान अध्ययन तथा विकासात्मक कार्यकलाप संचालित करता है:

1. अ. जाति/जन जाति के साथ-साथ ग्रामीण-शहरी क्षेत्र में नीति बनाने वालों के लिए शैक्षिक तथा समवर्गी सांख्यिकी तथा अन्य सामाजिक साक्ष्य का संग्रह, मिलान तथा विश्लेषण करना।
2. यौन समानता के आनुपातिक मूल्यों तथा स्त्री की सकारात्मक छवि की पहचान तथा इन्हें पाठ्यचर्या, पाठयपुस्तकों एवं अध्यापक-शिक्षा में शामिल करना।
3. कार्य आधारित अनुसंधान एवं कार्य परियोजना को विकसित तथा प्रोत्साहित करना।
4. महिला शिक्षा तथा विकास के क्षेत्र में सलाह देना।
5. बालिका-शिक्षा के प्रति महिलाओं को प्रेरित करना तथा जन सामान्य को सहयोग प्रदान करना।

अनुसंधान और विकासात्मक कार्यक्रम

वर्ष 1990-91 में निम्नलिखित कार्यक्रम तथा कार्य किए गए:

1. व्यावसायिक, तकनीकी एवं वृत्तिक शिक्षा में बालिकाओं एवं महिलाओं के प्रवेश में वृद्धि के उपाय पर राष्ट्रमंडल प्रायोजित अध्ययन।
2. प्रारम्भिक शिक्षा में बालिकाओं की निरन्तरता तथा अनिरन्तरता पर एक राष्ट्रीय अध्ययन।
3. आधार-सामग्री कोष कार्यकलापों को बढ़ाया गया तथा नीति-निर्माताओं, अध्यापकों, शिक्षकों तथा अनुसंधानकर्ताओं के प्रयोग हेतु (शिशु बालिका शिक्षा-1990) पर एक तथ्य-पत्र प्रकाशित किया गया।

4. पाठ्यचर्या तथा पाठ्यपुस्तकों से लिंग संबंधी भेदभाव दूर करने तथा यौन-समानता के आनुपातिक मूल्यों के समावेशन से संबंधित कार्यकलाप किए।
5. पाठ्यचर्या विकास को, पाठ्यपुस्तकों के लेखकों तथा नीति-निर्माताओं के लिए पाठ्यपुस्तकों के संशोधन, उदाहरणात्मक सामग्री के विकास तथा मार्गदर्शी सिद्धान्तों के विकास के अभ्यास।
6. नवाचारी कार्यवाही अनुसंधान परियोजनाओं अर्थात् महाराष्ट्र की मातृ प्रबोधन, योजना, दिल्ली के विद्यालयों में विद्यालय-आधारित कार्यक्रम तथा दिल्ली के मैदानगढ़ी गाँव में क्षेत्र-आधारित कार्य पर अध्ययन।
7. मातृभाषा (हिन्दी) में उदाहराणात्मक सामग्री के विकास पर एक परियोजना चलाई गई तथा "समानता की दिशा में" नामक विषय पर तीन पूरक पाठ्मालाएं तैयार की गई। पूरक पाठ्यमाला के शीर्षक हैं : 1. बेगम हजरत महल, 2. दहेज दावानाल तथा 3. एनीबेसेन्ट।
8. "मानसी परिचय माला" शीर्षक परियोजना के एक भाग के रूप में 14 से 18 वर्ष की आयु वर्ग के लिए पूरक पाठमाला के विकास हेतु राष्ट्रीय तथा क्षेत्रीय भाषाओं के साहित्य में महिलाओं के चित्रण के विश्लेषण हेतु लेखकों के लिए मार्गदर्शी सिद्धान्तों का विकास किया गया।
9. लिंग समानता तथा पाठ्य सामग्री में महिलाओं की शक्ति के नए मूल्यों को शामिल करने के लिए अध्यापकों के प्रयोग हेतु सामग्री कोष निर्माण के लिए राज्य शिक्षा संस्थान, इलाहाबाद तथा दुर्गावती विद्यालय जबलपुर में दो कार्यशालाएं आयोजित की गई।

प्रशिक्षण कार्यक्रम तथा अन्य कार्यकलाप

विभाग ने महिला शिक्षा की प्रावधि तथा विकास पर एक सात सप्ताह का प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया। इस कार्यक्रम ने बालिका शिक्षा के कार्यों में लगे आधारिक स्तर के गैर-सरकारी संगठनों तथा राज्यों में शीर्ष स्तर के शैक्षिक कर्मचारियों, शिक्षाशास्त्रियों, सामाजिक वैज्ञानिकों के बीच बालिका शिक्षा के क्षेत्र में विचारों और अनुभवों के आदान-प्रदान के लिए सम्भावित मंच प्रदान किया।

देश में प्रारम्भिक तथा माध्यमिक सेवा-पूर्व प्रशिक्षण पाठ्यक्रम का विश्लेषण किया गया। हिमाचल प्रदेश ने जे.बी.टी. पाठ्यक्रम में बालिका/महिला शिक्षा पर केन्द्रिक पत्र आरम्भ किया है। इस संदर्भ में विभाग ने उदाहरणात्मक सामग्रियों के विकास में राज्य शैक्षिक अनुसंधान और प्रशिक्षण परिषद्, हिमाचल प्रदेश की सहायता की। इसके अतिरिक्त, मदर टेरेसा महिला विश्वविद्यालय में एक क्षेत्रीय कार्यशाला आयोजित की गई, जिसमें विभिन्न विश्वविद्यालयों के शिक्षा तथा सामाजिक विज्ञान विभागों ने भाग लिया। उन्होंने महिला शिक्षा को विशेष/वैकल्पिक पत्र तथा उनसे संबंधित विषयों के अपने पाठ्यक्रम तथा अनुसंधान कार्य-सूचियों में सम्मिलित किया।

महिला अध्ययन विभाग का एक अन्य महत्वपूर्ण क्षेत्र महिलाओं को बालिका शिक्षा के प्रति प्रेरित करना और जन-सामान्य को सहयोग प्रदान करना रहा है। राज्य शैक्षिक अनुसंधान और प्रशिक्षण परिषद्, सोलन में महिला शिक्षा पर आयोजित कार्यशाला में विभाग को हिमाचल प्रदेश के विभिन्न जिलों के दूरस्थ प्रदेशों से आई 16 महिला मंडलों के कार्यकर्ताओं से आशाप्रद प्रतिक्रियाएं प्राप्त हुई। बालिका शिक्षा की प्रगति हेतु लोगों में जागरूकता उत्पन्न करने तथा इसका प्रचार करने के लिए अध्यापक शिक्षकों तथा संचार माध्यम के कार्यकर्ताओं की दूसरी कार्यशाला भारतीदासन विश्वविद्यालयन, शैक्षिक प्रौद्योगिकी विभाग, तमिलनाडु में आयोजित की गई। लगभग 5000 विद्यार्थियों ने बालिका शिक्षा की विषय-वस्तु पर पोस्टर, बैनर, दृश्य-श्रव्य कार्यक्रम, नुक्कड़ नाटक, नारे, श्लोक तथा कविता प्रतियोगिता में भाग लिया।

महिला अध्ययन विभाग ने रा.शि.सं. तथा सी.आई.ई.टी. के अन्य विभागों के सहयोग से शिशु बालिका के "सार्क" दशक के लिए एक कार्य योजना भी तैयार की। उपरोक्त दर्शाये गए

कार्यकलापों के अतिरिक्त विभाग ने महिला शिक्षा के विकास तथा विस्तार के क्षेत्र में विभिन्न राष्ट्रीय तथा अन्तर्राष्ट्रीय बैठकों तथा सम्मेलनों में भाग लिया तथा कई राष्ट्रीय तथा अन्तर्राष्ट्रीय संगठनों आदि को अपनी विशेषज्ञता प्रदान की। इन बैठकों में प्रमुख हैं, महिला शिक्षा पर अन्तर-शासकीय सार्क सम्मेलन, जो माले, मालद्वीव में हुई, यूनीसेफ अधिकारियों के लिए गंगचो, चीन में प्रशिक्षण कार्यशाला, यूनस्को शिक्षा संस्थान, हैमबर्ग में औपचारिक तथा अनौपचारिक प्राथमिक शिक्षा के बीच अनुपूरकता पर गोल मेज परिषद्, प्राथमिक विद्यालय पाठ्यपुस्तकों में लिंग रूढ़िबद्धता के निष्कासन पर राष्ट्रमंडल विशेषज्ञ समूह की बैठक दिल्ली, एशियन अध्ययन पर बारहवीं अन्तर्राष्ट्रीय विचार-गोष्ठी, हाँगकाँगः शिशु बालिका पर दक्षिण एशिया कार्यशालाएं महिला तथा एड्स पर विश्व स्वास्थ्य संगठन की बैठक।

वर्ष 1990-91 में विभाग द्वारा 19 कार्यशालाएं, अभिविन्यास/प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किए गए। इन कार्यक्रमों का विवरण तालिका 13.1 में दिया जा रहा है।

तालिका 13.1

म.अ.वि. द्वारा 1990-91 में आयोजित कार्यशालाएं, बैठकें, सेमिनार, सम्मेलन, प्रशिक्षण/अभिविन्यास कार्यक्रम

क्रम सं.	*कार्यक्रम का शीर्षक*	*दिनांक*	*स्थान*	*प्रतिभागियों की संख्या*
1.	प्रारम्भिक शिक्षा में बालिकाओं की निरन्तरता अथवा अनिरन्तरता के कारणों का अध्ययन (मा.स.वि. मंत्रालय द्वारा निर्दिष्ट)	16 से 19 अप्रैल, 1990	रा.शै.अ.प्र.प. नई दिल्ली	9
2.	शहरी क्षेत्रों में शैक्षिक संस्थाओं द्वारा बालिकाओं के नामांकन, उन्हें बनाए रखने तथा विकास हेतु किए गए उपायों का स्थैतिक अध्ययन (एक सूक्ष्म अध्यन)	11 मई, 1990	फरीदाबाद	30
3.	शहरी क्षेत्रों में शैक्षिक संस्थाओं द्वारा बालिकाओं के नामांकन, बालिकाओं के नामांकन उन्हें बनाए रखने तथा 1990 विकास हेतु किए गए उपायों का स्थैतिक अध्ययन (एक सूक्ष्म अध्ययन)	14 से 15 जून, 1990	फरीदाबाद	30
4.	रा.शै.अ.प्र.प. पाठ्यपुस्तकों से लिंग संबंधी भेदभाव दूर करने पर कार्यशाला	16 से 17 अगस्त, 1990	रा.शै.अ.प्र.प. नई दिल्ली	17
5.	भारतीय साहित्य में महिलाओं के चित्रण के विषय पर पूरक पाठमाला का विकास	19 से 20 सितम्बर, 1990	मोदीपुरम्	12
6.	उदाहरणात्मक सामग्री का विकास तथा अध्यापक शिक्षा में निवेश	29 अक्तूबर से 2 नवम्बर, 1990	सोलान	60
7.	मातृ-भाषा (हिन्दी) पर उदाहरणात्मक सामग्री का विकास	27 से 31 दिसम्बर, 1990	जबलपुर	15

1990-91

क्रम सं.	कार्यक्रम का शीर्षक	दिनांक	स्थान	प्रतिभागियों की संख्या
8.	रा.शै.अ.प्र.प. पाठ्यपुस्तकों से लिंग संबंधी भेदभाव दूर करना	4 से 5 मार्च, 1991	रा.शै.अ.प्र.प. नई दिल्ली	15
9.	भारत में ग्रामीण बालिकाओं की प्राथमिक शिक्षा के व्यापकीकरण पर उच्च स्तरीय सलाहकार पैनल की बैठक (यूनेस्को एक अध्ययन)			
10.	पाठ्यपुस्तकों में लिंग रुढिबद्धता के बारे में अध्यापकों तथा अध्यापक शिक्षकों को सुग्राही बनाना।	20 से 21 अप्रैल, 1990	मदर टरेसा महिला विश्वविद्यालय कोडईकेनाल	46
11.	राज्यों/संघ शासित क्षेत्रों में महिला समानता-सहयोगी कार्यक्रम हेतु शिक्षा	9 से 13 जुलाई, 1990	फरीदाबाद	36
12.	बालिकाओं तथा महिलाओं के लिए शैक्षिक विकास योजनाओं को चलाने हेतु प्रेरणा के रूप में संस्थानाध्यक्षों हेतु कार्यशाला	19 से 20 जुलाई, 1990	मुजफ्फर नगर	48
13.	मातृ-भाषा में उदारहणात्मक सामग्री की तैयारी हेतु प्रमुख व्यक्तियों का अभिविन्यास	27 से 31 अगस्त, 1990	मद्रास	32
14.	जन-संचार के माध्यम से बालिकाओं की शिक्षा तथा विकास हेतु संदेश तैयार करने के लिए कार्यशाला	7 से 8 अगस्त, 1990	तिरुचिरापल्ली	20
15.	हिमाचल प्रदेश, पंजाब, मध्य प्रदेश, हरियाणा आदि राज्यों में अध्यापक-शिक्षा में निवेश	4 से 5 सितम्बर, 1990	क्षे.शि.म., भोपाल	38
16.	महिला शिक्षा तथा विकास की प्रविधि पर प्रशिक्षण कार्यक्रम	20 अगस्त से 9 अक्तूबर, 1990.	रा.शै.अ.प्र.प. नई दिल्ली	16

1990-91

क्रम सं.	कार्यक्रम का शीर्षक	दिनांक	स्थान	प्रतिभागियों की संख्या
17.	प्रारम्भिक स्तर पर महिलाओं की शिक्षा के लिए महिला मंडलों को शामिल करने के लिए प्रमुख व्यक्तियों को तैयार करना	29 से 31 अक्तूबर, 1990	सोलान	60
18.	मातृ-प्रबोधन परियोजना का मूल्यांकन तथा प्रलेखन	11 से 14 दिसम्बर, 1990	पुणे	35
19.	महिला शिक्षा तथा विकास में अध्ययनों की प्रविधि	20 दिसम्बर, 1990	मैदानगढ़ी दिल्ली	50

चौदह शैक्षिक अनुसंधान और नवाचार का विकास

विद्यालयी शिक्षा और अध्यापक शिक्षा की सभी शाखाओं में अनुसंधान की प्रोन्नति एवं समन्वयन करना परिषद् की प्रमुख गतिविधियाँ हैं। परिषद् अपने विभिन्न घटकों के अतिरिक्त, बाहरी संगठनों को भी वित्तीय सहायता देकर शैक्षिक अनुसंधान को सहायता देती रही है। यह कनिष्ठ अनुसंधान शिक्षा वृत्ति भी प्रदान करती है और अनुसंधान कार्य-प्रणाली पाठ्यक्रम आयोजित करती है, जिससे देश के विभिन्न भागों में सक्षम अनुसंधान कार्यकर्ताओं का एक दल स्थापित हो सके।

अनुसंधान और नवाचार

1974 में स्थापित परिषद् की शैक्षिक अनुसंधान और नवाचार समिति (एरिक) अनुसंधान को सहायता प्रदान करने वाली मुख्य इकाई है। विभिन्न विश्वविद्यालयों तथा अनुसंधान संस्थानों तथा सम्बद्ध विधाओं के प्रतिष्ठित अनुसंधानकर्ता, एस. आई. ई./एस. सी. ई. आर. टी. के प्रतिनिधि, रा. शि. सं. के सभी विभागों/एककों के अध्यक्ष, रा.शै.अ.प्र.प. के सी.आई.ई.टी. तथा क्षेत्रीय शिक्षा महाविद्यालय (आर.सी.ई.) इस समिति के सदस्य हैं। इसके अतिरिक्त रा.शि.सं., सी. आई.ई.टी. और आर.सी.ई. के कुछ चुने हुए प्रोफेसर, इस समिति के स्थायी आमंत्रित सदस्य हैं।

शैक्षिक अनुसंधान और नवाचार समिति (एरिक) शैक्षिक अनुसंधान के प्राथमिकता वाले क्षेत्रों का पता लगाने में सहायता करती है और शिक्षा एवं सम्बद्ध विधाओं में अनुसंधान अध्ययन तथा नवाचार परियोजनाओं के लिए वित्तीय सहायता देती है। शैक्षिक अनुसंधान और नवाचार समिति (एरिक) रा. शै. अ. प्र. प. संकाय के सह-निर्देशन में किए जा रहे पी. एच. डी. कार्य के लिए शिक्षावृत्ति देने के अतिरिक्त पी. एच. डी. शोध प्रबन्ध, शोध-पत्र और मोनोग्राफ की छपाई के लिए भी अनुदान देती है। समय-समय पर शैक्षिक अनुसंधान पर सूचनाओं और विचारों के प्रचार-प्रसार के अतिरिक्त यह समिति शैक्षिक अनुसंधान पर सम्मेलन/बैठकें/संगोष्ठियाँ भी आयोजित करती है।

पूरी की गई अनुसंधान परियोजनाएँ

वर्ष 1990-91 के दौरान शैक्षिक अनुसंधान और नवाचार समिति (एरिक) द्वारा समर्थित 20 अनुसंधान परियोजनाएं पूरी की गईं। इनमें सम्मिलित 15 परियोजनाओं पर परिषद् के विभिन्न घटकों ने तथा 5 परियोजनाओं पर बाहरी अनुसंधान संस्थानों ने कार्य किया। इस वर्ष पूरी की गई अनुसंधान परियोजनाओं का ब्यौरा तालिका 14.1 में दिया गया है:

तालिका 14.1

1990-91 में पूरी की गई अनुसंधान परियोजनाएं

क्रमांक	परियोजना का शीर्षक	अवधि	मुख्य अन्वेषक
1.	नमूने के तौर पर हिमाचल प्रदेश, कर्नाटक, मध्यप्रदेश तथा उड़ीसा राज्यों में माध्यमिक तथा उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के भवनों का गहन अध्ययन	2 वर्ष	श्री एस. सी. मित्तल, मा.मू.स. और आ. प्र. वि. रा. शै. अ. प्र. प.
2.	चार चुनिंदा राज्यों के माध्यमिक और उच्चतर माध्यमिक विद्यालयों में पुस्तकालय सुविधाओं तथा उनके उपयोग का नमूना-अध्ययन	2 वर्ष	डा. सी. एल. कौल, मा.मू.स. और आ. प्र. वि. रा. शै. अ. प्र.प.
3.	विद्यालयों के माध्यमिक तथा उच्च माध्यमिक स्तरों पर अध्यापन सहायता का गहन अध्ययन	2 वर्ष	डा. सतबीर सिंह, मा. मू. स. और आ. प्र. वि. रा. शै. अ. प्र. प
4.	सिद्धान्त, अनुसंधान और यंत्रीकरण का विद्यार्थी अभिगम शैली विश्लेषण	1 वर्ष 6 माह	प्रोफेसर एम. के. रैना, अ. शि. वि. शि. और वि. से. वि. रा. शै. अ. प्र. प.
5.	चुनिंदा माध्यमिक विद्यालयों में विज्ञान प्रयोगशालाओं का अध्ययन	1 वर्ष 10 माह	डा. के. एन. राव, श्री एम. के. गुप्ता मा. मू. स. और आ. प्र. वि. रा. शै. अ. प्र. प.
6.	डायकैलकलीस में तन्त्रिका मनोविज्ञान प्रक्रियाओं तथा तार्किक गणित संरचना का अध्ययन	1 वर्ष	डा. श्रीमती (एस. राम, क्षे. शि. म. मैसूर
7.	सर्जनात्मकता और विचारों का विकास तथा उसे प्रभावी बनाने के लिए अनुदेशी सामग्री का विकास	2 वर्ष	प्रोफेसर एस. एन. त्रिपाठी, क्षे. शि. म. भोपाल
8.	अनुदेशी कार्यक्रमों के लिए एन. एफ. ई., पाठ्यचर्या का अर्थ	1 वर्ष	डा. (कु.) पी. दास गुप्ता, रा. शै. अ. प्र. प.
9.	राजस्थान में इतिहास शिक्षण का आलोचनात्मक सर्वेक्षण	2 वर्ष	डा. वी. के. रैना, क्षे. से. वि. स. वि. रा. शै. अ. प्र. प.
10.	उ. प्र. में विभिन्न व्यवस्थाओं के अन्तर्गत अध्यापक प्रशिक्षण संस्थाओं में अध्यापकों की तैयारी के व्यक्तिगत मूल्यों का तुलनात्मक अध्ययन	1 वर्ष 6 माह	डा. एस. एल. गुप्ता, शै. मनो. प्र. और मा. वि. (एरिक) रा. शै. अ. प्र. प.

1990-91

क्रमांक	परियोजना का शीर्षक	अवधि	मुख्य अन्वेषक
11.	+ 2 स्तर पर पाठ्यक्रमों में व्यावसायिक विद्यार्थियों, कैरियर-व्यवहार तथा उनका समायोजन	3 वर्ष	डा. (श्रीमती) स्वदेश मोहन, डा, (श्रीमती) निर्मल गुप्ता, नी. अनु. नियो. और कार्य विभाग
12.	हि. प्र. के घूमने वाले जनजाति समूह के लिए आवश्यकता आधारित परिस्थिति के अनुसार निर्धारित तथा परिवर्तन अभिमुख शिक्षा- प्रणाली	3 वर्ष	डा. (कु.) (एस. बिसारिया सेवानिवृत्त प्रोफसर महिला अध्ययन विभाग रा.शै.अ.प्र.प.
13.	उच्चतर माध्यमिक अध्यापकों की गतिशीलता पैटर्न तथा व्यावसायिक वचन बद्धता—एक मार्गदर्शी अध्ययन	2 वर्ष	डा. (कु.) एस. बिसारिया सेवानिवृत्त प्रोफेसर महिला अध्ययन विभाग, रा.शै.अ.प्र.प.
14.	बालिकाओं की शिक्षा का आवश्यकता आधारित व्यावसायीकरण	2 वर्ष	डा. (कु.) एस. विसारिया, सेवानिवृत्त प्रोफेसर महिला अध्ययन विभाग, रा.शै.अ.प्र.प.
15.	पर्यावरण और स्थानीय संसाधनों का इस्तेमाल करने वाले माध्यमिक तथा उच्चतर माध्यमिक स्तरों के लिए वनस्पति आधारित प्रयोगों का विकास	2 वर्ष	प्रोफेसर एस. भट्टाचार्य, क्षे.शि.म. भुवनेश्वर
बाहरी परियोजनाएं			
1.	अनौपचारिक विज्ञान शिक्षा का अन्वेषण, सस्ती संसाधन सामग्री का विकास	2 वर्ष	प्रोफेसर ए. एम. घोष कलकत्ता
2.	प्रवेश-स्तर की विशिष्टताएं, अभिगम आवश्यकताएं तथा अनौपचारिक शिक्षार्थियों के व्यावसायिक हित का अध्ययन	2 वर्ष	श्री अच्युतानंद प्रवक्ता, उड़ीसा
3.	सामाजिक आर्थिक स्तर तथा समाज के कमज़ोर तबके से संबंधित धर्म में व्यवसाय पर बल देना	2 वर्ष	डा. कु. आभा रानी विष्ट, अल्मोड़ा
4.	हिन्दी में भाषा सर्जकता के विकास पर शिक्षण की साइनेक्टिक्स पद्धति का प्रभाव	6 माह	डा. एस. पी. मल्होत्रा, रीडर, कुरूक्षेत्र
5.	विभिन्न प्रेरक स्थितियों में उत्सुकता के रूप में सीखने का कार्यक्रम	2 वर्ष	डा. देवेन्द्र श्री वास्तव, उन्नाव

चालू परियोजनाएं

इस वर्ष राष्ट्रीय शैक्षिक अनुसंधान और प्रशिक्षण परिषद् के विभिन्न घटकों ने छः तथा बाहरी अनुसंधान संस्थानों ने सत्रह अनुसंधान परियोजनाओं पर कार्य जारी रखा। इन चालू अनुसंधान परियोजनाओं का ब्यौरा तालिका 14.2 में दिया गया है।

तालिका 14.2

1990-91 में चालू अनुसंधान परियोजनाएं

क्रमांक	*परियोजना का शीर्षक*	*मुख्य अन्वेषक*
विभागीय परियोजनाएं		
1.	विज्ञान में छात्र उपलब्धि को बढ़ाने हेतु शिक्षण कार्यनीति का विकास	प्रोफेसर एन. बैद्य, शै. मनो. परा. और मा. रा. शै.म.प्र.प.
2.	प्राथमिक विद्यालय के बच्चों (उ. प्र.) के शैक्षिक विकास पर शैक्षिक टेलीविजन कार्यक्रम के प्रभाव का अध्ययन	श्री एस. के. बत्रा, शै. मनो. परा. और मा. रा. शै. अ. प्र. प.
3.	विद्यालय तथा कक्षा के वातावरण में विद्यार्थियों के व्यावहारिक प्रबन्ध को कुछ कार्यों पर अध्यापकों का प्रारम्भिक सर्वेक्षण	डा.एस.पी. सिन्हा नी.अनु.नि.और. का. विभाग, रा.शै.अ.प्र.प.
4.	निजी तथा सार्वजनिक विद्यालयों में अतंर तथा विद्यालय उपलब्धि पर उनके प्राभाव का विश्लेषण	डा.एम.ए.खादर, क्षे.शि.म. मैसूर
5.	विज्ञान की सार्वजनिक समझ का एक अन्वेषण	प्रोफेसर जे.के. स्टूड, क्षे.शि.म.मैसूर
6.	संघटित व्यवस्था में अपंगों को सीखने की संकल्पना के लिए तैयार की गई और अपनाई गई अनुदेशी सामग्री के प्रभाव का प्रयोगात्मक अध्ययन	डा. (श्री मती) पी.एल. शर्मा क्षे.शि.म., मैसूर
बाहरी परियोजाएं		
1.	असमानता : बिहार में महिलाओं के पिछड़ेपन के कारण, प्रकृति तथा संख्या	प्रोफेसर आर.पी. सिंह, पटना

1990-91

क्रमांक	परियोजना का शीर्षक	मुख्य अन्वेषक
2.	विद्यालयी छात्रों के लिए स्वायत्त सृजनात्मकता संवर्धन कार्यक्रम तैयार करने तथा कार्यक्रम के प्रभाव का मूल्यांकन करने के लिए एक अध्ययन	प्रोफेसर जे.एम. मंडल, कलकत्ता
3.	केरल त्रिवेन्द्रम में लागू की गई नवोदय विद्यालय योजना का समीक्षात्मक मूल्यांकन	डा. हरी दास
4.	अध्यापन शिक्षण प्रणाली के विकास में नाटक का प्रयोग	डा. (श्रीमती) प्रभजोत कुलकर्णी, दिल्ली विश्वविद्यालय, दिल्ली
5.	भाषा प्रवीणता तथा व्यावहारिक सूचना प्रक्रिया पर एक विकासात्मक दृष्टि	श्रीमती, मेघमाला राजगुरू, पुणे
6.	विद्यालय जाने वाले छात्रों में अवसर की संकल्पना का विकास	डा.बी.के. शर्मा, गोरखपुर, विश्वविद्यालय, गोरखपुर
7.	तमिलनाडु में प्राथमिक स्तरों पर देखने में असमर्थ बच्चों के विकास की संकल्पना का अध्ययन	डा. एम.एन.जी. मणि, कोयम्बटूर
8.	ग्रामीण महिलाओं के सोचने की प्रक्रिया एवं उनके सृजनात्मकता का मूल्यांकन	डा.डी.वाई. पूर्णेकर पुणे
9.	विकलांग बच्चों के पाठ्यक्रम का विकास तथा मूल्यांकन	डा. (श्रीमती) प्रेरणा मोहित, महाराष्ट्र विश्वविद्यालय बड़ोदरा
10.	कनिष्ठ माध्यमिक तथा उच्च माध्यमिक विद्यालयों के लिए शिक्षण के आधार रूप में पायनेट का सिद्धान्त—एक प्रयोगत्मक अध्ययन	डा. (श्रीमती) अनूपूनिया उदयपुर (राजस्थान)
11.	विद्यालय अध्यापकों के साधन स्रातों प्रतिक्रियाओं तथा अनुकरण संसाधनों पर जोर दिए जाने के लिए इनका अध्ययन	डा. एस. उषा श्री त्रिपुटी
12.	मानसिक रूप से विकलांग बच्चों की शिक्षा तथा प्रबन्ध अनेक अभिभावकों के योगदान का स्तर तथा इसका विद्यार्थियों की कुछ मूलभूत दक्षताएं प्राप्त करने में कितना हाथ है इसका अध्ययन	डा.मर्सी. अब्राहम त्रिवेन्द्रम

क्रमांक	परियोजना का शीर्षक	मुख्य अन्वेषक
13.	गणित में वस्तु परक प्रश्न सीखने के परिणाम का अध्ययन	डा.जे.पी. श्रीवास्तव, मेरठ
14.	समाज में शैक्षिक तथा सामाजिक तौर पर सुविधाविहीन बच्चों की पहचान मे अध्ययन की तैयार	डा. सरोज सक्सैना, रीडर, आगरा
15.	प्रथम पीढ़ी में शिक्षुओं में शिक्षण के लिए स्वतः संकल्पना, आकांक्षा तथा तत्परता के स्तर का अध्ययन	डा.एन.एस. डोंगा राजकोट
16.	प्राथमिक स्तर की (मातृ भाषा मराठी) भाषा पाठ्यपुस्तकों में बहरे बच्चों की शिक्षण समस्याओं को समझने तथा उनमें भाषा के प्रयोग की पूरक व्याख्यात्मक अनुदेशात्मक सामग्री के विकास का अध्ययन	श्रीमती वैजयन्ती डी. लिली. नासिक
17.	विद्यालय-पूर्व बच्चों के लिए निर्धारण जांच बिन्दु का मानकीकरण	श्रीमती वीणा मिस्त्री

रा.शि.सं. व्याख्यान माला

शैक्षिक अनुसंधान को प्रोत्साहन देने, प्रसारित करने और शैक्षिक अनुसंधान पर विचारों का आदान-प्रदान करने के प्रयास के रूप में परिषद् अनुसंधान और शिक्षा में रुचि रखने वालों के लाभ के लिए विदेश और भारत के विख्यात शिक्षाविदों और अनुसंधानकर्ताओं की वार्ता/व्याख्यान को रा.शि.सं. व्याख्यान माला के अन्तर्गत आयोजित करती रही है। रा.शि.सं. व्याख्यान माला के अन्तर्गत विभिन्न विषयों पर वार्ता देने के लिए दो श्रेष्ठ शिक्षाविदों को आमंत्रित किया गया, जैसाकि तालिका 14.3 में दर्शाया गया है।

तालिका 14.3

1990-91 में रा.शि.सं. व्याख्यान माला के अन्तर्गत दी गई वार्ता

क्रम सं.	वक्ता का नाम	विषय	तारीख
1.	प्रोफेसर जीव कॉक सिनक्लेयर, कम्युनिटी कॉलेज यू.एस.ए.	मानव जांच तथा अनुसंधान विधियाँ	18 जनवरी, 1991
2.	प्रोफेसर हरोल्ट ई. चिथम, पैनीसिलवेनिया राज्य विश्वविद्यालय	छात्रों के विकास में संस्थागत तथा मनोवैज्ञानिक व्यावसायिकों की भूमिका	8 फरवरी, 1991

1990-91

एरिक की बैठकें

अनुसंधान के जो प्रस्ताव परिषद् अपने घटकों और अन्य संस्थानों से प्राप्त करती है, उनका मूल्यांकन और जांच श्रेष्ठ शिक्षाविदों की एरिक की एक उप-समिति द्वारा किया जाता है। इस वर्ष प्राप्त परियोजनाओं की जांच परख के लिए एरिक उप-समिति की दो बैठकें हुई। इन बैठकों के अतिरिक्त, जुलाई, 1990 तथा मार्च, 1991 में उप समिति की बैठक की सिफारिशों तथा एरिक के अन्य कार्यों पर विचार करने के लिए एरिक की बैठकें हुई।

अनुसंधान कार्यविधि पाठ्यक्रम/ कार्यशालाएं

एरिक अनुसंधान कार्यविधि के नए नमूने पर आधारित शैक्षिक अनुसंधान की कार्यविधि में एक अल्पकालिक नियमित पाठ्यक्रम चलाती है। अनुसंधान कार्यविधि पाठ्यक्रम स्तर-1 उन एम.फिल/ पी.एच.डी. छात्रों के लिए है, जो विभिन्न भारतीय विश्वविद्यालयों तथा सम्बद्ध शैक्षिक संस्थानों में पंजीकृत हैं, तथा प्रशिक्षण महाविद्यालयों/एन.सी.ई.आर.टी./ एस.आई.ई. के उन अध्यापक प्रशिक्षकों के लिए भी है जो शैक्षिक अनुसंधान कार्यों में लगे हो।

अनुसंधान कार्यविधि पाठ्यक्रम स्तर-2 अनुसंधान निर्देशकों तथा उन अन्य लोगों के लिए है जिन्होंने शैक्षिक अनुसंधान के संचालन में सक्षमता का एक निश्चित स्तर स्थापित कर लिया है।

अनुसंधान कार्यविधि पाठ्यक्रम तथा एरिक द्वारा आयोजित संगोष्ठी के संबंध में संक्षिप्त सूचना तालिका 14.4 में दी जा रही है:

तालिका 14.4

क्रम सं.	*आयोजित पाठ्यक्रम*	*तारीख*	*स्थान*
1.	अनुसंधान कार्यविधि पाठ्यक्रम स्तर-1	9 से 16 जून, 1990	उत्तर-पूर्व हिल, विश्वविद्यालय, शिलांग
2.	अनुसंधान कार्यविधि पाठ्यक्रम स्तर-2	24 सितम्बर से 5 अक्टूबर, 1990	टी.टीटी.आई. मद्रास
3.	अनुसंधान कार्यविधि पाठ्यक्रम स्तर-3	19 से 24 नवम्बर, 1991	क्षे.शि.म. भुवनेश्वर
4.	शिक्षा में अनुसंधान कार्यविधि पर राष्ट्रीय संगोष्ठी	25 से 28 फरवरी, 1991	शिक्षा विभाग, सौराष्ट्र विश्वविद्यालय, राजकोट, गुजरात

शैक्षिक अनुसंधान और नवाचारों का पाँचवाँ सर्वेक्षण

शैक्षिक अनुसंधान और नवाचारों के पाँचवें सर्वेक्षण की परियोजना की स्थापना एन.सी.ई.आर.टी. में की गई तथा एरिक के अनुसंधान और नवाचारों पर सूचना के एकत्रीकरण तथा संकलन तथा बाद में निरन्तर एवं नियमित गतिविधियों के रूप में सर्वेक्षणों के प्रकाशन की जिम्मेदारी ली।

सर्वेक्षण में जनवरी, 1988 से दिसम्बर 1992 तक पाँच वर्षों

का समय दिया गया है। इस सर्वेक्षण में शिक्षा एवं संबद्ध/समकक्ष क्षेत्रों तथा मनोविज्ञान, समाज विज्ञान, अर्थशास्त्र, संचार, जन-संचार आदि के क्षेत्र में किए गए विभिन्न स्तरों पर शैक्षिक प्रक्रिया से संबंधित देश के विभिन्न विश्वविद्यालयों द्वारा किए गए स्वतंत्र अनुसंधानों पी.एच.डी. शोध प्रबंध एवं नवाचारों के सारांश को शामिल किया जाएगा।

सर्वेक्षण के लिए 28 अगस्त, 1990 को हुई सम्पादकीय बोर्ड की प्रथम बैठक में कुछ मुद्दों जैसे सामान्य सम्पादकत्व, विषय-वस्तु, प्रारूप-शैली, तथा परिचालन कार्यपद्धति पर निर्णय लिया गया।

विभिन्न विश्वविद्यालयों एवं संस्थाओं द्वारा किए गए अनुसंधानों के सारांश कुछ चुने हुए विश्वविद्यालय के प्रोफेसरों एवं रीडरों जो संस्थागत स्तर पर संपर्क व्यक्ति के रूप में कार्य करते हैं, द्वारा एकत्र किया जा रहा है। इसी बीच एक प्रबंध शीर्षक "शैक्षिक अनुसंधान और नवाचारों का पाँचवाँ सर्वेक्षण : एक विस्तृत रूप रेखा" जिसमें परियोजना का ब्यौरा दिया गया है, प्रकाशित किया जा रहा है।

कनिष्ठ अनुसंधान शिक्षावृत्ति

रा.शै.अ.प्र.प. में डॉक्टरेट हेतु अनुसंधान कार्य करने के लिए कनिष्ठ अनुसंधान शिक्षावृत्ति का कार्यक्रम है इस समय राष्ट्रीय शिक्षा संस्थान (एन.आई.ई.) नई दिल्ली में एक अनुसंधान कर्ता अपने पी.एच.डी. कार्यक्रम के लिए कार्य कर रहा है।

विश्वविद्यालयों को ज्यादा से ज्यादा सक्रिय रूप से शामिल करने के लिए रा.शै.अ.प्र.प. ने भारतीय विश्वविद्यालयों एवं नामित विश्वविद्यालयों से अनुरोध किया है, कि वे अपने यू.जी.सी, सी.एस.आई.आर. और राष्ट्रीय परीक्षा उत्तीर्ण अभ्यार्थियों को रा.शै.अ.प्र.प. के संकाय सदस्यों के अधीन पी.एच.डी. पंजीकरण एवं सह-निर्देशन की सुविधाओं के आश्वासन के साथ उनकी सिफारिश करें।

शैक्षिक अनुसंधान पर इन-हाउस ग्रुप की बैठक

रा.शि.सं. संकाय की इन-हाउस ग्रुप की दो बैठकें वर्ष 1990-91 में आयोजित की गई। इन बैठकों में रा.शै.अ.प्र.प. में शैक्षिक अनुसंधान की प्रगति में आने वाली कुछ समस्याओं पर विचार-विमर्श हुआ तथा उनके समाधान एवं स्थिति को सुधारने के उपाय सुझाये गये।

प्रचार

एरिक, अनुसंधान मोनोग्राफ श्रृंखला शीर्षक "व्हाट रिसर्च सेज टू टीचर्स" प्रकाशित करता है। इसी संदर्भ में, सितम्बर तथा अक्तूबर, 1990 में मैसूर विश्वविद्यालय तथा क्षे.शि.म., मैसूर के सहयोग से अनेक कार्यशालाएं तथा कार्यसमूह की बैठकें आयोजित की गई। प्रबन्ध की हस्तलिपि "कोगनीटिव प्रोसेस इन लर्निंग" शीर्षक से तैयार की गई।

भारत रत्न बाबा साहब अम्बेडकर एवं भारतीय समाज में असमानता को विशेष रूप से शिक्षा के क्षेत्र में, को दूर करने के लिए कार्यनीतियों पर राष्ट्रीय संगोष्ठी।

मानव संसाधन विकास मंत्रालय (शिक्षा विभाग) भारत सरकार के अनुरोध पर बाबा साहब अम्बेडकर के शताब्दी समारोह के एक भाग के रूप में रा.शै.अ.प्र.प., नई दिल्ली में 18 तथा 19 दिसम्बर, 1990 को बाबा साहब अम्बेडकर एवं "भारतीय समाज में असमानता, विशेष रूप से शिक्षा के क्षेत्र में, को दूर करने की कार्यनीतियों" पर एक राष्ट्रीय संगोष्ठी आयोजित की गई।

संगोष्ठी में भारतीय समाज में असमानता को विशेष रूप से शिक्षा के क्षेत्र में, को दूर करने के लिए महत्वपूर्ण संस्तुतियों की गई। संगोष्ठी की रिपोर्ट मुद्रित हो रही है।

पी.एच.डी. शोध प्रबन्ध/मोनोग्राफ का प्रकाशन

एरिक की सहायता से 1990-91 के दौरान प्रकाशित पी.एच.डी शोध प्रबंध/प्रबंध का ब्यौरा तालिका 14.5 में दिया जा रहा है।

1990-91

तालिका 14.5

क्रम सं.	शोध प्रबंध का शीर्षक	लेखक का नाम
1.	सैल्फ-लर्निंग इन बायलोजी	डा. नजमा सिद्दीकी, दिल्ली
2.	सेंटर-स्टेट रिलेशन्स इन दा फील्ड ऑफ एजुकेशन इन इंडिया	डा. एन.राय डी.एम. स्कूल, क्षे.शि.म., भुवनेश्वर
3.	नॉन-फॉमर्स एजूकेशन इन गढ़वाल रीजन	डा.प्रेम लाल भट्ट, गढ़वाल
4.	क्रिएटिविटी एंड एडजस्टमैन्ट ऑफ एडोलेसेन्ट्स	डा. उमेश चन्द, अग्रवाल
5.	साईंटिफिक टैम्पर एंड एजूकेशन	डा.हेम लता सिंह कानपुर
6.	आर.सी.ई.बी. टूल्स फॉर सेकेन्ड्री क्लास स्टूडेन्ट्स	डा.बी.पी. आनन्द, भुवनेश्वर
7.	इफेक्टिवनेस ऑफ मॉडल ऑफ टीचिंग	डा. श्रीनिवास पांडे जौनपुर, उ.प्र.
8.	त्रुशियन विश्लेषण और सुधार	डा. राजेश कुमार, दिल्ली
9.	रीजनिंग एबिलिटीज एंड एचीवमैन्ट्स इन मैथेमेटिक्स	डा. ए.डी. तिवारी. भुवनेश्वर
10.	मेथड्स ऑफ टीचिंग पापुलेशन एजूकेशन	डा.आर.पी. कथूरिया, भोपाल
11.	सैल्फ-लर्निंग इन बायलाजी	डा. नजमा नसीम सिद्दीकी दिल्ली
12.	क्रिएटिविटी एंड रोशाक इन इंडियन कौनटैक्सट	डा. जनक वर्मा एन.सी.ई.आर.टी.

1990-91

1990-91 में पी.एच.डी. शोध प्रबन्ध/मोनोग्राफ के प्रकाशन में सहायता के लिए अनुमोदन किया गया इनका विवरण तालिका 14.6 में दिया गया है।

तालिका 14.6

क्रम.सं.	शोध प्रबन्ध/मोनोग्राफ का शीर्षक	लेखक का नाम
1.	ए फैक्टोरल स्टडी ऑफ रीजनिग एबिलिटी ऐट द ऐज ऑफ 14+	डा.के.पी.गर्ग, एन.सी.ई.आर.टी
2.	ए स्टडी ऑफ टीचर्स इफेक्टिवनेस एंड इट्स कोरीलेट्स ऐट हायर सेकेन्डरी स्टेज इन इस्टर्न यू.पी.	डा. राम सेवक सिंह जौनपुर, उ.प्र.
3.	डेवलपमैन्ट ऑफ ए सैल्फ लर्निंग मैटीरियल फॉर सीनियर सेकेन्डरी बायलोजी एंड अनेलेसिस ऑफ इट्स इफेक्टिवनेस	डा.नजमा नसीम सिद्दीकी, दिल्ली
4.	डेवलपमेन्ट ऑफ मैमोरी एंड कैटेगराइजेशन स्किलस इन स्कूल एंड अनस्कूल्ड चिल्ड्रेन्स	डा.बी.एस पाधी सम्बलपुर, उड़ीसा
5.	द इफेक्ट ऑफ टीचर लेड, सैल्फ लर्निंग पीयर ग्रुप डिसकशन एंड मास मीडिया एप्रोचेस ऑफ टीचिंग पॉपुलेशन एजूकेशन टू क्लासेस 9 ऐंड 10 आन नॉलिज, एटीट्यू इस एंड बिलीफ्स ऑफ द स्टूडैन्टस अबाउट पॉपुलेशन एक्सप्लोशन इन इंडिया	डा.आर.पी. कथूरिया भोपाल
6.	फैक्टर्स रिलेटस टू क्रिएटिविटी	डा. (कु.) कुसुम शर्मा
7.	ए कमपेरेटिव स्टडी ऑफ द दफेक्टिवनेस ऑफ थ्री एप्रोचेस ऑफ इन्सट्रक्शन, कन्वैंशनल रेडियो, विजन एंड माडयूलर एप्रोच आन द एचीवमेन्ट आफ स्टूडैन्ट्स इन सोशल स्टडीज	डा. नीलम धमीजा अम्बाला कैन्ट हरियाणा
8.	ए काम्प्रीहैन्सिव रिसर्च प्रोजेक्ट ऑन आइडैन्टिफिकेशन ऑफ स्पेसिफिक टीचिंग स्किलसः डेवल मैन्ट ऑफ इन्सट्रक्शनल मैटीरियल रिलेटेड टू हिन्दी टीचिंग	डा.डी.एल. शर्मा सरदार शहर, राजस्थान

1990-91

क्रम. सं.	शोध प्रबन्ध/मोनोग्राफ का शीर्षक	लेखक का नाम
9.	शंकराचार्य व समकालीन भारतीय शिक्षण दार्शनिकों की शैक्षिक विचारधारा का तुलनात्मक अध्ययन	डा. कुसुम लता, राठौर, सीतापुर, उ.प्र.
10.	ए स्टडी ऑफ डेवलपिंग परफॉरमेन्स क्राइटेरिया एंड टेस्टिंग देयर एफीकेंसी इन ट्रेनिंग स्टूडेन्टस टीचर्स इन ए टीचिंग स्किल्स क्लसटर	डा. ए.एन.जोशी कोल्हापुर
